संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 01 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ध्यान मंडपम में ध्यान करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 150 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 1 जून से बदलने वाले हैं कई नियम, आधार कार्ड में अपडेट और डीएल से जुड़े नियमों में होंगे परिवर्तन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हर नए महीने में कई वित्तीय नियम बदल जाते हैं। एक जून 2024 से भी नियमों में बदलाव हो होने वाला है। चिलचिलाती गर्मी के बीच जून महीने में रसोई गैस सिलेंडर, बैंकों की छुट्टियां, आधार कार्ड में अपडेट और ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़े नियमों में परिवर्तन होने वाले हैं। इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। आइए जानते हैं एक जून से कौन-कौन से नियम बदलने वाले हैं

**एलपीजी सिलेंडर समेत अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में हो सकता है बदलाव:** हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडर समेत अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें नए सिरे से तय की जाती हैं। पेट्रोलियम कंपनियां इसका एलान महीने के आखिरी दिन मध्यरात्रि को करती हैं। ऐसे में उम्मीद है कि 1 जून 2024 को पेट्रोलियम कंपनियां एलपीजी समेत पेट्रोल डीजल की कीमतों में बदलाव कर सकती है। इससें पहले मई में, पेट्रोलियम कंपनियों ने वाणिज्यिक (कमर्शियल) सिलेंडरों की कीमतों में कटौती की थी। जून में भी सिलेंडर की कीमतों में परिवर्तन हो जाए तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। एक जून से लंबे समय से स्थिर रहे

**वित्तिय नियम**

▶▶ 1 जून 2024 को पेट्रोलियम कंपनियां एलपीजी समेत पेट्रोल डीजल की कीमतों में बदलाव कर सकती है

पेट्रोल डीजल की कीमतों में भी बदलाव दिख सकता है। हालांकि कीमतें बदलेंगी या नहीं इस पर स्थिति 31 मई 2024 की मध्य रात्रि तक ही साफ हो सकेंगी।

**ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आरटीओ का चक्कर लगाने से मिलेगी निजात:** 1 जून से नए




परिवहन नियम लागू हो रहे हैं। नए महीने से ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने के लिए आरटीओ में ही टेस्ट देना अनिवार्य नहीं रह जाएगा। ऐसे में ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट पास करने की प्रक्रिया अब आसान होने की उम्मीद है। एक जून से आप सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त निजी संस्थानों में भी ड्राइविंग टेस्ट दे सकते हैं। इससे लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट देने के लिए आरटीओ का चक्कर लगाने से निजात मिल जाएगी।

**ट्रैफिक नियम सख्त होंगे:** नए याताया नियमों के तहत ट्रैफिक नियमों को और कड़ा किया जा रहा है। 18 साल से कम उम्र के लोगों पर ट्रैफिक नियम के उल्लंघन करने या उनके वाहन चलाने पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस रद्द तो किया ही जाएगा इसके साथ-साथ 25 साल तक नया लाइसेंस भी जारी नहीं किया जाएगा। अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है। तेज गति से गाड़ी चलाने वाले पर 1000 रुपये से 2000 रुपये, बिना लाइसेंस गाड़ी चलाने पर 500 रुपये, हेलमेट न पहनने पर 100 रुपये और सीट बेल्ट नहीं पहनने पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

**14 जून तक मुफ्त में कर सकेंगे आधार अपडेट:** यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी यूआईडीएआई के अनुसार, अगर आपने 10 साल से अपना आधार कार्ड अपडेट नहीं किया है तो 14 जून तक आप ऐसा फ्री में कर सकते हैं। यूआईडीएआई पोर्टल पर 14 जून 2024 तक आधार कार्ड अपडेट करने की प्रक्रिया मुफ्त है। अगर आप 14 जून के बाद अपना आधार कार्ड अपडेट करवाते हैं तो आपको इसके लिए कुछ शुल्क चुकाना पड़ सकता है। आप अपने आधार कार्ड को घर बैठे या आधार कार्ड सेंटर पर जाकर भी अपडेट करवा सकते हैं। अगर आप आधार कार्ड केंद्र पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवाते हैं तो आपको 50 रुपये शुल्क के तौर पर चुकाना होगा। वहीं, यूआईडीएआई पोर्टल पर जाकर खुद से आधार कार्ड अपडेट करने पर फिलहाल कोई शुल्क नहीं चुकाना पड़ा है।

**जून महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक:** जून महीने में बकरीद, वट सावित्री व्रत समेत अलग-अलग पर्व त्योहारों के मौके पर सार्वजनिक और साप्ताहिक छुट्टियां के चलते कई दिन बैंक बंद रहने वाले हैं।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।"

## रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन में रखा अपना एक लाख किलो सोना भारत वापस मंगाया

**नई दिल्ली:** भारत के केंद्रीय बैंक ने ब्रिटेन से 100 मीट्रिक टन (1 लाख किलोग्राम) से थोड़ा अधिक सोना अपने घरेलू वॉल्ट में स्थानांतरित कर दिया है। सूत्रों के हवाले से शुक्रवार को यह खबर दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार 1991 के आर्थिक संकट के बाद पहली बार इतने सोने को ब्रिटेन से भारत मंगाया गया है। भारत को 1991 में आर्थिक संकट के दौरान अपना सोना विदेशों में गिरवी रखना पड़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले महीनों में देश में इतनी ही मात्रा में और कीमती धातु आ सकती है, यह कदम लॉजिस्टिक कारणों और विविध भंडारण के लिए उठाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास मार्च के अंत तक 822.10 टन सोना था, जिसमें से 408.31 टन सोने को घरेलू स्तर पर यानी देश में रखा गया है। बाकी सोना विदेशों में रखे गए हैं।

# पीएम मोदी के 'ध्यान' पर भड़की कांग्रेस

● खरगे ने कहा- आपके ड्रामा का खर्च कौन उठाएगा आस्था है तो घर पर करें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में हैं। वे यहां तीन दिन विवेकानंद मेमोरियल में ध्यान करेंगे। इस पर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजनीति में धर्म को नहीं लाना चाहिए। राजनीति और धर्म अलग-अलग विषय है। पीएम मोदी वहां कन्याकुमारी में क्या ड्रामा कर रहे हैं, वहां करीब 10 हजार लोग हैं। यह देश के पैसे की बर्बादी है। देश में आचार संहिता लागू है। इसका खर्च कौन उठाएगा। अगर आपको इतनी ही आस्था है तो आप अपने घर पर यह काम करें। अपनी जेब से खर्च उठाएं।

**भगवा कुर्ते और गमछा में दिखे पीएम मोदी:** बता दें, पीएम मोदी के ध्यान का आज दूसरा दिन है। उन्होंने सुबह सूर्योदय के समय उन्होंने सूर्य को अर्घ्य दिया। पीएम मोदी के ध्यान का एक वीडियो सामने आया है, वीडियो में पीएम मोदी भगवा कुर्ता और गमछे में दिख रहे हैं। वे स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष बैठकर ध्यान कर रहे हैं। उनके हाथों में माला है और



### मोदी भारत के उत्थान के लिए प्रार्थना कर रहेः केशवन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई:** देश में सातवें चरण के मतदान की प्रचार अवधि खत्म होने के बाद पीएम मोदी कन्याकुमारी पहुंच गए। वहां समंदर में बनी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे यानी एक जून की शाम तक ध्यानमग्न रहेंगे। उइस बीच भाजपा नेता सीआर केशवन ने कहा कि पीएम मोदी व्यक्तिगत मोक्ष के लिए नहीं बल्कि भारत के उत्थान के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वर्तमान में पीएम मोदी कन्याकुमारी में हमारी भारत माता के चरणों में ध्यान और प्रार्थना कर रहे हैं। पीएम मोदी व्यक्तिगत मोक्ष के लिए नहीं बल्कि भारत के उत्थान के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।'

ओम की आवाज गूंज रही है। इस ध्यान मंडपम की खास बात यह है कि यह वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद ने देश भ्रमण के बाद तीन दिनों तक ध्यान किया था। यहीं उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी।

**एक दिन पहले कन्याकुमारी पहुंचे थे:** पीएम मोदी गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिखे। उन्होंने

**मोदी निशाने पर**

▶▶ राजनीति और धर्म अलग-अलग विषय है। पीएम मोदी वहां कन्याकुमारी में क्या ड्रामा कर रहे हैं: खरगे

ऑफ-व्हाइट रंग का शॉल ओढ़ रखा था। कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। बता दें, आम चुनाव का प्रचार थमने के बाद पीएम मोदी हर बार आध्यात्मिक यात्रा पर जाते हैं और 2019 के चुनाव प्रचार के बाद वे केदारनाथ गए थे और साल 2014 में वे शिवाजी महाराज से संबंधित प्रतापगढ़ गए थे। पीएम मोदी पर निशाना साधने के अलावा, उन्होंने कहा कि आरक्षण छीनने का कोई सवाल ही नहीं है। आरक्षण एससी और एसटी समुदाय के लोगों को उनकी आबादी के अनुसार दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि पीएम मोदी गुजरात से हैं। गुजरात का व्यक्ति यह कहता है कि मैं महात्मा गांधी को नहीं जानता तो मैं क्या कहूं।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला व केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल शुक्रवार को आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंचे।

## जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली में पानी की समस्या** को लेकर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी दिए जाने का निर्देश देने की मांग की गई है। दिल्ली सरकार ने याचिका में भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कहा है कि दिल्ली में पानी की जरूरत बढ़ गई है। ऐसे में देश की राजधानी में पानी की जरूरत पूरा करना सबकी जिम्मेदारी है।

## मेरे प्राण चले जाएं तो गम मत करना: केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि 2 जून को मुझे सरेंडर करना है। वह 2 जून को अपने आपको सरेंडर करने के लिए घर से 3 बजे निकलेंगे। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें जेल में जनता की चिंता होती है। जेल के अंदर से भी दिल्ली के काम चलते रहेंगे। दिल्ली के काम नहीं रुकने देंगे। उन्होंने अपने परिवार के मांगा है कि उनके माता-पिता के लिए प्रार्थना करें। उनके माता-पिता की तबियत सही नहीं रहती है। केजरीवाल ने आगे कहा कि मुझे जेल में इन्सुलिन नहीं दी गई थी। जिससे मेरी किडनी और लिवर में असर हुआ है। जेल में 50 दिन के अंदर उनका वजन घटा है। 74 किलो से 64 किलो वजन हो गया है। डॉक्टर ने इसे बड़ी बीमारी का संकेत बताया है। सीएम ने कहा कि 2 जून को मैं वापस तिहाड़ जेल चला जाऊंगा। इस बार मैं कब तक जेल में रहूंगा, इसका नहीं पता, लेकिन मेरे हौंसले बुलंद हैं। जब मैं जेल में था तो मुझे कई तरह से प्रताड़ित किया गया। दिल्ली सीएम ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने मुझे चुनाव-प्रचार करने के लिए 21 दिन की मौहलत दी थी। परसो मैं वापस तिहाड़ जेल चला जाऊंगा। देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं, इस बात का



**सरेंडर की तारीख**

▶▶ परसों सरेंडर करूंगा, जेल में मुझे प्रताड़ित करने की फिर कोशिश होगी, दिल्ली के काम नहीं रुकने देंगे

मुझे फक्र है। इन्होंने मुझे कई तरह से तोड़ने, झुकाने और चुप करने की कोशिश की लेकिन ये लोग सफल नहीं हुए। इन्होंने मेरी दवाईयां रोक दीं। जेल में इन्होंने कई दिन मेरे इंसुलिन के इंजेक्शन बंद कर दिए।

मैं जेल में 50 दिन था, इन 50 दिनों में मेरा 6 किलो वजन कम हो गया। डॉक्टर कह रहे हैं कि ये शरीर में किसी बड़ी बीमारी का भी संकेत हो सकता है। आप अपना ख्याल रखना। आप खुश रहेंगे तो आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा।'

## पीओके हमारा नहीं है', पाक का बड़ा कबूलनामा!

**टीम एक्शन इंडिया**

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान ने पीओके को लेकर खुद की ही पोल खोल दी है। दरअसल, इस्लामाबाद हाईकोर्ट में पाकिस्तान के एक सरकारी वकील ने ही चौंकाने वाला दावा किया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को पाकिस्तान आजाद कश्मीर कहता है, जिसपर अब उसने बड़ा बयान दिया है। भारत इसे अपना अभिन्न अंग मानता है। प्रॉसिक्यूटर जनरल (सरकारी वकील) इस्लामाबाद से अगवा कवि अहमद फरहाद को लेकर सरकार का बचाव कर रहे थे, तभी उन्होंने कहा कि वो 'आजाद कश्मीर' में 2 जून तक रिमांड पर रहेंगे। इस्लामाबाद कोर्ट के सामने पेश नहीं किया जा सकता क्योंकि आजाद कश्मीर हमारा नहीं बल्कि एक विदेशी क्षेत्र है।

**हाईकोर्ट ने भी किया सवाल:** हाईकोर्ट भी सरकारी वकील के दावे पर हैरान हुआ और उसने कहा कि अगर "आजाद कश्मीर" एक विदेशी क्षेत्र है, तो फिर पाकिस्तानी रेंजर्स यहां पाकिस्तान से कैसे प्रवेश कर गए।

## चौथी तिमाही में 7.8% रही विकास दर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: सांख्यिकी और कार्यक्रम** कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अपनी पिछली मौद्रिक नीति समीक्षा में किए गए जीडीपी से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। पूरे वित्तीय वर्ष 2024 की बात




करें तो सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह 8.2% रहा। इसे पिछली तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) में जीडीपी वृद्धि दर 8.4% रही थी। जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही में वृद्धि दर 7.6% थी। वित्तीय वर्ष 2023-2024 की चौथी तिमाही के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए गए। कई प्रमुख वित्तीय संस्थानों ने जीडीपी दर की घोषणा के पहले विकास दर पिछली तिमाही की तुलना में मार्च तिमाही में धीमी पड़ने के अनुमान जताए थे। पहली तिमाही में भी भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। अर्थव्यवस्था को केंद्र की ओर से पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में बड़े पैमाने पर किए गए इजाफे और लगातार दो कमजोर तिमाहियों के बाद मांग में तेजी आने का लाभ हुआ था।

**वोट डालें** निर्वाचन विभाग ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुना के लिए सभी प्रबंध पूरे कर लिए हैं और सभी मतदान पार्टियां अपने-अपने गंतव्य पर पहुंच गई

## हिमाचल: लोस चुनाव और 6 विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान आज

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा (लोस) और विधानसभा की छः सीटों पर कल यानि एक जून को मतदान होगा। निर्वाचन विभाग ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी प्रबंध पूरे कर लिए हैं और सभी मतदान पार्टियां आज अपने-अपने गंतव्य पर पहुंच गई हैं। इस बीच चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशी घर-घर जाकर अपनी जीत पक्की करने में जुटे हुए हैं जबकि हिमाचल आए राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक प्रदेश से बाहर चले गए हैं। हिमाचल प्रदेश में चार संसदीय सीटों और



विधानसभा की छह सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में 62 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। इसमें प्रदेश की चार संसदीय सीटों पर 37 उम्मीदवारों के बीच चुनावी जंग है जबकि विधानसभा की 6 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में 25 प्रत्याशी अपना राजनीतिक भाग्य आजमा रहे हैं। कांगड़ा संसदीय सीट पर 10 उम्मीदवार चुनाव

**तैयारी पूरी**

▶▶ 62 प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का होगा फैसला, प्रदेशभर में धारा 144 लागू

मैदान में है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र 12 उम्मीदवारों के बीच चुनावी रण है। मंडी संसदीय सीट पर 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। शिमला संसदीय क्षेत्र में सबसे कम 5 प्रत्याशियों के बीच में चुनावी मुकाबला है।

हिमाचल में स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाने लिए प्रदेशभर में धारा 144 लागू हो है। इसके तहत एक स्थान पर 5 से ज्यादा लोग इके नहीं हो सकेंगे। इसकी इजाजत केवल मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में ही होगी, वह भी केवल वोटिंग के लिए लाइनों में खड़े लोगों और कानून एवं व्यवस्था में तैनात कर्मियों को होगी।

मतदान की प्रक्रिया को सुचारू रूप से निपटाने के लिए 55 हजार के करीब अधिकारी और कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश में कुल 5711969 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## इंडी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे शरद-फारूक-महबूबा-अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विपक्षी गठबंधन की एक जून को होने वाली बैठक के लिए कांग्रेस के निमंत्रण को सभी दिग्गजों ने स्वीकार किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कि ममता बनर्जी चुनावी व्यस्तताओं के कारण बैठक का हिस्सा नहीं होंगी, लेकिन उनकी पार्टी का प्रतिनिधि मौजूद रहेगा। बैठक में राहुल गांधी, शरद पवार, सपा से अखिलेश यादव, राजद से तेजस्वी यादव, पीडीपी से महबूबा मुफ्ती, नेकां से फारूख अब्दुल्ला, डीएमके से टीआर बालू, झारखंड मुक्ति मोर्चा से चंपई सोरेन और कल्पना सोरेन




शरीक होंगे। शिवसेना यूबीटी से उद्धव ठाकरे देश से बाहर हैं, लिहाजा उनका प्रतिनिधि शामिल होगा। वहीं, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आम आदमी पार्टी से अरविंद केजरीवाल के अलावा सहयोगी पार्टियां हिस्सा होंगी। बैठक में मतगणना तैयारियों और फार्म 17

**एकजुट**

▶▶ विपक्षी गठबंधन की एक जून को होने वाली बैठक के लिए कांग्रेस के निमंत्रण को सभी दिग्गजों ने स्वीकार किया

सी को लेकर कार्यकर्ताओं को सचेत किया जाएगा।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, बहुमत तय होने के बाद सभी सहयोगी दल 48 घंटे से भी कम समय में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का चयन कर लेंगे।

# आग की भेंट चढ़ा झंडूता के बरवाड़ क्षेत्र का जंगल

**राख हुए**

**आग की भेंट चढ़ गया। आग से लाखों की वन संपदा के साथ कई जंगली जीव-जंतु जलकर राख हो गए**

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: वन** परिक्षेत्र झंडूता का बरवाड़ जंगल वीरवार को आग की भेंट चढ़ गया। आग से लाखों की वन संपदा के साथ कई जंगली जीवण्जंतु जलकर राख हो गए। गेहड़वीं व बड़ोल देवी के साथ लगते जंगल बरवाड़ में दोपहर करीब 2 बजे आग लगने की घटना घटी। स्थानीय ग्राम पंचायत जांगला के उप प्रधान अमर नाथ कौंडल ने बताया कि



आग लगने की सूचना मिलते तुरंत से दमकल विभाग उप केंद्र झंडूता को सूचित किया गया।

आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग उप केंद्र झंडूता के प्रभारी राजेश कुमार रघु अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और चारों तरफ से लगी आग को बुझाने में डट गए। हालांकि आग से कई बीघा जंगल जल कर राख हो गया। आग के कारण वन परिक्षेत्र झंडूता के तहत अधिकतर जंगल आग की भेंट चढ़ चुके हैं। सैकड़ों बीघा जंगलों में आग की कई घटनाएं घट चुकी हैं। इससे करोड़ों रुपये की वन संपदा के साथ नई जंगलों में तैयार हो रही नई पौध और हजारों जंगली जानवरों सहित उनकी नई प्रजनन आग की भेंट चढ़ गई है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों के मकान, पशुशाला और दुकानों को आग से बचा लिया गया।

# उपायुक्त चंबा ने मतदान को लेकर किए गए प्रबंधन का किया खुलासा

**हामिद**

**चंबा: उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा ने एक प्रेस वार्ता करके मतदान की तैयारी को लेकर किए गए प्रबंधों का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि इस बार जिला चंबा के कल 409 227 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में जिला चंबा में 68ः मतदान हुआ था जो प्रदेश में सबसे कम था इस बार प्रयास किए गए हैं कि मतदान का प्रतिशत 75 प्रतिशत तक पहुंचे। मुकेश रिपावल ने कहा कि कुल 631 मतदान केदो में से 194 ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां पैदल सफ र तय करना पड़ता है तथा उसके लिए भी तैयारी पुख्ता की गई है तथा कई पार्टियों तो अपने गंतव्य तक पहुंच भी



चुकी हैं तथा कुछ आज मूव करेंगे। 68 मतदान केंद्र ऐसे हैं जहां नेटवर्क न होने के चलते वायरलेस सिस्टम का प्रबंध किया गया है । कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि धारा 144 लगा दी गई है तथा 20 अति संवेदनशील मतदान केदो में आईटीबीपी की तैनाती की गई है।

उन्होंने कहा कि मतदान के बाद चुराह तथा चंबा निर्वाचन क्षेत्र कि ईवीएम मशीनें पहली जून को ही स्ट्रांग रूम में पहुंचा दी जाएगी जबकि भरमौरए भटियात तथा डलहौजी कि ईवीएम मशीनें 2 जून 10 बजे तक स्ट्रांग रूम में पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की व्यवस्था तथा सुरक्षा मैं पहले लेयर में आइटीबीपी, दूसरी में स्टेट आर्म्ड फ ोर्स तथा तीसरी में स्थानीय पुलिस की तैनाती की गई है।

# संयुक्त किसान मंच हिमाचल भाजपा का करेगा बहिष्कार : अनिंदर

**विरोध**

**हिमाचल के 27 किसानों संगठनों का साँझा मंच है। भारतीय किसान यूनियन हिमाचल में घटक संगठन है**



**एसपी जैरथ**

**नाहन: हिमाचल** प्रदेश में 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में संयुक्त किसान मंच हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का बहिष्कार करेगी। पांवटा साहिब में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय किसान नेता अनिंदर सिंह नौटी ने कहा कि सयुंक्त किसान मंच जो हिमाचल के 27 किसानों संगठनों का साँझा मंच है। भारतीय किसान यूनियन हिमाचल में घटक संगठन है। दोनों के वरिष्ठ सदस्य और राष्ट्रीय किसान नेता अनिंदर सिंह नौटी और उनके दर्जनों किसान साथियों द्वारा पांवटा साहिब में एक राज्य स्तरीय वार्ता को संबोधित किया गया। हिमाचल के सभी किसान संगठनों ने भाजपा के किसान बागवान विरोधी फैसलों और किसानो पर की गई बर्बरता पूर्ण कार्यवाहियों के कारण नो वोट फ ॉर बीजेपी अभियान फिर से चला दिया है। राष्ट्रीय किसान नेता अनिंदर सिंह नौटी ने बताया कि हिमाचल में पहले भी बाइ इलेक्शन के दौरान इस अभियान और नारे का व्यापक असर देखने को मिला था और भाजपा सभी सीट हार गई थी। इस बार भी पूरे हिमाचल में किसान बागवान भाजपा को सबक सिखाने के मूड में हैं। भाजपा ने ना तो अतीत की गलती को सुधारने का कोई प्रयास किया, ना पश्चाताप। जिसका जीता जागता उदाहरण उस अजय मिश्रा टेनि को लखीमपुर खीरी से फि र से टिकट देना है जिसके बेटे ने किसानो को अपनी जीप तले रोंद कर मार दिया। वही कंगना को मंडी से प्रत्याशी बनाया, जिसने किसानो का सरेआम उपहास उड़ाया। भाजपा का चुनाव घोषणा पत्र किसानो को लेकर खाली है, चाहे वो हिमाचल का किसान है या किसी दूसरे प्रदेश का।

# मालगी ग्राम के प्रधान ने सरकारी हैंड पंप पर जड़ा ताला

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** एक तरफ तो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों को घर द्वार पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने की बात कही जाती है, दूसरी और आलम यह है कि रेणुका विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मालगी के वार्ड नंबर 3 के ग्रामीण पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं। जानकारी के मुताबिक गतम पंचायत मालगी के वार्ड नंबर 3 अनुसूचित जाति बस्ती के लोगों का कहना है कि उन्हें कई दिनों से पीने का पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि एक तरफ तो भीषण गर्मी पड़ रही है, दूसरी तरफ ग्राम पंचायत प्रधान ने सरकारी हैंड पंप पर ताला जड़ दिया है। यही नहीं मजेदार बात तो यह है कि प्रधान द्वारा सरकारी हैंडपंप पर न केवल प्राइवेट मोटर लगाई है, बल्कि हैंड पंप पर ताला भी जड़ दिया है, ताकि ग्रामीण पानी के लिए तरस जाए। बताते हैं कि सत्ता पक्ष से संबंध रखने वाले ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा अनुसूचित जाति बस्ती के लोगों को पानी से इसलिए वंचित कर दिया, क्योंकि वह लोग सत्ता पक्ष के साथ नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि इस बारे में कई बार संबंधित विभाग को भी अवगत करवाया गया है, लेकिन विभाग भी मूकदर्शक बनकर रह गया है। ग्रामीणों का कहना है की सरकार द्वारा एक तरफ तो जल जीवन मिशन के तहत घर द्वार पर लोगों को नल के माध्यम से पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# भाजपा मोदी के नेतृत्व में फिर जीत का हैट्रिक बनाएंगे :सुरेश

## लोकतंत्र के इस पर्व में आप सभी मतदाता बढ़-चढकर अपनी सहभागिता दर्ज करवाएंः सुरेश



**दावा**

**गठबंधन का सत्य जनता के बीच रखने का कार्य इस इंडी गठबंधन को करना चाहिए**

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** भाजपा एक बार फिर अपनी जीत को लगातार बरकरार रखते हुए जीत की हैट्रिक लगाएगी और प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार देश का नेतृत्व करेंगे। भाजपा लोकसभा सांसद व शिमला संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में आप सभी मतदाता बढ़-चढकर अपनी सहभागिता दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन केन्द्र में इक्के होने का दावा करते है जबकि प्रांतीय स्तर पर एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे है। जनता को भ्रमित करने की बजाय अपने गठबंधन का सत्य जनता के बीच रखने का कार्य इस इंडी गठबंधन को करना चाहिए। यह ठगबंधन एक साथ चुनाव लड़ते हैं, जबकि जनता के सामने लड़ाई का दिखावा करते हैं। भाजपा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से भ्रष्टाचार के गुर सीखे हैं और अब ये पार्टी भी भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई है। सांसद कश्यप ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब को नशा मुक्त करने का वादा किया थाए लेकिन सत्ता में आते ही नशे को अपनी कमाई का साधन बना लिया है। भाजपा का कहना है कि पंजाब का नकारात्मक प्रभाव हिमाचल प्रदेश पर भी पड़ रहा है। दिल्ली का शराब घोटाला अब पूरी दुनिया जान चुकी है। दिल्ली से लेकर पंजाब और हिमाचल तक इनके कारनामे सभी के सामने आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमने एक संकल्प लिया है कि दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का आरक्षण किसी को भी छीनने नहीं देंगे। उन्हांने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी गठबंधन भाजपा की इस कोशिश से नाराज हैं और उनका ट्रैक रिकॉर्ड एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनने का रहा है। कश्यप ने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी संविधान और बाबा साहब अंबेडकर की भावना का अपमान कर रहे हैं।

# पेयजल का दुरुपयोग किया तो कटेगा कनेक्शन

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर**

**गोहरः गर्मी** के मौसम में पेयजल समस्या से निपटने के लिए जलशक्ति विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल शक्ति विभाग उप मंडल गोहर के तहत पेयजल का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। पेयजल का उपयोग गृह निर्माण व अन्य निर्माण कार्यो में करन, पेयजल का उपयोग सिंचाई कार्यो में करने व जरूरत से ज्यादा पेयजल का भंडारण करने वालों के बिना नोटिस दिए पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। गोहर उपमंडल के अंतर्गत कई पंचायतें ऐसी हैं जहां पर पेयजल योजना के जलस्त्रोतों में पानी की काफी ज्यादा कमी हो गई है। विभाग को पेयजल सप्लाई करने की समस्या पेश न आए इसके लिए उक्त निर्णय लिया गया है। जलशक्ति विभाग ने इसके लिए उपमंडल स्तर पर सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियताओं की अगुआई में टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें हर पंचायतों के गांवों में जाकर सुबह व शाम औचक निरीक्षण करेंगी। उधर जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता दत्त राम ने बताया कि जहां भी पानी का दुरुपयोग पाया गया तो उस नल के कनेक्शन को मौके पर ही काट दिया जाएगा।

# सरकार मेरे परिवार को बना रही निशानाः रवि ठाकुर

**अंगारिया**

**केलांगः लाहुल** स्पीति से विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने मृकुला देवी मंदिर उदयपुर में माथा टेकने के बाद मीडिया को जारी एक बयान में कहा कि प्रदेश सरकार मेरे परिवार को बार बार निशाना बना रही है। उन्होंने कहा कि वीरवार रात मेरी बेटी रिया ठाकुर की गाड़ी को निशाना बना कर, तीन जगहों पर उसको रोक कर अपमानित किया। सत्ता के गुलाम प्रशासन ने जहां जहां गाड़ी रोकी तीन जगहों में कहीं पर भी महिला पुलिस उपस्थित नहीं थी फि र भी रिया के गाड़ी को चेक किया गया, उसके सामानों को सडक पर फेंका गया। गुंडागर्दी की यह हद रही कि पुलिस द्वारा जलोढी पास पर घंटो मेरी बेटी



को बिना किसी वजह रोक कर रखा गया। उन्होंने कहा कि जनता लाहौल-स्पीति की बेटी के साथ इसे दुर्व्यवहार का जवाब देगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ इसलिए की मैं सुक्खू सरकार की तानाशाही के विरुद्ध भाजपा का प्रत्याशी हूं? रवि ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को जंगलराज की ओर धकेला जा रहा है।

मुझे और मेरे परिवार के हर सदस्य को बार बार लगातार टॉर्चर किया जा रहा है। मेरे सहयोगियों का फोन ट्रेस किया जा रहा है, मेरे घर को तोड़ दिया गया, मुझ पर तीन-तीन बार हमला करवाया, सभी जगह मेरे खिलाफ बागी-दागी के पर्चे बंटवाए गए। क्या हिमाचल में भाजपा का

**आरोप**

**रवार रात मेरी बेटी रिया ठाकुर की गाड़ी को निशाना बना कर, तीन जगहों पर उसको रोक कर अपमानित किया**

कार्यकर्ता होना कोई गुनाह है। सत्तालोलुप नेता को इतनी परेशानी है तो मुझे टारगेट कर, मेरी परिवार को या मेरे रिश्तेदार को निशाना बना कर कुछ हासिल नहीं होने वाला। मैं भी इस प्रदेश का नागरिक हूं और प्रदेश के सभी नागरिकों के साथ आदर्श व्यवहार होना चाहिए, जोकि यह सरकार नहीं कर रही, अपितु कुंठित राजनीति कर रही है।

# 54 बच्चों से 49 ने पास की अग्निवीर परीक्षा

**संगराय**

**जोगिंद्रनगर : माइंड** ऑपरेशन अकादमी जोगिंद्रनगर, पधर और चौंतड़ा से 49 बच्चों ने अग्निवीर की परीक्षा पास कर बड़ी सफलता हासिल की है। निर्देशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा इसका श्रेय बच्चों की मेहनत और अध्यापकों की लगन को जाता है। अकादमी की ओर से जो जो भी दिशा-निर्देश अध्यापकों और बच्चों को दिए गए थे उन सभी दिशा निर्देशों का अध्यापको तथा छात्रों ने पालन किया जिसकी वजह से आज अकादमी में कुल 54 बच्चों में से 49 बच्चों ने अग्नि वीर की परीक्षा पास की है। जिसमे अंकित राठौर, शिवम राठौर पीयूष कटोच, साहिल, सचिन ठाकुर, सौरभ, आर्यन,



आदित्य, दक्ष चौहान, विशाल नायक, अमन ठाकुर, विकास कुमार, सुनील, अक्षित, गुमान सिंह, प्रदीप कुमार, पंकज, आदित्य ठाकुर, मुनीश, आर्यन ठाकुर, अंकित ठाकुर विशाल भोज, धर्मेंद्र ठाकुर, सक्षम राव, अजीत कुमार, अभय, कार्तिक गोस्वामी, सनी ठाकुर, अंशुल, सचिन कुमार, पियूष ठाकुर, अरुण, विवेक, अंकुश गोस्वामी, मनजीत, बॉबी, लक्ष्य, अर्णव, रोहित राव, पियूष गोस्वामी, लव कुमार, अमन, अनुराग, साहिल, रोहित कुमार, सुधीर ठाकुर,

**सफलता**

**निर्देशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा इसका श्रेय बच्चों की मेहनत और अध्यापकों की लगन को जाता है**

विनय, साहिल और रोहित कुमार शामिल है।

निर्देशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि अकादमी में लगातार मेडिटेशन मोटिवेशन और काउंसलिंग कक्षाएं भी बच्चों को सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ दी जाती है जिससे बच्चों का आगे बढने के लिए मनोबल हमेशा सकारात्मक बना रहता है।

# स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान करवाना सुनिश्चित करें बीएलए : हरिकृष्ण

**चमन शर्मा**

**शिमला:** प्रदेश कांग्रेस पार्टी उपाध्यक्ष हरिकृष्ण हिमराल ने आज पार्टी मुख्यालय राजीव भवन में एक अहम बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी ब्लॉक अध्यक्षों और बूथ एजेंट से दूरभाष पर बातचीत कर उनसे मतदान तैयारियों को लेकर रिपोर्ट मांगी। साथ ही एक जून को होने वाले मतदान के लिए सक्रियता से जिम्मेदारी निभाने के कड़े निर्देश दिए। हिमराल ने कहा कि बूथ लेवल पर किसी भी तरह की समस्या आने पर तुरंत हेडक्वार्टर शिमला को सूचित करें ताकि पारदर्शिता के साथ मतदाता अपने लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल कर सकें। हिमराल ने कहा कि मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने में



हर प्रकार की मदद करना सुनिश्चित करें। हिमराल ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित बैठक में वॉर रूम, मीडिया कॉर्डिनेटर, लीगल सेल और सोशल मीडिया के पदाधिकारियों की प्रचार चुनाव में निभाई भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लोकसभा और

**दिशा निर्देश**

**साथ ही एक जून को होने वाले मतदान के लिए सक्रियता से जिम्मेदारी निभाने के कड़े निर्देश दिए**

विधानसभा चुनाव में सभी पदाधिकारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही। सभी सदस्यों ने अपने-अपने स्तर पर जो भी योगदान उसका परिणाम कांग्रेस पार्टी को चुनाव में जीत के रूप में मिलेगा। हरिकृष्ण हिमराल ने सभी पदाधिकारियों की पीठ थपथपाई और कल होने वाले मतदान और 4 जून को होने वाली मतगणना में इसी ऊर्जा और उत्साह के साथ काम करने की अपील की। हिमराल ने वॉर रूम से जुड़े सभी सदस्यों के काम काज पर संतोष जताया। बैठक में कांग्रेस लीगल सेल ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उलंघन करने पर भाजपा के नेताओं के खिलाफ दर्जनों शिकायतें चुनाव आयोग में दर्ज करवाई। लीगल सेल ने चुनाव के दौरान अपने किए गए कार्यों का ब्यौरा उपाध्यक्ष के समक्ष रखा।

हरिकृष्ण हिमराल ने कहा कि सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत और मतदाताओं के सहयोग से कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश के सभी 6 उपचुनाव और लोकसभा की चारों पर ऐतिहासिक जीत करेगी।

# तंबाकू निषेध दिवस पर पोस्टर व स्लोगन गतिविधियों का किया गया आयोजन

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** डीएवी पब्लिक स्कूल आवासीय शाखा बरमाना में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा सातवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक के बच्चों के लिए पोस्टर व स्लोगन गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका वात्सायन ने बच्चों को तंबाकू व नशे के भयंकर परिणामों से अवगत कराते हुए कहा कि तंबाकू व नशे का सेवन करने से शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ता है। नशा करने या तंबाकू का सेवन करने से फेफ ड़ों का कैंसर, मुंह का कैंसर, पेट का कैंसर आदि बीमारियां होती हैं। पाचन क्रिया प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त तंबाकू के धुएं से वायु प्रदूषण भी बढ़ता है जिससे

**जागरूक किया**

**नशे के भयंकर परिणामों से अवगत कराते हुए कहा कि तंबाकू व नशे का सेवन करने से शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ता है**

त्वचा रोग संबंधित बीमारियां होती हैं। प्रधानाचार्या ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सन 1987 से प्रति वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाने का आग्रह किया था ताकि विश्व के समस्त देश लोगों को इसके भयंकर परिणामों से अवगत करवाएं और जीवन के साथ-साथ इस ग्रह को भी सुरक्षित रख सकें। प्रधानाचार्या




ने इस वर्ष 2024 के बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना की थीम के बारे में बच्चों को अवगत कराते हुए कहा कि इसके अनुसार हमारा कर्तव्य भावी पीढ़ी की रक्षा और तंबाकू की खपत में निरंतर कमी सुनिश्चित करना है। इस मौके पर तंबाकू निषेध व नशा निवारण पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बरमाणा क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली।

इस रैली में कक्षा सातवीं से लेकर कक्षा दसवीं तक के समस्त बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने तंबाकू का नशा, अनमोल जीवन की दुर्दशा, जन जन का है यही नारा, नशा मुक्त हो समाज हमारा, जन जन की यही पुकार, नशे का करो बहिष्कार, आदि नारे बोलकर समस्त इलाका वासियों को नशे और तंबाकू जैसी निषेध वस्तुओं से दूर रहने, इनका सेवन और उत्पादन न करने का संदेश दिया।

# मतदान के लिए जिला के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से पोलिंग पार्टियां रवाना

**हामिद**

**चंबा:** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 जून को होने वाले मतदान के लिए जिला के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से पोलिंग पार्टियां अपने पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना हो गई है। उन्होंने बताया कि चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत 123 पोलिंग पार्टियों में से 121 आज रवाना हो चुकी हैं तथा महिला कर्मियों युक्त दो पोलिंग पार्टियां 31 मई को रवाना होगी। चंबा विधानसभा क्षेत्र के तहत सभी 122 पोलिंग पार्टियां, डलहौजी



विधानसभा क्षेत्र के तहत सभी 113 तथा भट्टियात विधानसभा के तहत सभी 121 पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहत उप मंडल पांगी के अंतर्गत सभी 39 पोलिंग पार्टियां रवाना कर

**निष्पक्ष**

**भरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहत उप मंडल पांगी के अंतर्गत सभी 39 पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई हैं**

दी गई हैं, जबकि उपमंडल भरमौर के तहत 109 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया है। दो महिला कर्मियों युक्त, एक युवा कर्मियों युक्त तथा एक दिव्यांग कर्मियों युक्त मतदान पार्टियों को 31 मई को रवाना किया जाएगा।

# लाहौल-स्पीति में 25 हजार 273 मतदाता अपने मत का करेंगे प्रयोग

## लाहौल स्पीति के 92 मतदान केंद्रों में पहुंची मतदान पार्टियां सभी आवश्यक प्रबंध पूरे : उपायुक्त

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के 92 मतदान केंद्रों में मतदान पार्टियां सुरक्षित पहुंच गई है और वोटिंग कंपार्टमेंट स्थापित करने सहित सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए हैं, सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मीडिया कर्मियों को जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 व विधानसभा उपचुनाव के लिए एक जून को मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के




अतिरिक्त भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 12 अन्य दस्तावेजों में से किसी एक को अपने पहचान पत्र के रूप में मतदान के समय प्रस्तुत करने को अधिकृत किया है। उन्होंने बताया कि इनमें भारतीय पासपोर्ट, ड्राइविंग लाईसेंस, सेवा पहचान पत्र, राज्य, सार्वजनिक उपक्ष्म एवं पब्लिक लिमिटिड कंपनियां, पासबुक फ ोटो सहित बैंक, डाकघर द्वारा जारी, पैन कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी, एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, पेंशन दस्तावेज फ ोटो सहित, सरकारी पहचान पत्र सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधार कार्ड अथवा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी यूनिक डिस, बिलिटी आईडी कार्ड में से कोई भी एक दस्तावेज मान्य होगा। राहुल कुमार ने जिलावासियों से आग्रह किया है कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन को लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान प्रतिशतता को भी आगे बढ़ाएं।

**महापर्व**

**अपने कर्तव्य के निर्वहन को लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान प्रतिशतता को आगे बढ़ाएं**

# अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रतियोगिता**

**अशोक ने तंबाकू निषेध दिवस पर स्कूल द्वारा की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इनाम दिए**



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष पर कुल्लू कन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मानवीय कल्याण संस्था द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के डॉक्टर वैद्य और डॉ अशोक कुमार एजीम मलाना पॉवर कंपनी मानवीय कल्याण संस्था के निदेशक दीपक शर्मा एवं बोर्ड के सदस्य ईश्वर कटोच भी मौजूद रहे। कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक निदेशक सुरेश कुमार ने सभी का टोपी और शाल से इनका स्वागत किया। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के डॉक्टर वैद्य ने बच्चों को तम्बाकू के कुप्रभाव व उसके बच्चों को होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से संवाद भी किया और बच्चों के मन में उठ रहे तरह तरह के प्रश्नों का भी उन्होंने उत्तर दिया। उन्होंने सभी बच्चों से एक विशेष अपील की आप भी नशे से दूर रहें। मलाणा पावर कंपनी के एजीएम अशोक कुमार ने तंबाकू निषेध दिवस पर स्कूल द्वारा की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इनाम दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### वी ने नेटफ्लिक्स के साथ की सामरिक साझेदारी नेटफ्लिक्स के साथ अपने यूजर्स के लिए लाया ढेरों अनूठी पेशकश

**शिमला:** जाने-माने टेलीकॉम ऑपरेटर वी ने आज ग्लोबल स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाता नेटफ्लिक्स के साथ साझेदारी की घोषणा की है-इसके साथ कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं के लिए मनोरंजन की पेशकश को और अधिक मजबूत बना लिया है।इस साझेदारी के तहत वी के यूजर अपनी पसंद की किसी भी डिवाइस-मोबाइल, टेलीविजन या टैबलेट पर सर्वश्रेष्ठ स्ट्रीमिंग के साथ विश्वस्तरीय मनोरंजन का लाभ उठा सकेंगे।वर्तमान में वी अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए नेटफ्लिक्स की पेशकश लेकर आया है और जल्द ही पोस्टपेड प्लान्स के साथ भी इन सेवाओं का लॉन्च करेगा। ढेरों लोकल एवं ग्लोबल स्टोरीज के साथ, भारत में नेटफ्लिक्स ने हाल ही में अपने पावर-पैक्ड 2024 लाईनअप की घोषणा की हे, जिसके तहत दर्शकों के लिए फिल्मों एवं सीरीज की व्यापक रेंज पेश की गई है।वी नेटफ्लिक्स बेसिक सब्सक्रिप्शन के साथ अनलिमिटेड कॉल्स एवं डेटा से युक्त दो नए अनलिमिटेड प्रीपेड पैक लेकर आया है, जिसके द्वारा यूजर अपने मोबाइल एवं टीवी पर नेटफ्लिक्स देख सकते हैं।आज, वी रु 100 से भी कम आकर्षक कीमत पर प्रीपेड प्लान्स के साथ नेटफ्लिक्स बेसिक प्रोपोजिशन लाने वाला एकमात्र टेलीकॉम ऑपरेटर है।उपरोक्त फायदों के अलावा 84 दिनों के वेलिडिटी प्रोडक्ट्स के साथ रीचार्ज करने वाले उपभोक्ता अन्य फ्लैगशिप फायदों जैसे डेटा डिलाइट, नाईट बिंज और वीकेंड डेटा रोल-ओवर का लाभ उठा सकते हैं।

### ट्रूकॉलर के एक्टिव यूजर्स की संख्या 400 मिलियन के पार पहुँची

**शिमला:** ट्रूकॉलर ने अपने मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या के 400 मिलियन तक पहुँचने की घोषणा की है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। दुनिया के अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में ट्रूकॉलर का दायरा बड़ी तेजी से बढ़ रहा है और इस साल 31 मार्च से अब तक इसके यूजर्स की संख्या में 10.1 मिलियन की बढ़ोतरी हुई है। ट्रूकॉलर के सह-संस्थापक एवं सीईओ, एलन ममेदी, कहते हैं कि हमारे मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या 400 मिलियन तक पहुँच गई है और यकीनन यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है। लेकिन हम इस बात को भी अच्छी तरह समझते हैं कि, ट्रूकॉलर जैसे समाधान अब पहले से कहीं ज्यादा आवश्यक हो गए हैं। बदकिस्मती से आम लोगों के साथ-साथ व्यवसायों के लिए भी अनचाहे संचार, स्पैम और धोखाधड़ी की समस्या बढ़ रही है। नई-नई टेक्नोलॉजी के साथ-साथ धोखेबाजों के लिए लोगों को झांसा देकर पैसे कमाने के बढ़ते अवसर की वजह से यह समस्या और गंभीर होती जा रही है। इसलिए हमने अपने ऐप को लगातार विकसित करना और नए फंक्शंस को शामिल करना जारी रखा है, ताकि हम अपने यूजर्स को फोन कॉल या एसएमएस से पहले, उसके दौरान और उसके बाद सुरक्षा प्रदान कर सकें। साल 2024 की पहली तिमाही के आंकड़ों के अनुसार, ट्रूकॉलर उनके मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या औसतन 383.4 मिलियन दर्ज की गई थी, जबकि तिमाही के अंत में मासिक एक्टिव यूजर्स की संख्या 389.9 मिलियन हो गई थी।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बोर्ड ने प्रेफरेंशियल इश्यू के जरिए 3200 करोड़ रुपये जुटाने को मंजूरी दी

**शिमला:** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने एक मजबूत और लाभदायक व्यवसाय मॉडल के साथ एक मजबूत नींव रखी है। बैंक को जमा राशि जुटाने में मजबूत प्रगति देखने को मिल रही है जिसमें वित्त वर्ष 2024 में कस्टमर डिपॉजिट्स राशि में वित्त वर्ष 2023 की तुलना में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बैंक को हाई एसेट क्वालिटी के साथ ऋण वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण आगामी अवसर भी दिखाई दे रहे हैं। बैंक की ओवरआल एसेट क्वालिटी अच्छी बनी हुई है जिसके तहत 31 मार्च 2024 तक जीएनपीए 1.88 प्रतिशत और एनएनपीए 0.60 प्रतिशत है। रिटेल,रूरल और एसएमई फाइनेंस बुक में 31 मार्च 2024 तक ग्रॉस और नेट एनपीए क्रमश 1.38 प्रतिशत और 0.44 प्रतिशत पर काफी कम बने हुए हैं।इसके अलावा बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने प्रस्तावित आवंटियों को प्रेफरेंशियल इश्यू के माध्यम से इक्विटी शेयर जारी करने और आवंटित करने के लिए बैंक के शेयरधारकों की मंजूरी लेने के लिए पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है। साथ ही बोर्ड ने प्रेफरेंशियल इश्यू के लिए शेयरधारकों की मंजूरी लेने के लिए जारी किए जाने वाले ड्राफ्ट पोस्टल बैलेट नोटिस को भी मंजूरी दे दी है।आवंटन के बाद बैंक के जारी की गई और पेड.अप इक्विटी शेयर पूंजी रुपए 10/ प्रत्येक पूर्ण पेड.अप इक्विटी शेयरों के 7077276843 से बढ़कर रुपए 10/ प्रत्येक पूर्ण पेड.अप इक्विटी शेयरों के 7474151443 हो जाएगी।

# महिला और दिव्यांग कर्मियों का दल मतदान केन्द्रों को रवाना



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: सहायक निर्वाचन अधिकारी** एवं एसडीएम मंडी ओम कांत ठाकुर ने बताया कि मंडी विधानसभा के मतदान केन्द्र खलियार-2, सुहड़ा-2 और पड्डल-2 मतदान केन्द्रों के लिए महिला कर्मियों के दो दल और एक दिव्यांग मतदान कर्मियों का दल रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि खलियार-2 का मतदान केन्द्र केन्द्रीय विद्यालय खलियार, सुहड़ा-2 मतदान केन्द्र ब्वायज स्कूल मंडी और पड्डल-2 मतदान केन्द्र राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में स्थापित किया गया है। खलियार-2 और सुहड़ा-2 मतदान केन्द्र में महिला मतदान कर्मी डयूटी देंगे जबकि दिव्यांग मतदान कर्मियों का दल पड्डल-2 मतदान केन्द्र आईटीआई मंडी में चुनाव डयूटी देगा।

# देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने के लिए मतदान जरूर करें: ठाकुर गुलाब सिंह

**संगराय**

**जोगिंद्रनगर: भाजपा** के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री ठाकुर गुलाब सिंह ने जारी बयान में कहा कि भारत को वैश्विक महाशक्ति बनने के लिए लोगों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास है। उन्होंने आगे कहा कि लोग भारत को विश्व गुरु विश्व शक्ति और एक विकसित भारत बनाने के प्रति सकारात्मक सोच रखते हैं उन्हें प्रधानमंत्री मोदी पर पूरी आस्था है आगे कहा कि जनता पीएम मोदी को 400 सीटें देने जा रही है इसमें हिमाचल प्रदेश की चारों व मडी लोकसभा क्षेत्र की सीट भी है उन्होंने कहा कि जोगिंदर नगर



विधानसभा क्षेत्र की जनता हमेशा भाजपा के पक्ष में मतदान करती आई है इस बार भी लोग मंडी लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार कंगना रनौत को भारी मतों से बढ़त देंगे तथा इस सीट को पीएम मोदी की झोली में डालेंगे पीएम मोदी ने देश के हर वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हुई है जिसका फायदा समाज का हर वर्ग ले रहा है उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं के लिए भी बहुत सारी योजनाएं चलाई है जिसमें उज्ज्वला योजना लखपति दीदी आदि योजनाओं से महिलाओं को फायदा हुआ है नारी शक्ति बंधन बिल जिसमें महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटों के आरक्षण का प्रावधान है महिलाओं ने इस बिल को ऐतिहासिक कदम बताया। तीन तलाक और हज यात्रा, मुस्लिम वूमेन प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स आंन मैरिज बिल इत्यादि बिल महिलाओं के लिए लाए हैं। उन्होंने जोगिंदर नगर विधान सभा क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि 1 जून को ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।

# उपायुक्त ने मतदान केंद्रों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**हामिद**

**चंबा :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय चंबा में स्थापित तीन मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान महिला मतदान अधिकारियों द्वारा संचालित राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में स्थापित आदर्श मतदान केंद्र 53-सुराड़ा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में स्थापित मतदान केंद्र 54-चौतड़ा का निरीक्षण किया। मुकेश रेपसवाल ने इसके पश्चात भूरी सिंह संग्रहालय में स्थापित दो आदर्श मतदान केंद्रों 57-चौगान-1 तथा पीडब्ल्यूडी मतदान अधिकारियों द्वारा संचालित 58-चौगान-2 में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# बीस कलान की निजी जमीन पर लगाए 300 पौधे जंगल की आग से हुए स्वाहा

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** गत दिनों हमीरपुर के बलेटा गांव में बीस कलान की निजी जमीन पर लगाए 300 पौधें जंगल की आग से जल गए। ब्रह्म दास शर्मा की इस जमीन पर पिछले 10 सालों से प्रदेश की विभिन्न नर्सरियों से सागवान खैर, सिल्वर ऑक, शीशम, चंदन, तुणी, आम इत्यादि विभिन्न प्रकार के पौधे अपने खर्च से लगाए गए थे जो लगभग अब पेड़ बनने ही वाले थे।आसपास के इलाके में भडकी आग इस वाटिका तक फैल गई और उसने सभी छोटे बड़े पौधों को सवाह कर दिया। यह पौधे अब इतना जल गए हैं कि यह फि र से हरे नहीं हो पाएंगे। इससे लगभग दो-तीन लाख रुपए का नुकसान हो गया है। इसके साथ ही इस वाटिका को बाढ़ बंदी भी की गई थी उसको भी आग से बहुत नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि यह आग आसपास के इलाके से भडकती हुई वाटिका तक पहुंची और वाटिका के साथ-साथ और जगहों पर नुकसान करती हुई आगे बढ़ी। यह आग किसने लगाई इस बात का अभी तक किसी को कोई पता नहीं चल पाया है। वाटिका और जमीन के मालिक ने संबंधित विभाग से मुआवजे की मांग की है।



# बिना रिकॉर्ड के कार से लाखों की नकदी बरामद

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आधार आचार संहिता के बीच पुलिस ने पांवटा साहिब में जांच के दौरान एक कार से लाखों रुपए की नकदी बरामद की है। चालक द्वारा कोई भी दस्तावेज न दिखाए जाने पर पुलिस ने नकदी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पांवटा साहिब-शिलाई नेशनल हाईवे 707 पर टिम्बी के पास नाका लगाया हुआ था। इस दौरान एक कार को जांच के लिए रोका गया। जब कार की तलाशी ली गई तो उसमें से 1 लाख 5 हजार 900 रुपए की नकदी बरामद हुई। कार चालक दिनेश शर्मा पुत्र कल्याण सिंह निवासी अश्यारी, डाकघर टिम्बी नकदी से संबंधित कोई भी कागजात नहीं दिखा पाया, जिस पर टीम ने नकदी को कब्जे में ले लिया।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का किया गया आयोजन




**लिहांटू**

**रामपुर बुशहर:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गानवी में गत दिवस को खण्ड़ स्तरीय विश्व तम्बाकू निषेद् दिवस का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधिकारी सीएचसी गानवी डॉ. जसकरण ने तंबाकू खाने के नुक्सान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि तंबाकू खाने वाले व्यक्ति के मुंह, गले या फिर फेफड़ों का कैंसर होने की प्रबल संभावना रहती है

लेकिन तम्बाकू फेफ ड़े के कैंसर का कारण तो बन सकता है साथ ही तम्बाकू का सेवन करने वाले व्यक्ति को फेफ ड़े सम्बन्धी अन्य रोग जैसे सीओपीडी, टीबी, निमोनिया आदि का जोखिम अधिक होता है। तम्बाकू खाने से अन्य रोग हृदय रोग, स्ट्रोक से लकवा,दांत व मसूड़ो के रोग, एसिडिटी, गर्भस्य शिशु का क्षीण विकास, प्रजनन क्षमता में कमी व त्वचा का लचिलापन कम होना तथा बालों का झडना होता है। इस अवसर पर भाषण, नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वरिष्ठ वर्ग के भाषण प्रतियोगिता में प्रथम कशिश, पोस्टर मेकिंग में प्रथम वैशाली, नारा लेखन में प्रथम प्राची रही जबकि कनिष्ठ वर्ग के भाषण प्रतियोगिता में प्रथम सानवी, पोस्टर मेंकिंग में प्रथम स्पर्श व नारा लेखन में प्रथम ऐंजल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पारितोषित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा विश्व तम्बाकू निषेद् दिवस पर जागरूकता रैली भी निकली गई। स्वास्थ्य शिक्षक सुभाष चन्द्र व एलडी जोशी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे।

**जागरूक किया**

**तंबाकू खाने वाले व्यक्ति के मुंह, गले या फिर फेफड़ों का कैंसर होने की प्रबल संभावना रहती है**

# बंगाणा में पशुओं से भरी पिकअप गाड़ी पकड़ी

**राजन पुरी**

**ऊना:** बंगाणा चौक में पुलिस ने पशुओं से भरी एक पिकअप गाड़ी पकड़ी है। गाड़ी में चार भैंसे, एक कट्टी व तीन कट्टे ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। पुलिस ने गाड़ी से न केवल पशुओं को आजाद करवाया, बल्कि गाड़ी चालक सहित दो के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार तडके बंगाणा पुलिस स्थानीय चौक पर मौजूद थी। इस दौरान हटली की ओर से आ रही एक पिकअप को रूकने का इशारा किया। चैकिंग के दौरान पुलिस को पिकअप गाड़ी के अंदर से चार भैंसे, एक कट्टी और तीन कट्टे ठूंस-ठूंस कर भरने पाए गए।

# आईटीआई में मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**मनीष**

**सोलन: जिला** सोलन के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रंजन ने की। डॉ. अमित रंजन ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और तंबाकू की खपत को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों की वकालत करने के लिए आयोजित एक वैश्विक अभियान है। उन्होंने कहा कि तंबाकू से जहां व्यक्ति को शारीरिक नुकसान होता है वहीं मानसिक रूप से भी क्षति पहुंचती है। कार्यशाला में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट वैशाली शर्मा, डीसीसी समन्वयक राधा सहित लगभग 135 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।



# सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग में सेवानिवृत्ति समारोह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमला:** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से सूचना अधिकारी के पद पर तैनात गीता ठाकुर आज सेवानिवृत्त हो गईं। इस अवसर पर छोटा शिमला स्थित निदेशालय में निदेशक राजीव कुमार की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सूचना एवं जन सम्पर्क परिवार की ओर से शुभकामनाएं देते हुए राजीव कुमार ने गीता ठाकुर की बहुमूल्य सेवाओं की सराहना की और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। संयुक्त निदेशक महेश पठानिया ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए अपने अनुभव साझा किए। गीता ठाकुर 15 अक्तूबर, 1984 को लिपिक के पद पर नियुक्त हुई और 39 वर्ष से अधिक समय तक विभाग में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# रिटर्निंग अधिकारी ने दिलाई मतदाता शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमला:** रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने गत दिवस को उपायुक्त कार्यालय के रोज?ा हॉल में उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। अनुपम कश्यप ने उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि 01 जून, 2024 को सभी लोग अपने मत का आवश्यक रूप से प्रयोग करें तथा लोकतंत्र की मजबूती का हिस्सा बनें। हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम इस लोकतंत्र के सम्मान में आवश्यक रूप से वोट का इस्तेमाल करे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कानून एवं व्यवस्था अजीत भारद्वाज, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी पंकज गुप्ता, तहसीलदार निर्वाचन राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# लोअर मेन मार्केट में विशाल भगवती जागरण व भंडारा को लेकर बैठक आयोजित

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** शहर के लोअर मेन मार्केट में आगामी 8 जून को होने वाले विशाल भगवती जागरण के आयोजन को लेकर बीती शाम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मां भगवती सकीर्तन मडंल के प्रधान चंद्रशेखर हांडा ने की। उन्होने बताया कि शहर वासियों के सहयोग से जागरण का यह 19वां संस्करण है। इसी दौरान मां भगवती जागरण के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। चंद्रशेखर हांडा ने बताया कि हर साल की भातिं इस वर्ष भी मां भगवती सकीर्तन मडंल और शहर वासियों के सहयोग से 19वां मां भगवती जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन 8 जून को बड़े हर्षोल्लास से किया जा रहा है। इस बार जागरण में प्रसिद्ध गायक निट्ठू चंचल कैथल वाले और हिमाचल के प्रसिद्ध गायक अभिषेक सोनी जी मां भगवती का गुण गुणगान करेंगें। उन्होंने बताया कि जागरण में मां चितपूर्णीए माँ श्री नयना देवी जीए मां ज्वाला देवी तीन शक्ति पीठों से मां ज्योतियां लाई जाएगी। मां का सुदंर दरबार और सुदंर लाइट जागरण आकर्षण का केंद्र रहेगा।



ऊना, 01 जून 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# चुनाव ईमानदारी और बेईमानी के बीच, एक जून को जरूर डालें वोटः सीएम

**चमन शर्मा**

**शिमलाः मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से एक जून को अपना मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि इस बार चुनाव ईमानदारी और बेईमानी के बीच है। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है और इस पर्व में सभी की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। चुनाव में एक-एक वोट कीमती है। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव साधारण चुनाव नहीं है क्योंकि इस बार चुनाव बिकाऊ और टिकाऊ के बीच है। जिन लोगों ने वोट को धनबल से खरीदने का प्रयास किया है, यह समय उन्हें सबक. सिखाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ साल के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता के साथ हर सुख-दुख में साथ रही। आपदा में कांग्रेस सरकार ने 4500 करोड़ रुपए का विशेष पैकेज दिया और आपदा प्रभावित 22 हजार परिवारों का फि र से बसाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को पेंशन प्रदान की। सवा साल के कार्यकाल में में सात प्रतिशत महंगाई भत्ता और पुलिस कर्मियों की डाइट मनी बढ़ाकर 1000 रुपए की। इसके साथ-साथ पेंशनर्स के एरियर को भी क्लीयर किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कर्मचारी वर्ग के साथ अन्य वर्गों के कल्याण के लिए भी योजनाएँ बनाई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन देने की योजना शुरू की, हालांकि भाजपा ने इसमें रुकावटें पैदा की। इसके साथ-साथ राज्य सरकार ने लंबित राजस्व मामलों का निपटारा प्राथमिकता पर किया और प्रदेश में राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से इंतकाल के एक लाख से अधिक और तकसीम के लगभग आठ हजार मामलों का निपटारा कर लोगों को राहत प्रदान की गई। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने मनरेगा की दिहाड़ी 60 रुपए बढ़ाकर 300 रुपए की। इसके अतिरिक्त विधवाओं के 27 वर्ष तक के बच्चों के लिए निशुल्क पढ़ाई और विधवाओं को घर बनाने के लिए तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता जैसे प्रावधान किए हैं। प्रदेश के 4000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपना कर उनके भरण-पोषण और पढ़ाई की जिम्मेदारी कानूनी रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनाया है। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को कांग्रेस सरकार 25 लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध करवा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सेब और आम का समर्थन मूल्य ऐतिहासिक 1.50 रुपए बढ़ाकर 12 रुपए किया। पहली बार किलो के हिसाब से सेब की खरीद सुनिश्चित की और इस सेब सीज? में बिक्री यूनिवर्सल कार्टन में होगी। उन्होंने कहा कि

# पत्नी, सास व साली से तंग आकर पुलिस जवान ने जहर निगल की आत्महत्या

**दुखद**

**▶▶ पुलिस ने शिकायत के आधार तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस लाइन झलेड़ा में एक जवान ने जहरीला पदार्थ निगल आत्महत्या कर ली। मृतक पुलिस जवान की पहचान विशाल उर्फ हनी पुत्र रविंद्र कुमार निवासी चक्कसराएं, अंब जिला ऊना के रूप में हुई है, जो कि डीएसपी ऊना का चालक रह। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले को लेकर पिता ने पुलिस के पास मृतक बेटे की पत्नी, सास व साली के खिलाफ तंग करने का



आरोप लगाते हुए ऐसा कदम उठाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पिता की शिकायत तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रविंद्र कुमार निवासी चक्कसराएं ने बताया कि बेटे विशाल की शादी छह माह पहले मधु निवासी भटोली मैहतपुर के साथ हुई थी। शादी के बाद से विशाल को उसकी सास बेबी, साली ममता व उसकी पत्नी मधु बिना मतलब परेशान करने लग पड़े। आरोप है कि विशाल की पत्नी कभी-कभी झलेडा क्वार्टर में रहती थी। पिछले 15 दिनों से अपने मायके रह रही थी। रविंद्र कुमार ने बताया कि गत 28 मई को बेटा अपनी पत्नी से मिलने भटोली गया। जबकि अगली सुबह डियूटी पर चला आया, लेकिन उसका फोन मधु ने अपने पास रख लिया था। वीरवार रात्रि को पता चला कि बेटे विशाल ने जहर खाकर अपनी जान गंवा ली है। रविंद्र कुमार का आरोप है कि विशाल ने अपनी पत्नी मधु, सास वेवी व साली ममता की तंगी के कारण जहरीली वस्तु खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने वाले कांग्रेस ने खुद सेना की कभी परवाह नहीं कीः बिंदल

**एसपी जैरथ**

**नहानः भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने नहान विधान सभा क्षेत्र में डोर टू डोर अभियान में भाग लिया।

उन्होंने कहा की सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने वाले कांग्रेस ने खुद सेना की कभी परवाह नहीं की। उसकी जरूरतों को भी अवैध कमाई का जरिया बनाया और सरकारी खजाने को खाली कर दिया। बिंदल ने कांग्रेस व इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। कहाए कांग्रेस ने सेना को कमजोर करने का काम किया। तेजस



लड़ाकू विमानों की खरीद को बरसों लटकाए रखा। इन लोगों ने जनरल विपिन रावत को गली का गुंडा कहा थाए जो कि देश के वीरों समेत पूरी सेना का अपमान था। ऐसी सरकार को देश कभी माफ नहीं कर सकता। सेना को युद्ध के लिए तैयार किया जाता है, न कि उसके नाम पर राजनीति की जाती है। देश सेना का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकता। बिंदल ने कहा, कांग्रेस व उसका इंडी गठबंधन घोर सांप्रदायिक है। ये लोग दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं लेकिन भाजपा किसी हाल में ऐसा नहीं होने देगा।।

बिंदल ने कहा, कांग्रेस ने सैनिकों को मूर्ख बनाने का प्रयास किया। यूपीए सरकार ने

अंतिम क्षणों में 500 करोड़ रुपये का फंड बनाकर वन रैंक-वन पेंशन लागू करने का नाटक रचा था। वहीं जब भाजपा सरकार आई तो उसने इस योजना को लागू किया, जिस पर सवा लाख करोड़ रुपये खर्च आया।

## हिमाचल में अगले छह दिन बरसेंगे बादल, चलेगा अंधड़, येलो अलर्ट जारी

**शिमला**

**भीषण** गर्मी की मार झेल रहे पहाड़ी राज्य हिमाचल में आसमान से राहत बरसेगी। राज्य में अगला करीब एक हफ्ता बादलों के बरसने से लोगों को भयंकर गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। प्रदेश में पहली जून यानी शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे अगले छह दिन तक राज्य के ज्यादातर इलाकों में बारिश होगी। इस दौरान अधिक ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्का हिमपात भी हो सकती है। मौसम विभाग ने आगामी छह जून तक राज्य के कई इलाकों में आंधी-तूफान और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक पहली जून को समूचे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा औ? मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में बारिश और ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात होगा। दो व तीन जून को मैदानी इलाकों को छोड़कर शेष हिस्सों में मौसम की स्थिति खराब बनी रहेगी। चार, पांच और छह जून तक पूरे प्रदेश में बादलों के बरसने का अनुमान है। इस दौरान मैदानों में अच्छी वर्षा और पहाड़ों पर बर्फबारी का नजारा देखने को मिल सकता है। पहली जून से छह जून तक राज्य के कई इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से तूफान चलने का येलो अलर्ट रहेगा। मौसम विभाग शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में अगले छह दिन बारिश, ओलावृष्टि, अंधड़ और बर्फबारी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चार से छह जून तक कई इलाकों में तेज बारिश हो सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाथड़ी मार्ग पर पानी की लीकेज होने से टूट रही सड़क

**राजन पुरी**



**ऊनाः** उद्यौगिक क्षेत्र टाहलीवाल बाथड़ी मार्ग पर जल शक्ति विभाग द्वारा डाली गई पीने वाले पानी की लीकेज से सडक टूटने लगी है। जिसके चलते मार्ग से गुजरने वाले राहगीर व आसपास के दुकानदारों के लिए भी परेशानी पेश आ रही है। कारण पानी की पाइप लीकेज होने से सडक के किनारे में खड्डा बना है, उसमें पानी खड़ा होने से लोगो के कपड़े व समान खराब हो रहा है। जहां पर पानी की लीकेज है, वहीं पर जिम भी है, जिसके चलते आने-जाने वाले युवाओं को भी परेशानी होती है। उधर, जल शक्ति विभाग के एसडीओ देसराज का कहना है समस्या के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्या को दुरूस्त करवा दिया जाएगा।

### सिंगा में राहगीरों के लिए लगाई छबील

**राजन पुरी**



**ऊनाः** हरोली उपमंडल के अंतर्गत पड़ती ग्राम पंचायत सिंगा में शुकवार को ठंडे मीठे पानी की छबील का आयोजन किया। इस दौरान आते जाते हुए राहगीरों ने छबील को ग्रहण कर सूखे गले को तर किया। ग्राम पंचायत प्रधान सिंगा गुरदेव सिंह ज्ञानी बाबा ने बताया कि प्रति वर्ष छबील का आयोजन बढ़ती गर्मी को देखते हुए छबील लगाई गई जाती। जिसमें राहगीरों ने ठंडे मीठे जल को ग्रहण किया है। इस अवसर पर पंचायत सचिव सिंगा स्नेह, पंचायत सचिव बाथू धर्मपाल, सेवानिवृत्त सूबेदार जगजीत सिंह, बाबा जनक, संजू, जोगिंदर पाल, सन्नी, योगेश बंगड़, कार्तिक, अतुल हंस, रोहित, वंश बंगड़ व गुरप्रीत सहित अन्य मौजूद रहे।

### 1 जून मतदान को लेकर प्रदेश निर्वाचन विभाग की तैयारियां पूरी

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** 1 जून को होने वाले लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रचार थम गया है। चुनाव आयोग ने मतदान के लिए सभी तैयारियां पुरी कर ली है। मतदान केन्द्रों के पोलिंग पार्टी भी रवाना हो गई है और एक जून को सुबह 7 बजे शाम 6 बजे तक मतदान प्रकिया चलेगी। जिसके लिए प्रदेश निर्वाचन विभाग द्वारा 7992 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

### एक जून को बिना कटौती वेतन का मिलेगा मतदान अवकाश :श्रम अधिकारी

**एसपी जैरथ**

**नाहन**: जिला श्रम अधिकारी सिरमौर ने बताया कि लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत एक जून को कटौतीबिन वेतन का होने वाले मतदान के चलते सभी व्यक्तियों जो किसी भी व्यवसाय, व्यापार, कारखाने व किसी भी शिक्षण संस्थान में कार्यरत है बिना वेतन कटौती के सभी को मतदान हेतु अवकाश दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि कि एक जून को होने वाले मतदान के दिन सभी औद्योगिक संस्थान बाजार व दुकानें बंद रखी जाएगी। जिला श्रम अधिकारी ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-बी के तहत यह आदेश जारी किये गये हैं।

# तंबाकू के सेवन से परहेज करना चाहिएः डॉ. राकेश



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**शिमलाः स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण विभाग सौजन्य से राजकीय उत्कृष्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल फ ागली में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला शिमला डा. राकेश प्रताप ने की। विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन आईजीएमसी डॉ. अनमोल गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विश्व तंबाकू निषेध दिवस इस वर्ष बच्चों को तंबाकू उधोग के हस्तक्षेप से बचाना नामक थीम रखा गया है। सीएमओ डॉ. राकेश प्रताप ने इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस वैश्विक स्तर पर तंबाकू उपयोग के दुष्परिणाम के प्रति जन चेतना अभियान के रूप में प्रतिवर्ष 31 मई को आयोजित किया जाता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू सेवन से मुंह, फेफ ड़े, आंत का कैंसर, दिल का दौरा, सांस की बीमारी, बांझपन, नपुंसकता, मृत शिशु का जन्म, गैंग्रीन और अंधापन जैसी बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं। इन बीमारियों से बचने के लिए तबांकू के सेवन से परहेज रखना चाहिए। उन्होंने आमजन का आवाहन किया कि वे नशे से दूर रहे एअपने को तनाव से मुक्त रखे, व्यस्त रहे, प्रतिदिन व्यायाम व योग करें

**परहेज**

**▶▶बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं। इन बीमारियों से बचने के लिए तबांकू के सेवन से परहेज रखना चाहिए।**

## गौशाला संतोषगढ़ में 3 से शुरू होगा अन्नपूर्णा

**राजन पुरी**

**ऊनाः गौशाला** संतोषगढ में शुक्रवार को एक अत्यावश्यक गोष्ठी गौरक्षिणी सभा के प्रधान दिलबाग सिंह वैद्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। गोष्ठी में पहले से पारित प्रस्ताव को क्रियात्मक रूप प्रदान करते हुए गौशाला के सभी कर्मचारियों के लिए तथा इनके सभी बच्चों को और गौशाला में आने वाले सभी अतिथियों व तूड़ी एवं चारा लेकर आने वाले लोगों के लिए और गौशाला में सेवा करने वाले गोसेवकों के लिए नित्य प्रति अन्नपूर्णा भोजनालय आरम्भ करने का निर्णय लिया गया है। जिसका श्री गणेश 3 जून को सांय 6 बजे गौशाला में किया जाएगा। गौरक्षणी सभा के प्रधान दिलबाग सैनी ने

# लालूवाल में रास्ता रोक भाभी सहित तीन ने की पिटाई, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊनाः पुलिस** थाना टाहलीवाल के तहत लालूवाल में एक व्यक्ति ने अपने भाभी सहित तीन पर रास्ता रोककर मारपीट का लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अजय कुमार निवासी दुलैहड़ शुक्रवार सुबह लुधियाणा से अपने घर दुलैहड़ आया था। मैं व मेरा भतीजा सौरभ बाइक पर घर से लालूवाल बाजार जा रहे थे, तो भाभी रेनू बाला, उसके भाई सुनील कुमार व एक व्यक्ति ने बाइक के आगे गाड़ी लगा दी और गाली-



गलोच करने लगे। मना करने पर सुनील कुमार व उसके साथी ने मारपीट शुरू कर दी। मेरे भतीजे सौरभ ने मारपीट से बचाने की कोशिश की, तो उसके साथ मारपीट की। सुनील कुमार के दूसरे साथी ने मुझे अपने हाथ में पकड़ी रॉड से सिर व टांगों पर मारा, जिसमें अजय कुमार चोटिल हुआ है। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर

# हिमाचल प्रदेश सड़क परिवहन निगम के परवाणू डिपो से चलने वाले लगभग 20 रूट बंद होंगे

**विमल ग्रोवर**

**परवाणूः हिमाचल** प्रदेश में एक जून को होने वाले चुनावों को लेकर हिमाचल प्रदेश सडक परिवहन निगम के परवाणू डिपो से चलने वाले लगभग 20 रूट बंद होंगे। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश सडक परिवहन निगम परवाणू डिपो के द्वारा दी गई। हिमाचल प्रदेश सडक परिवहन निगम डिपो के आरएम रामदयाल नें जानकारी सांझा करते हुए बताया की लोकसभा के चुनावों में हर व्यक्ति अपने अपने क्षेत्र जिला या गांव में वोट डाल सके, इसलिए यह सभी बसें मतदाताओं के लिए लगाई गयी है। इनमे परवाणू से



कसौली, परवाणू से कुठाड़, सोलन से नाभों, परवाणू से जोडजी, परवाणू से ध्याला, परवाणू से धर्मपुर, शिमला से शिलगावों, परवाणू पट्टा, परवाणू से बायला, बद्दी अम्बाला, पठानकोट शिमला, परवाणू से ऊना,परवाणू से पिंजौर व सेक्टर 6 तक चलने वाली बस, परवाणू से बद्दी, परवाणू से चंडीगढ़, परवाणू से सुआ, चंडीगढ़ से सोलन, परवाणू से बद्दी व चंडीगढ़, परवाणू से जोडजी वाया बनासर, शिमला से पठानकोट सहित कुल 20 रूट बंद रहेंगे।

रामदयाल ने कहा की लोकसभा चुनावों को लेकर इन सभी बसों की ड्यूटी लगी हुई है।

**रूट बंद**

**▶▶परवाणू से बद्दी व चंडीगढ़, परवाणू से जोडजी वाया बनासर, शिमला से पठानकोट सहित कुल 20 रूट बंद रहेंगे**

# मतदान के चलते ऊना में नहीं चली 98 रूटों पर एचआरटीसी के बस

## मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को आज भी तैनात रहेंगी एचआरटीसी बसें

**राजन पुरी**

**ऊनाः** लोकसभा चुनाव व जिला ऊना की दो विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर कर्मियों पर चुनावी ड्यूटी पर जाने के चलते शुक्रवार को एचआरटीसी के कई रूट प्रभावित रहे। जिसके चलते यात्रियों को कुछ परेशानी पेश आई और निजी बसों पर ही निर्भर रहना पड़ा। हालत यह थी कि आईएसबीटी में एचआरटीसी की बसें कम और निजी बसें ज्यादा दिखी। बता दें कि हिमाचल पथ परिवहन निगम ऊना डिपो के पास कुल रूट 128 हैं। इन पर करीब 115 के करीब बसें





संचालित हो रही है। शुक्रवार को एचआरटीसी के ऊना डिपो से चलने वाली 98 रूट प्रभावित रहे। इन रूट्स पर चलने वाली बसें सुबह 10 बजे पीजी कॉलेज ऊना पहुंच गई। बसों को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए तैनात किए गए कर्मियों को ले जाने व लाने के लिए प्रयोग किया गया। इन बसों का प्रयोग पहली जून रात तक संचालन मतदान ड्यूटी के लिए किया जाएगा। मतदान ड्यूटी पर तैनात कर्मियों व ईवीएम मशीनों को लेकर जाने सहित वापस लाने की जिम्मेदारी रहेगी। बसें पहली मई को चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के बाद देर रात तक सेवाओं पर रहेंगी। इन बसों का संचालन जिला के पांचों उपमंडल एवं विस क्षेत्र में ऊना, अंब चिंतपूर्णी, बंगाणा कुटलैहड़, हरोली व गगरेट के लिए होगा। हर बस में 25 से 30 कर्मी यहां सफर करेंगे, तो एचआरटीसी के चालक सहित परिचालक भी इस ड्यूटी पर सेवाएं प्रदान करेंगे। उधर, एचआरटीसी ऊना के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश धीमान ने कहा कि मतदान ड्यूटी में एचआरटीसी ऊना डिपो की 98 बसें संचालित रहेंगी।

**लोग परेशान**

**▶▶सुरेश धीमान ने कहा कि मतदान ड्यूटी में एचआरटीसी ऊना डिपो की 98 बसें संचालित रहेंगी**

# शिमला शहरी की 91 पोलिंग पार्टियां रवाना

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत आज रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप तथा पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी की उपस्थिति में शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला शिमला के अन्य विधानसभा क्षेत्रों को पोलिंग पार्टियां बीते कल रवाना की जा चुकी है तथा आज 63-शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 91 पोलिंग पार्टियों को उनके संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए



रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र में 2 मतदान केन्द्र महिलाओं, 1 मतदान केन्द्र दिव्यांगों तथा 1 मतदान केन्द्र युवाओं द्वारा संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी मतदान कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान के दिन सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सजगता के साथ कार्य करें ताकि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव का सफल निष्पादन हो सके। उन्होंने उपस्थित पुलिस बल को भी संबोधित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक शिमला ने पुलिस के जवानों को मतदान के दिन कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता भी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### चंडीगढ़ के छात्रों ने सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो रोडशो में लिया हिस्सा

**करनाल:** सैमसंग इंडिया ने मोहाली में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में एक रोडशो का आयोजन किया है। इसमें इंस्टिट्यूट के इनक्यूबेटर लैब के इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने ज्वलंत वैश्विक समस्याओं का समाधान करने के लिए सॉल्व फॉर टुमॉरो में भाग लेने के अपने इरादे का प्रदर्शन किया। सैमसंग का सॉल्व फॉर टुमॉरो एक राष्ट्रीय शिक्षा एवं नवाचार प्रतियोगिता है, जिसका लक्ष्य देश की अगली पीढ़ी के बीच अभिनव सोच और समस्या-समाधान की संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्र आगे आए और खराब वायु गुणवत्ता और स्वच्छ ऊर्जा ईंधन की कमी जैसी वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को जाहिर किया। उन लोगों ने कहा कि उन्हें सैमसंग के सॉल्व फॉर टुमॉरो जैसे एक प्लेटफॉर्म की जरूरत है, जो उन्हें अपने विचारों को कारवाई में बदलने और लोगों का जीवन बदलने में उन्हें मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करे। सैमसंग ने हाल ही में 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' के तीसरे सत्र के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (टी३ ) के स्टार्टअप हब और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी), आईआईटी दिल्ली और भारत में संयुक्त राष्ट्र के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस वर्ष, 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' कार्यक्रम में दो अलग-अलग ट्रैक-स्कूल ट्रैक और यूथ ट्रैक को पेश किया गया है, जिनमें से प्रत्येक एक विशिष्ट थीम को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है और इसे विभिन्न आयु समूहों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। दोनों ट्रैक एक साथ चलेंगे, जिससे सभी छात्रों के लिए समान अवसर सुनिश्चित होगा।

### जरूर में अपरशक्ति खुराना और सावी कहलों की भावनाएं उमड़ीं

**नई दिल्ली।** बहुआयामी प्रतिभाशाली अपरशक्ति खुराना और उभरती हुई कलाकार, सावी कहलों अपने नए प्रेमगीत, जरूर के लिए एक दूसरे के साथ आए हैं। दिल के तार छेड़ने के लिए भावनाओं से ओतप्रोत गीत, जरूर में बिछड़ने के बाद एक नई शुरूआत करने के नाजुक सफर का विश्लेषण किया गया है। जरूर एक भावनाशील गीत है, जिसे सावी कहलों ने लिखा व कंपोज किया है। इसमें अपरशक्ति खुराना की मधुर आवाज ने यादों के कड़वे-मीठे अनुभवों को जगा दिया है, और एक बार फिर से खुद की तलाश करने का साहस प्रदान किया है। अपनी मौलिक और भावनाशील कहानी से




श्रोताओं के दिल में उतरते हुए इस ट्रैक में मानवीय भावनाओं की जटिलता को बहुत ही उत्कृष्टता एवं प्रामाणिकता के साथ खंगाला गया है। इस सहयोग के बारे में गायक-अभिनेता, अपरशक्ति खुराना ने कहा, जरूर के लिए काम करने का अनुभव बिल्कुल अलग और संतोष प्रदान करने वाला था। सावी पाजी के गीत और कंपोजिशन ने मेरे हृदय को छू लिया और एक कलाकार के रूप में मुझे नए आयामों को खोजने में समर्थ बनाया। यह कंपोजिशन सुनते ही यह मेरे हृदय में उतर गया था। मुझे विश्वास है कि जरूर का हर नोट आपको हमारे द्वारा बनाई गई इस भावुक रचना को महसूस करने का अवसर देगा।

### ऐरिया मॉल गुड़गांव बच्चों के लिए डायनो-लैंड 2.0 की मेजबानी करेगा

**गुरुग्राम।** ऐरिया मॉल ने डायनो-लैंड के अपने दूसरे संस्करण की घोषणा की है, जो पारंपरिक थीम पार्क अनुभव को फिर से परिभाषित किया है और ऐतिहासिक युग में एक असाधारण यात्रा की पेशकश करता है। 26 मई से शुरू होने वाले इस एडवेंचर पार्क में बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ शैक्षिक तत्वों का मेल जोल होगा। अपने पहले संस्करण की सफलता के आधार पर, डायनो-लैंड 2.0 और भी अधिक समृद्ध अनुभव का वादा करता है। विशाल परिदृश्य में फैले इस पार्क में आदमकद एनिमेट्रोनिक डायनासोर, इंटरैक्टिव प्रदर्शनियाँ और सभी उम्र के लोगों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ हैं। पार्क में, बच्चे डायनो से मीट और ग्रीट खेल और विभिन्न क्राफ्ट से रोमांचित होंगे। उनके लिए जीवाश्म खुदाई, बेकिंग सोडा ज्वालामुखी और बहुत कुछ के साथ व्यावहारिक सीखने में लीनन होना और पिछली दुनिया को जीवंत बनाना एक खुशी की बात होगी।

# पुलिस जवानों को जिला पुलिस ने याद कर किए श्रद्धासुमन अर्पित

**31 मई 1992 में पंजाब में उग्रवादियों से मुठभेड़ के दौरान हो गए थे शहीद**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस** के वीर एवं बहादुर पुलिस कर्मचारी, जिन्होंने समाज एंव देश व प्रदेश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन वीर जवानों की याद में आज पुलिस लाइन के शहीदी स्मारक पर एकत्रित होकर कुछ पल का मौन धारण कर इन वीर जवानों को याद किया गया और नमन करते हुए शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी वीरता व उनके द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया।



आज के दिन वर्ष 1992 में करनाल पुलिस के चार बहादुर जवानों ने पंजाब में उग्रवादियों से मुठभेड़ करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वह करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था और शहीद हो गए थे। करनाल पुलिस के शहीद निरीक्षक बलजीत सिंह वासी छछरौली जिला यमुनानगर 31 मई 1992 को बतौर इंचार्ज सीआईए करनाल में तैनात थे। जो 31 मई 1992 को अपने साथी पुलिस कर्मचारियों निरीक्षक विजेन्द्र सिंह वासी आसन जिला रोहतक, एएसआई रघुनंदन वासी मौहल्ला नालापार नारनौल व सिपाही नारायण सिंह वासी मुकीमपुर जिला सोनीपत के साथ उग्रवादियों की सूचना पर गांव मतौली जिला पटियाला पंजाब के एक मकान पर रेड करने गए थे। उसी समय उग्रवादी जरनैल सिंह व उसके साथियों के साथ मुठभेड़ होने के कारण उनसे मुकाबला करते हुए चारों पुलिस जवान शहीद हो गए थे। इनके अलावा वर्ष 2010 में जिला पुलिस के शहीद ईएचसी जगतार सिंह दोषी गुरप्रीत को गिदडवाड अदालत मे पेश करने ले जाते समय दोषी को छुडवाने के लिए अचानक असामाजिक तत्वों के साथ रेल में हुई मुठभेड़ में गोली लगने से शहीद हो गए थे और वर्ष 2018 में एसआई नरेन्द्र सिंह बाल किशोरी ममता वासी रोहतक को नारी निकेतन करनाल से लेकर किशोर न्याय बोर्ड रोहतक मे पेश करने उपरांत बाहर निकलते समय दोमोटरसाईकिल सवारों ने बाल किशोरी ममता को गोली मारी, जो बाल किशोरी ममता को बचाने के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर बहादुरी व साहस का परिचय देते हुए अपराधियों का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति देकर शहीद हो गए थे।

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने कहा कि हमें शहीद हुए अपने वीर जवानों पर गर्व है।

## निर्बाद्ध बिजली सप्लाई को लेकर चर्चा की



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को अपने कैम्प कार्यालय में गर्मी के मौसम में बिजली विभाग द्वारा निर्बाद्ध बिजली सप्लाई को लेकर उठाए गए कदमों के बारे में विचार-विमर्श किया और वर्तमान स्थिति पर चर्चा भी की। डीसी ने आमजन से अपील की है कि वे बढ़ते तापमान में बिजली के उत्पादों को सामुहिक रूप से इस्तेमाल करें ताकि बिजली की खपत कम हो और इसका सही उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस मौसम में बिजली की खपत 40 प्रतिशत अधिक बढ़ गई है। इसलिए निर्बाद्ध आपूर्ति में कोई समस्या ना हो इसके निवारण के लिए सभी नागरिक सकारात्मक रूप से सामुहिक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि आमजन को चाहिए कि वे घरों में अलग-अलग कमरों में अलग-अलग बिजली उत्पादों को एक साथ न चलाएं, खासकर एक एससी चलाकर ही उसमें सामुहिक रूप से बैठें ताकि बिजली की खपत कम हो।

## ट्रेस किये 38 मोबाइलों की कीमत 6 लाख रुपए के करीब

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**उप पुलिस अधीक्षक सतीश** कुमार गौतम व उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने सौंपें मोबाइल, गुम हुए मोबाइल फोन पाकर वारसन के चेहरे पर छाई खुशी, पानीपत पुलिस का किया आभार व्यक्त उप पुलिस अधीक्षक सतीश कुमार गौतम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में कार्य करते हुये साइबर सेल प्रभारी एएसआई प्रवीन व उनकी टीम ने लाखों रुपएं कीमत के गुम हुए 38 मोबाइल फोन को ट्रेस करते हुये बरामद किया है। इनके वारसन को आज कार्यालय में बुलाकर उन्हें मोबाइल फोन सौंप दिए है। मोबाइल फोन पाने वाले सभी लोगों ने गुम हुए फोन की शिकायत हर समय पोर्टल व साइबर सेल में की हुई थी और उन्हें पूरी उम्मीद थी कि पुलिस की साइबर सेल की टीम उनके फोन को जरूर खोज निकालेगी। बरामद मोबाइल अलग-अलग कंपनी के थे, इसमें 10 हजार से लेकर 35 हजार रुपए कीमत तक के मोबाईल फोन शामिल है। सभी मोबाइल कि कीमत अगर जोड़ी जाए तो 6 लाख रुपए के लगभग बनती है। खोये हुये मोबाइल पाकर मालिकों के चेहेरे पर खुशी छलक पड़ी तथा उन्होनें पुलिस द्वारा उनके खोये हुये मोबाईल बरामद कर सौंपने पर पानीपत पुलिस का आभार व्यक्त किया। इससे पहले भी पानीपत साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा काफी लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन ट्रेस कर वारसानों को सौंपे जा चुके है।



## बीज उत्पादन विषय पर कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा** कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत के प्रांगण में राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड एवं कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में बीज उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को बीज उत्पादन की आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती से अवगत कराना तथा विभिन्न फसलों जैसे गेहूं, धान, चना, सरसों, मूंग, उड़द, मक्का, ज्वार, बाजरा व सब्जियों इत्यादि के उत्तम बीजों के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर सतपाल सिंह ने बताया कि कैसे किसान भाई विभिन्न फसलों की उत्पादन की आधुनिक तकनीक एवं किस्मों का प्रयोग करके अधिक उत्पादन एवं अतिरिक्त आय ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरसों की किस्म आर. एच. 0725, आर. एच. 0749; मूंग की किस्में एम. एच. 421, एम. एच. 1314; धान की कम अवधि की किस्में जैसे पी बी 1509 ब पी आर 126 सीधी बिजाई के लिए; गेहूं की किस्में डीबीडब्लू 222 व डब्लू एच 1270 इत्यादि उत्पादन व गुणवत्ता के हिसाब से बहुत ही बढ़िया किस्में है। इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों को बीज उत्पादन से जुड़ी विभिन्न सस्य क्रियाओं व प्रक्रियाओं के बारे में भी बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बीज लिमिटेड के वरिष्ठ उत्पादन अधिकारी डॉ राजेश गोठवाल ने भी अपने विचार सांझा किए, उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड उच्च गुणवत्ता युक्त प्रमाणित एवं हाइब्रिड बीज वाजित दमों पर किसानों को उपलब्ध कराती है। यह विभिन्न फसलों के बीज जैसे गेहूं, चना, सरसों, धान, उड़द, मूंग, अरहर; हरा चारा बीज (मक्का, अफ्रीकन टाल, ररञ्च); ओट (जई); बरसीम; सब्जी बीज झ टमाटर, भिंडी, प्याज, करेला, मटर, गोभी इत्यादि को नवीनतम तकनीक से विकसित करती है जो कि किसानों को अधिक पैदावार व अधिक मुनाफा देती है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर मोहित सहल जी ने भी किसानों को उनकी खेती में बीज खरीद से लेकर बीज बिक्री तक के आर्थिक विश्लेषण करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया की अगर किसान अपने खेत के उत्पादन को सरकारी संस्थाओ की बीज उत्पादन प्रक्रिया से जोड़ते है तो वे मंडी बिक्री से भी अधिक लाभ कमा सकते है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र, डॉक्टर अनिल कुमार, सीमा और मोहन सिंह ने भी अपने विचार समझा किए।




## महाराज ने महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का किया वर्णन

**टीम एक्शन इंडिया समालखा (कुलदीप सिंह)**

**समालखा गुड मडी** स्थित वैश्य कन्या स्कूल हाल मे आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक आचार्य सुनील कृष्ण महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया।





## थिनर फैक्ट्री में लगी भयानक आग



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के औद्योगिक क्षेत्र** की एक फैक्ट्री में अज्ञात कारणों के चलते भयंकर आग लग गई।आपको बतादे कि पिछले दोनों जिला सोनीपत के क्षेत्र में भी कई आग लगने की घटनाएं सामने आई है। आग लगने की घटनाएं रुकने का नाम नही ले रही हैं। ये आगजनी की घटनाएं हीट वेव के चलते हो रही है। आज शुक्रवार को खरखौदा क्षेत्र के गाँव फिरोजपुर बागर के इंडस्ट्रीज एरिया में मौजूद एक थिनर फैक्ट्री में अज्ञात कारणों के चलते भयानक आग लग गई। मौजूद लोगों ने बताया कि इस फैक्ट्री में केमिकल से भरे थिनर के ड्रम फट रहे थे। आग लगने की सूचना समय करीब साढ़े 11 बजे मिली। शुक्रवार को खरखौदा के इंडस्ट्रीज एरिया के फिरोजपुर बांगर की थिनर बनाने वाली फैक्टरी में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई हैं। एक दर्जन के करीब दमकल केंद्र की गाड़ियों ने करीब 4 घंटे के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी भयंकर थी कि इस दौरान दमकल केंद्र की गाड़िया खरखौदा, सोनीपत, राई, गन्नौर, बहादुगढ़, रोहतक से पहुँच चुकी हैं, और आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस कंपनी से सभी मजदूर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया हैं। मौके पर एसीपी खरखौदा जीत सिंह बेनीवाल, नायब तहसीलदार मुकुल कुमार, खरखौदा थाना प्रभारी अंकित कुमार, सैदपुर चौकी इंचार्ज जगजीत सिंह मौके पर मौजूद रहे।

## 31 वर्ष की सेवाओं के पश्चात उपायुक्त कार्यालय के सहायक रामचंद्र सेवानिवृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**कोई भी क्षेत्र हो सेवा** देने के लिए परमात्मा अवसर प्रदान करता है हमें उस अवसर का मानव सेवा के लिए उपायोग करना चाहिये। ऐसे ही पंक्ति रामचंद्र पर स्टीक बैठती हैं। रामचंद्र जो उपायुक्त कार्यालय में बतौर सहायक करीब 31 वर्ष की सेवाओं के पश्चात शुक्रवार को सेवानिवृत हुए। उनको विदाई देने के लिए जिला सचिवालय के सभागार में विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया व उन्हें खुशी पूर्वक विदाई दी। रामचंद्र चरखी दादरी के गांव पोंद खुर्द के मूल निवासी रहे हैं व उन्हें लंबे समय तक जिले में सेवा प्रदान कर हर व्यक्ति का मन मौहया।



## बरसाती नालों की सफाई का काम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम ने** मानसून से पहले शहर के सभी छोटे-बड़े बरसाती नालों की सफाई का लक्ष्य लेकर काम शुरू कर दिया है। बीते माह अप्रैल में इस कार्य का एक्शन प्लान तैयार कर दिया गया था, जिसके बाद मई मास के प्रारम्भ में शहर में मौजूद विभिन्न नालों की सफाई के कार्य शुरू करवाए गए। अलग-अलग लोकेशन के नालों पर अनुमानित 1 करोड़ 5 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 24 बड़े नालों का सफाई कार्य प्रगति पर-निगमायुक्त ने बताया कि शहर में अलग-अलग लोकेशन पर भिन्न-भिन्न आकार के 24 नाले हैं। इनकी सफाई का कार्य करीब 70 प्रतिशत मुकम्मल हो गया है, शेष प्रगति पर है। इनमें टैक्सी स्टैण्ड से मुगल कैनाल, सिविल अस्पताल चौक से पुरानी सब्जी मंडी चौक, दो किसान चौक से मुगल कैनाल वाया पोस्ट ऑफिस, बस स्टैण्ड से महर्षि वाल्मिकी चौक, बस स्टैण्ड से अम्बेडकर चौक (केवल मेनहोल), अम्बेडकर चौक से एन.डी.आर.आई. चौक (केवल मेनहोल), रेस्ट हाऊस से तलवार चौक, तलवार चौक से हांसी चौक, हांसी चौक से बगवाडिया गैस एजेंसी, बगवाडिया गैस एजेंसी से खेडा चौक, रमेश नगर से राम नगर नाला वाया रविदास मौहल्ला, खेड़ा से कुम्हारो मौहल्ला, बगवाडिया गैस एजेंसी से गिरड़ी वाला पीर चौक, जोगी दास कोठी से बांसो गेट स्कूल, मीरा घाटी से खेड़ा चौक, महाराणा प्रताप चौक से मुगल कैनाल, बसंत विहार से कैलाश शॉप (केवल मेनहोल), बसंत विहार से कैलाश शॉप तक नाला, अशोका नर्सरी से सेक्टर-9 चौक, मॉडल टाऊन से सेक्टर-12 नजदीक वाल्मिकी बस्ती, लिबर्टी हाऊस से मेहता स्टूडियो, अस्पताल चौक से महात्मा गांधी चौक, दयाल सिंह कॉलेज से मुगल कैनाल तथा एन.डी.आर.आई. चौक से मुगल कैनाल नाला शामिल है।



## गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: राजकीय** बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे विद्यार्थियो द्वारा बनाए गए मेजर प्रोजेक्ट्स को दर्शानें हेतु एक प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । संस्थान के सभी आठ विभागो मे बने प्रोजेक्ट्स मे से सबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा चयनित तीन या चार प्रोजेक्ट्स इस प्रदर्शनी मे दर्शाए गए थे । इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि इंजिनियर सृष्टि गुप्ता आईपीएस व विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री आर.के.रहेजा सीईओ मैक्सवेल और इंजिनियर सुखबीर सिहं कार्यकारी अभियंता युएचबीवीएन ने शिरकत की । कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान प्रधानाचार्य ड़ा राजीव सपरा जी ने की । इस दौरान आईपीएस सृष्टि गुप्ता व आर.के रहेजा ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए सभी प्रोजेक्ट्स का सूक्ष्म निरीक्षण किया और इनके निमार्ता विद्यार्थियो की प्रशंसा करते हुए उनके प्रयासो की सराहना की ।उन्होने कहा कि ऐसे प्रदर्शनी लगाने से विद्यार्थियो की छुपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है व उनमे आत्मविश्वास की बढ़ोतरी होती है । उन्होने उद्धमिता विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के मेहनती विद्यार्थी भविष्य मे सफल उद्धमी बनने मे पूर्ण सक्षम है । प्रदर्शनी मे मुख्य रूप से सौलर पावर वायरलैस चार्जिंग सिस्टम फौर इलैक्ट्रिकल व्हीकल्स, इलैक्ट्रिकल व्हीकल, मिनी पेस्टीसाइड सप्रेयर, हाईड्रालिक ब्रिज, फोन कंट्रोल ग्रास कटिंग मशीन , फोर्क लिफ्टर, आरएमसी कंक्रीट प्लांट इत्यादि प्रमुख थे । प्रोजेक्ट प्रदर्शनी मे विद्यार्थियो का उत्साह देखते ही बन रहा था । इस अवसर पर संस्थान प्रधानाचार्य ड़ा राजीव सपरा ने विद्यार्थियो का इतने अच्छे प्रोजेक्ट्स बनाने के लिए उत्साहवर्धन किया ।` इस प्रदर्शनी में संस्थान के इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन विभाग के प्राध्यापक डॉ संदीप गोयल जी ने ऊंचाई नापने के लिए एक डिजिटल यंत्र दशार्या जो किसी भी व्यक्ति की ऊंचाई एल सी डी स्क्रीन पर दिखाता है डॉ संदीप गोयल जी ने बताया यह यंत्र ध्वनि की गति पर आधारित है जो की अलट्रासोनिक तरंगों पर काम करता है इसमें इस्तेमाल सेंसर से निकली तरंगें व्यक्ति के सिर से टकरा कर संकेत माईक्रोकन्टरोलेर को भेजती हैं जो दूरी(ऊंचाई) गणना करके लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले स्क्रीन पर दशार्ता है यह यंत्र ऊंचाई को सेन्टमीटर और इंच इकाई में दिखाता है` इस अवसर पर कल्पना चावला राजकीय बहुतकनीकी संस्थान से प्रधानाचार्य श्रीमति बिंदु आनंद जी , संस्थान से विभागाध्यक्ष मुनीष गुप्ता , रविन्द्र सांई, आदिश बिंदल, जगजीत सिहं नारगं ,पुष्पेंदर प्रताप, सर्वदीप कौर ,पंकज कुमार, सुरेन्द्र मलिक,कविराज , रोशन लाल, कुलबीर लठवाल, कॉलेज स्टाफगण,व भारी संख्या मे प्रतिभागी विद्यार्थी उपस्थित थे।



## वीआईपी नम्बर लेने के इच्छुक लोगों ने नम्बर लेकर किये सपने पूरे

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिला सचिवालय स्थित** एसडीएम कार्यालय में शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के दिशानिर्देश पर एसडीएम मनदीप सिंह की अध्यक्षता में वीआईपी नम्बरों की बोली हुई। बड़ी संख्या में वीईपी नम्बर लेने के इच्छुक लोगों ने भागीदारी की व बढ़ -चढ़ कर वीईपी नम्बरों की बोली लगाई। बोलीदाता पार्थ द्वारा एचआर 06 बीसी 7777 नम्बर की बोली 2 लाख 90 हजार पर लगाई। इसी कड़ी में बोली दाता अमरदीप ने एचआर 06 बीसी 1111 की बोली 2 लाख 31 हजार में लगाई। बोली दाता सन्नी ने एचआर 06 बीसी 9999 की बोली 2 लाख 11 हजार पर लगाई। बोली दाता राजकुमार ने एचआर 06 बीसी 1000 की बोली 1 लाख 41 हजार पर लगाई। गोपाल नारंग ने एचआर 06 बीसी 3333 की बोली 1 लाख 40 हजार में लगाई। आदित्य ने एचआर 06 बीसी 8888 की बोली 1 लाख 30 हजार में लगाई।



## संपादकीय

# चारधाम यात्रा के लिए सुगमता जरूरी

**चारधाम** की पवित्र यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु उत्तराखंड जाते हैं। हर वर्ष की भांति इस बार रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम जाने के इच्छुक पर्यटकों की संख्या लगभग दोगुनी हुई है। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान अब तक 14 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। वहीं, बदरीनाथ धाम में भी तीन यात्रियों की मौत रिपोर्ट की गई थी। ऐसे में कुल मिलाकर चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 17 श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है। राज्य सरकार द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार 15 मई तक 1.65 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, सत्तर हजार से अधिक यमुनोत्री और साठ हजार से अधिक तीर्थयात्री गंगोत्री की यात्रा कर चुके हैं। हर बार इस तरह की घटनाओं को देख कर पीड़ा यह होती है कि हम लगभग हर वर्ष ऐसी घटनाओं का शिकार होते हैं लेकिन हमारी सरकार क्यों नहीं जाग रही। आजतक कई हजार श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवा दी और जरा सोच कर देखिए कि ऐसे में जिसकी भी मौत होती है उसके परिजनों को कितनी परेशानी व दुख होता होगा। सरकार लगातार सड़कों, पुल व फ्लाईओवर का निर्माण कर हर रोज नए कीर्तिमान बना रही है लेकिन क्या यहां सुगमता बनाने के लिए सरकार सरकार किसी चीज के लिए बाध्य है? चारधाम यात्रा करना किसी भी इंसान के लिए एक बहुत बड़ा सौभाग्य माना जाता है। हर वर्ष लाखों लोग इस यात्रा के लिए जाते हैं। बीते शुक्रवार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ह्यचारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है। यह यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है। जिस तेजी से यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, हम सबका दायित्व है कि इसको सुगम और सरल बनाने में सभी मिलकर सहयोगी बनें। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। यह प्रयास हर वर्ष किए जाते हैं लेकिन सार्थक आज तक नहीं हुए। यात्रा को सुगम बनाने व इस प्रकरण पर काम करने के लिए बहुत काम किया जा सकता है लेकिन नहीं किया जाता। जिस तरह वहां श्रृद्धालुओं का तांता लगता है उसके लिए सीमित लोगों को ही यहां आने की अनुमति दी जाए। इसके अलावा यहां चढ़ाई के दौरान भी जगह-जगह कैंप लगाए जाने चाहिए। वहां भीड़ बढ़ने के अफरातफरी भी हो जाती है जिससे जान का खतरा हमेशा बना रहता है। कुछ दिन पहले वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में भीड़ ज्यादा होने के कारण अफरातफरी मच गई थी ओर लोगों की जान चली गई थी। हर वर्ष कई भक्तों को बिना वजह अपनी जान गंवानी पड़ रही है। दरअसल समस्या जो सामने आ रही है वह यह है कि जितने भी पुराने मंदिर व तीर्थस्थल हैं वह समय के साथ अपडेट व अपग्रेड नहीं हुए। पहले जनसंख्या कम थी तो काम चल जाता था लेकिन अब भक्तों की संख्या बहुत बढ़ी और लगातार बढ़ती जा रही है। जगह उतनी-सी है और श्रद्धालु बढ़ते चले गए। बीते वर्ष 2022 में केदारनाथ यात्रा स्थानीय व्यवसायियों के लिए काफी बेहतर रही थी सिर्फ यात्रा के टिकट, घोड़ा खच्चरों और हेली और डंडी कंडी के यात्रा भाड़े की बात करें तो लगभग 200 करोड़ के आस-पास का कारोबार किया था।

# भोपाल रियासत भी भारतीय गणतंत्र का अंग बनी



रमेश शर्मा

"1857 की क्रांति के पूर्व का संघर्ष सशस्त्र था किंतु सीमित। लेकिन 1857 की क्रान्ति में हुई जन भागीदारी से देश में सामाजिक जागृति का वातावरण बना और पूरे देश में राष्ट्रीय चेतना का संचार हुआ। जन आँदोलनों का जो सिलसिला चला वह स्वाधीनता के साथ ही रुका। भोपाल रियासत में आरंभ हुये इन आँदोलनों में आर्यसमाज और उसके संतों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। 1890 में मित्र सभा का गठन हुआ। 1905 तक इसका विस्तार भोपाल नगर सहित पूरी रियासत क्षेत्र में हुआ। और 1915 में ही आर्यसमाज का आकार ग्रहण किया। भोपाल क्षेत्र में हुये आरंभिक जन आदोलनों में परदे के पीछे रहकर आर्यसमाज के लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। 1921 में गाँधीजी के आह्वान पर असहयोग आँदोलन आरंभ हुआ"

**भारत को** स्वाधीनता 15 अगस्त 1947 को मिल गई थी लेकिन भोपाल रियासत में अंग्रेजों और पाकिस्तान के समर्थक माने जाने वाले नवाब हमीदुल्ला खाँ का शासन बना रहा। इसके लिये भोपाल वासियों ने पुनः संघर्ष किया। इसे विलीनीकरण आँदोलन नाम मिला और अंततः स्वतंत्रता के लगभग पौने दो वर्ष बाद 1जून 1949 को भोपाल रियासत भी भारतीय गणतंत्र का अंग बन गई। भोपाल में स्वाधीनता संघर्ष की कहानी बहुत लंबी है। भोपाल में नवाबी शासन की स्थापना धोखे और रक्तपात से हुई थी। मुक्ति संघर्ष की दास्तान भी नवाबी शासन शुरू हुई और भारतीय गणतंत्र में विलय के साथ समाप्त हुई। आरंभ में यह संघर्ष सशस्त्र रहा लेकिन 1857 की क्रांति की असफलता के बाद अहिंसक जन जागरण के माध्यम से निरन्तर हुआ। इस संघर्ष को दबाने के लिये भी नवाबी शासन ने सख्ती दिखाई। सीहोर, बरेली और उदयपुरा में गोलियाँ चलीं, आँदोलनकारी बलिदान हुये। जेल की प्रताड़नाओं से भी आँदोलन कारियों के प्राण गये। आरंभिक संघर्ष नागरिक सम्मान और असामाजिक तत्वों से मुक्ति के लिये था जो बाद में नवाबी से मुक्ति का विलीनीकरण आँदोलन बना। एक जून 1949 को भारतीय गणतंत्र का अंग बनने के बाद भोपाल रियासत क्षेत्र को एक पृथक और स्वतंत्र राज्य का दर्जा दिया गया। पृथक विधानसभा और राज्य सरकार बनी। यह स्थिति 1 नवम्बर 1957 तक रही। फिर मध्य प्राँत के कुछ भाग, विन्ध्य प्रदेश, महाकौशल, बुन्देलखण्ड का कुछ भाग और मध्यभारत आदि के साथ भोपाल राज्य मिला कर मध्यप्रदेश अस्तित्व में आया और भोपाल इसकी राजधानी बना।

इतिहास में जहाँ तक दृष्टि जाती है भोपाल परिक्षेत्र का उल्लेख मिलता है। यह क्षेत्र वैदिक काल में भी था और रामायण काल में भी। सुप्रसिद्ध पुरातात्व वेत्ता वाकणकर जी ने भोपाल नगर और इसके आसपास लाखों वर्ष पुराने मानव बसाहट के चिन्ह खोजे हैं। फिर भी मौर्यकाल, गुप्तकाल के भी चिन्ह हैं किन्तु अधिकांश निर्माण दसवी शताब्दी के आसपास परमार काल में हुआ। दिल्ली सल्तनत के लगातार हमलों से 1325 में परमारों का पतन हुआ तब भोपाल में गौंडवांना शासन प्रारंभ हुआ। गौंडवांना का मुख्यालय गिन्नौरगढ़ था तथा भोपाल नगर उपकेन्द्र। गौंडवांना की अंतिम रानी कमलापति थीं। 1720 में रानी का बलिदान हुआ दोस्त मोहम्मद ने अधिकार करके नवाबी कायम की। नवाबी से मुक्ति का संघर्ष सतत चला और सैकड़ों बलिदान हुये।



**मुक्ति संघर्ष : नवाबीकाल के आरंभ से 1857 तक**

भोपाल में मुक्ति का संघर्ष नवाबी काल के पहले दिन से आरंभ हुआ। यह माना गया था कि नबाब हमीदुल्ला खान ने धोखे से भोपाल पर अधिकार किया और गौंडवांना की अंतिम रानी कमलापति का बलिदान हुआ। इसलिये जनता में रोष था। 1723 में नवाबी स्थापित होने के साथ पहला संघर्ष बैरागढ़ मार्ग पर हुआ। इस संघर्ष में रक्तपात के कारण ही इस स्थान का नाम "लालघाटी" पड़ा। सभी संघर्ष कताओं को बंदी बनाकर जहाँ मौत के घाट उतारा गया। उस स्थान का नाम "हलालपुर" पड़ा। भोपाल की मुक्ति का दूसरा बड़ा संघर्ष 1824 में हुआ। यह नरसिंहगढ़ के राजकुमार कुँअर चैनसिंह ने किया और उन्होंने आधे से अधिक क्षेत्र को मुक्त करा लिया था। अंततः उनका बलिदान हुआ। सीहोर में जिस स्थान पर उनका बलिदान हुआ वहाँ उनकी स्मृति में एक "छत्री" बनी हुई है। इसके बाद बीच बीच में कुछ स्थानीय संघर्ष के विवरण मिलते हैं लेकिन बड़ा संघर्ष 1857 में हुआ । देश भर में आरंभ सशस्त्र क्रांति का प्रभाव भोपाल राज्य पर भी पड़ा। उन दिनों सीहोर में सैन्य छावनी हुआ करती थी। 1857 की क्रान्ति के लिये महू और इंदौर से संदेश आये और सैनिक महावीर कोठ, वली मोहम्मद और रमजूलाल ने सीहोर छावनी में क्राँति का झंडा बुलन्द किया। यह 8 जुलाई 1857 का दिन था। इन्हें आदिल मोहम्मद और फाजिल मोहम्मद का सहयोग मिला और समानांतर सरकार "सिपाही बहादुर" अस्तित्व में आ गई। इस सरकार का प्रतीक चिन्ह "निशाने महावीर" और "निशाने मोहम्मद" रखा गया। निशाने मोहम्मद हरे रंग में था तो निशाने महावीर भगवा रंग में। इस निशान को हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक माना गया। इसकी चिंगारी दूर तक फैली । 14 जुलाई को शुजाअत खाँ ने बैरसिया में, गढ़ी अंबापानी में हटे सिंह और उनकी बेटी हंसा ने और छीपानेर में दौलत सिंह ने स्वाधीनता का ध्वज फहराया। समय के साथ अपनी क्रूरता और धोखे से सफलता पाने केलिये इतिहास प्रसिद्ध अंग्रेज कमांडर ह्यूरोज के नेतृत्व में दिसम्बर 1957 के अंतिम सप्ताह में अतिरिक्त कुमुक महू आई, वहाँ से इंदौर और देवास आष्टा होकर सीहोर पहुँचा। सभी क्राँतिकारियों का क्रूरता पूर्ण दमन किया गया। 14 जनवरी 1858 को सीहोर छावनी के 356 सैनिकों को पेड़ों से लटका कर सामूहिक फाँसी दी गई। बैरसिया, रायसेन, बेगमगंज और छीपानेर में भी क्रूरता से क्रान्ति का दमन हुआ। किसी को भी जीवित नहीं छोड़ा गया। इसका विवरण इतिहास के पन्नों में सजीव है ।

**जन जागरण और अहिंसक आँदोलन**

1857 की क्रांति के पूर्व का संघर्ष सशस्त्र था किंतु सीमित। लेकिन 1857 की क्रान्ति में हुई जन भागीदारी से देश में सामाजिक जागृति का वातावरण बना और पूरे देश में राष्ट्रीय चेतना का संचार हुआ। जन आँदोलनों का जो सिलसिला चला वह स्वाधीनता के साथ ही रुका। भोपाल रियासत में आरंभ हुये इन आँदोलनों में आर्यसमाज और उसके संतों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। 1890 में मित्र सभा का गठन हुआ। 1905 तक इसका विस्तार भोपाल नगर सहित पूरी रियासत क्षेत्र में हुआ। और 1915 में मित्रसभा ने ही आर्यसमाज का आकार ग्रहण किया। भोपाल क्षेत्र में हुये आरंभिक जन आदोलनों में परदे के पीछे रहकर आर्यसमाज के लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। 1921 में गाँधीजी के आह्वान पर असहयोग आँदोलन आरंभ हुआ। बच्चों की प्रभात फेरी के रूप में इस आँदोलन के समर्थन में पहली गतिविधि 1922 में देखी गई। कुछ नाम उभरे। परदे के पीछे लक्ष्मण भैया, ठाकुर लालसिंह और लक्ष्मीनारायण सिंहल का एवं भोपाल में बच्चों के एकत्रीकरण के लिये एक दस ग्यारह वर्षीय बालक उद्धवदास का नाम सामने आया। भोपाल के अतिरिक्त सीहोर, रायसेन बेगमगंज आदि में भी ऐसी प्रभात फेरियाँ निकली। इसके बाद अनेक सामाजिक संगठन सामने आये। कुछ समाचार पत्रों का भी प्रकाशन आरंभ हुये जिससे जन चेतना जागृत हुई। इस जन चेतना से जो आँदोलन आरंभ हुये, नवाब प्रशासन द्वारा उनका दमन भी उतना ही क्रूरता से हुआ। भोपाल की विभिन्न समस्याओं के प्रति गाँधीजी का ध्यान भी आकर्षित कराया गया। उनके हस्तक्षेप से भोपाल नवाब ने ईशनिंदा कानून रद्द कर दिया एवं कुछ नागरिक सुविधाओं में वृद्धि भी कर दी। 1931 के बाद भारत विभाजन और संभावित नये देश पाकिस्तान की चर्चा होने लगी। भोपाल नबाब हमीदुल्ला खान का सद्भाव पाकिस्तान अभियान के प्रति था। इसका कारण उनका अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से जुड़ा होना था। इस विश्वविद्यालय के अनेक पूर्व छात्र पाकिस्तान अभियान से जुड़े थे। समय अपनी रफ्तार से आगे बढ़ा। भोपाल रियासत में हिन्दु महासभा और प्रजा मंडल जैसे राजनैतिक दल अस्तित्व में आये। प्रभामंडल को काँग्रेस से संबंधित माना जाता था। अंततः भारत की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो गई। भोपाल नवाब ने दूरदर्शिता से हिन्दु महासभा और प्रजा मंडल दोनों को विश्वास में लेकर अप्रैल 1947 में एक सर्वदलीय मंत्रीमंडल बना लिया। नवाब हमीदुल्ला खान ने जन समस्याओं से संबंधित निर्णय लेने के अधिकार तो इस मंत्रिमंडल को दिये लेकिन केंद्रीय शक्ति और नीतिगत निर्णय लेने के अधिकार अपने पास रखे।

इसके साथ नवाब हमीदुल्ला खान ने अपनी रियासत को पाकिस्तान से संबंध रखने का संकेत भी दिया। इसके लिये उन्होंने कराँची क्षेत्र में भूमि क्रय की और अपनी एक बेटी आबिदा सुल्तान को पाकिस्तान भेज दिया।

## कविता

विश्वास कैसे करें तेरे गलत वायदे का।

विश्वास कैसे करें तेरे गलत वायदे का,
तेरे लिये लेनदेन है बहुत फायदे का''

वह धंधा करता है मुखौटों का'
कारोबार है बहुत फायदे का''

अपने चलाते खंजर पीठ पर यारों'
यह चलन भी है बहुत कायदे का।

सियासत अवाम के बीच आ जाती हैं
पुलिंदा लेकर बड़े गलत वायदे का।।

सच गुम है झूठ के बवंडर में संजीव।
क्या फायदा है विरासत, वायदे का।

संजीव ठाकुर, कवि,रायपुर, छ,ग, 9009415415,

"झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# ध्यान और अंतर्ध्यान के बीच देश

**इस देश में** कुछ भी हो या न हो लेकिन बकलोल जरूर होती है । आजकल देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ध्यान को लेकर समूचा विपक्ष और हमारे जैसे दिहाड़ी लेखक विचलित हैं। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए । 74 साल का एक थका-हारा आदमी दो महीने के अथक श्रम के बाद यदि ध्यानस्थ हो गया है तो ,बवाल क्यों ? लेकिन बवाल की जड़ में खुद योगी नरेंद्र दामोदर मोदी हैं ,इसलिए जो हो रहा है वो होकर रहेगा। उसे टाला नहीं जा सकता।

ध्यान कोई ऐसी चीज है कि जिस पर बहस की जाये । ध्यान भारतीय तकनीक है ,प्रामाणिक है । इसके ऊपर किसी का एकाधिकार नहीं है । कोई भी,कहीं भी ध्यानमग्न हो सकता है। ध्यानमग्न होने के लिए एकाग्रता और संकल्प की जरूरत है। ध्यान के लिए चीनी योगा मेट भी नहीं चाहिये । कैमरे तो बिलकुल नहीं चाहिए। ये सब चीजें ध्यानमग्न होने में बाधक होतीं है। ध्यान एकांत चाहता है। इसलिए ध्यान चाहे आप विवेकानद स्मारक शिला पर जाकर करें या अपने घर की छत पर ,इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। फर्क तब पड़ता है जब आप इस ध्यान को आत्मशोधन के बजाय आत्मप्रचार का जरिया बनाने की कोशिश करते हैं। ध्यान केवल मनुष्य ही नहीं करता ,पशु-पक्षी भी करते है। ध्यान और योग की तमाम मुद्राएं हमने पशु-पक्षियों से ही सीखी है। बज्रासन बंदरों से सीखा,मयूरासन मोरों से, भुजंगासन सर्प से ,कुकरासन कुत्तों से ,मंडूक आसन मेढकों से ,शशकासन खरगोशों से ,भ्रामरी मधुमख्खियों से। ऐसे अनेक आसन हैं जो मनुष्य के अपने नहीं है। लेकिन मनुष्य सबसे सीखता है और अहसान नहीं मानता। ध्यान में भी यही बात है। मनुष्य की तरह वकासन भी बहुत चर्चित आसन है । वकासन या वकधयान को लेकर लोग अक्सर परेशान हो जाते हैं ,क्योंकि इस ध्यान मुद्रा में बैठकर ही बगुला मछलियों का शिकार करता है। मकरासन में भी यही होता है। मगरमच्छ अपने शिकार से पहले काष्ठ दंड की तरह निश्चेत पड़ा रहता है।

मेरा गोत्र समाधिया है इसलिए मै थोड़ा-बहुत समाधि के बारे में भी जानता हूँ किन्तु इस विषय पर ज्यादा कुछ कहना नहीं चाहता। योग को लेकर पतंजलि ने फूटी कौड़ी नहीं कमाई, लेकिन उनके अनुयायी कलियुग के सुषेन बाबा रामदेव आज हजारों करोड़ रुपए के आसामी बन गए हैं। वे योगाचार्य हैं या कारोबारी तय करना कठिन है। चूंकि जनता ने योग को बिकते देखा है इसलिए शायद उसे ध्यान के घातक सियासी परिणामों की आशंका बनी हुयी है। चुनाव के लिए होने वाले अंतिम मतदान के पहले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर मोदी के योग का सीधा प्रसारण इसीलिए विपक्ष को खतरनाक लगता है। हर युद्ध के पहले यानि नतीजे आने के पहले योग लगाने की अनंत कहानियां हैं। दे० -असुर संग्राम में भी और राम-रावण संग्राम में भी। योग युद्ध में क्षीण हुई शक्ति को दोबारा वापस लौटा देता है । योग से आप सिद्धियां भी हासिल कर सकते है।

## विचार

# भाग्य और कर्म का विश्लेषण

**जहां स**फलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता है' वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती है पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उनके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैं' इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैं' वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था," जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता" मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है। प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि "भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है",ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अब तथाकथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं को हुई 'ध्यान' से भी समस्या

मृत्युंजय दीक्षित

**लोकसभा चुना**वों के अंतिम दौर का प्रचार समाप्त होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ध्यान करने के लिए कन्याकुमारी जा रहे हैं। यह समाचार मीडिया में आते ही मोदी विरोधियों ने तीखी बयानबाजी आरम्भ करके यह सिद्ध कर दिया कि पूरा का पूरा इंडी गठबंधन सनातन विरोधी है और इनकी मोहब्बत की दुकान में सनातन के विरुद्ध नफरत का सामान भरा पड़ा है। चुनाव प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संपूर्ण इंडी गठबंधन को मुस्लिम तुष्टिकरण के सम्बन्ध में बेनकाब किया और अब उन्होंने स्वयं प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान कार्यक्रम का विरोध करके प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किए गए दावों की पुष्टि कर दी। समाचारों के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी कन्याकुमारी में उसी शिला पर ध्यान लगाएंगे जहां स्वामी विवेकानंद ने ध्यान लगाकर विकसित भारत का सपना देखा था। इस शिला के ऊपर ही स्वामी विवेकानद की स्मृति में विवेकानंद रॉक मेमोरयिल बनाया गया है। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के बाद पहले भी ध्यान के लिए जाते रहे हैं 2014 में उन्होंने महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज से जुड़े प्रतापगढ़ में ध्यान लगाया था और 2019 केदारनाथ की रुद्र गुफा में ध्यान लगाया था। विवेकानंद रॉक पर तीन दिन लगातार ध्यानावस्था में रहते हुए ही विवेकानंद जी को विकसित भारत का दर्शन मिला था, प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है संभवत इसी के दृष्टिगत उन्होंने ध्यान लगाने के लिए इस स्थान को चुना है । प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान कार्यक्रम से विपक्ष बौखला गया है और अजीबोगरीब प्रतिक्रिया दे रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ध्यान को टीवी पर दिखाया गया तो उनकी पार्टी चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायेगी।

उन्होंने आगे कहा कि अब प्रधानमंत्री मोदी को वहीं रह जाना चाहिए और आराम करना चाहिए। कांग्रेस ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताकर चुनाव आयोग के पास शिकायत तक दर्ज करवा दी है। इस विवाद में तमिलनाडु की सत्ताधारी द्रमुक भी कूद पड़ी है और उसने वहां के डीएम से शिकायत की है।

# वोट और चोट

डॉ. सुरेश कुमार

**एक दिन** चुनावों पर हिंदी फिल्मों का भूत सवार हो गया। कई शहरों में चुनावी प्रचार देख वह कहने लगा - इतना सन्नाटा क्यों है भाई और जोर से ठहाका मारकर हंसने लगा। तभी उसकी हंसी पर ब्रेक लगाने के लिए आयोग कूद पड़ा। दीवार फिल्म में ईमानदारी का देवता बने फिरने वाले शशि कपूर के स्थान पर आयोग को देख चुनाव प्रचार अमिताभ बच्चन बन बैठा और कहने लगा कि मुझे रोकने से पहले उन लोगों की साइन लेकर आओ जो वोट देना भूल जाते हैं। जाओ उन लोगों की साइन लेकर आओ जो वोटर आईडी बनवाना भूल जाते हैं और जाओ उन लोगों की साइन ले आओ जो मतदान के दिन छुट्टी मारते हैं। आयोग डॉन फिल्म में अमिताभ को डराने के चक्कर में ऐसा न जाने क्या कह देता है कि चुनाव प्रचार बदतमीजी पर उतर आता है - मैं बिना वोट, बिना पहचान पत्र और बिना मतदान के लोगों को आज भी नहीं छोड़ता। चुनाव प्रचार की दबंगई यहीं तक नहीं रुकी। कहने लगा - मैं लोगों के दिमाग में इतना उतर जाऊँगा कि लोग कंफ्यूज हो जाएंगे कि वोट दें कैसे और न दें कैसे। यह सुन डर से थरथराते वोटरों ने कुछ कुछ होता है कि स्टाइल में कहा - इस दिमाग में कुछ-कुछ होता है सरकार नहीं समझेगी। दूसरी ओर सरकार चुनाव प्रचार को धमकाते हुए चुटकियों में काम तमाम करने का अल्टीमेटम जारी करती है। इस पर चुनाव प्रचार भड़क उठा और बाजीराव के अंदाज में बोला - चुनाव प्रचार की चाल, उसकी नजर और उसके भाषण पर संदेह नहीं करते कभी भी चपेट में ले सकता है। इस पर सरकार देवदास की स्टाइल में कहती है - विपक्ष कहता है कुर्सी छोड़ दो, जनता कहती है यह गंभीरता का स्वांग छोड़ दो और चुनाव प्रचार कहता है कि यह दुनिया छोड़ दो। इस पर चुनाव प्रचार कहता है झ्र अभी तो खेला शुरू हुआ है। असली पिक्चर तो अभी बाकी है। मुद्दों और नारों का बाप हूँ मैं, नाम है मेरा चुनाव प्रचार। लाख चिल्लाओ तुम भला, मैं तो तुम्हें छोड़ूँ न। मेरे नाम की हवा में ही डर है साहब! मुझे कुछ देर के लिए तो रोक लोगे, लेकिन इस हवा को कैसे रोकोगे? वैसे भी चुनावी वादे खरीदने से नहीं उनके सही पालन से हमसे बच पाओगे।



**चमकदार त्वचा :** केले के उपयोग से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है। केले में विटामिन 'सी', 'ए', पोटाशियम, कैल्शियम, फॉस्फोरस और कार्बोहाइड्रेट्स भरपूर मात्रा में मिलते हैं।ऐसे में इसे खाना और स्किन पर लगाना दोनों ही फायदेमंद होता है।

# केला कैलोरियों का भंडार

- केले में 105 कैलोरी पाई जाती हैं जो शरीर को किसी भी प्रकार की कमजोरी से बचाती है
- यह आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल करता है, यह आपके शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता है, आपको दिल के दौरे और स्ट्रोक से बचाता है
- केला खाने से अच्छी नींद आती है, नींद लाने के लिए रोज एक केला खाना बेहतर साबित हुआ है
- केले के उपयोग से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनती है, यह अलसर जैसी बीमारीयों से भी बचाता है

बच्चों को केली बहुत भाता है जानते हैं क्यो, क्योंकि बच्चों को केले की मीठी सॉफ्टनेस पसंद होती है। आपने देखा होगा कि बच्चे अधिकांश सॉफ्ट चीजें ही लाईक करते हैं। चाहे वो खाने में हो या फिर किसी और चीज में। वैसे भी बच्चे कोमल होते हैं तो उनके लिए जाहिर हा कुदरत ने भी कुछ चीजें कोमल ही बनाई हैं । इसलिए केला बच्चों से लेकर बड़ो तक फायदा ही देता है। केला विटामिन, प्रोटीन व अन्य पोषक तत्वों से भरपूर है। केले में थाइमिन, रिबोफ्लेविन, नियासिन और फॉलिक एसिड के रूप में विटामिन ए और बी पर्याप्त मात्रा में मौजूद होता है। इसके अलावा केला ऊर्जा का सबसे अच्छा स्त्रोत माना जाता है। दरसल केले में विटामिन सी विटामिन ए पोटाशियम और विटामिन बी-6 होता है। केला मैग्नोशियम का अच्छा स्त्रोत है, इसलिए यह बहुत जल्दी पच जाता है और आपके मेटाबॉलिज्म को दुरूस्त रखता है।

**केले से मिलने वाले अन्य फायदे**

**ऊर्जा का स्त्रेत :** केला ऊर्जा का बहुत अच्छा स्त्रेत माना गया है, इसमें औसतन 105 कैलोरी पाई जाती हैं जो शरीर को किसी भी प्रकार की कमजोरी से बचाती है। अगर आप व्यायाम करने के बाद थक जाते हैं, तो तुरंत एक केला खा लीजिए यह रक्त में ग्लूकोज का स्तर बढ़ा कर आपको शक्ति देगा।

**मांसपेशियों में होने वाली ऐंठन से बचाता है :** कभी-कभी आप बहुत ज्यादा मेहनत करते हैं जिसकी वजह से रात में पैरों में ऐंठन होने लगती हैं, इससे बचने के लिए केला खाएं, इसमें मैग्नीशियम और पोटाशियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है जो आपके पैरों में होने वाली ऐंठन से बचाती है।

**ब्लड प्रेशर नियंत्रित करता है :** केले में पोटाशियम की मात्रा अधिक होती है और सोडियम की मात्रा बहुत कम होती है जिसकी वजह से यह आपके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। यह आपके शरीर में पानी की कभी-कमी नहीं होने देता और आपके शरीर को दिल के दौरे और स्ट्रोक से बचाता है।

**केले से ऐसिडिटी कम होती है :** केले में ऐसे बहुत से तत्व पाए जाते हैं जो अम्लता यानि ऐसिडिटी से बचाते हैं। यह आपके पेट में अंदरूनी परत चढ़ा कर अलसर जैसी बीमारीयों से बचाता है।

**कब्ज को दूर करता है :** केले में फाइबर पाया जाता है, जिससे पाचन क्रिया मजबूत बनती है। गैस्ट्रिक की बीमारी वाले लोंगो के लिए केला बहुत प्रभावशाली उपचार है। वे लोग जिन्हें कब्ज की शिकायत रहती है, उन्हें केला खाना चाहिए।

**दस्त से बचाता है :** डायरिया की वजह से आपके शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे कमजोरी होने लगती है। केले में पोटाशियम काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इस लिए केला खाने से दस्त से बचा जा सकता है।

**केले में प्रोबायोटेक तत्व पाएं जाते हैं :** केले में एफओऐस के तत्व पाए जाते हैं, जो आंतों में गुणकारक जीवाणु का विकास कर के आपको पेट से जुड़ीं बीमारीयों से बचाता है।

**केला खाने से अच्छी नींद आती है :** केले में ट्रीप्टोफेन बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है जो सेरोटोनिन में बदल कर आपके मूड़ को अच्छा और एकाग्रता के स्तर को बढ़ाता है। जिससे आपको अच्छी नींद आती है।



# अब खाने के साथ आप बाउल भी खा जाएं

**नई दिल्ली।** फास्टफुड नेटवर्क संचालित करने वाली एक कंपनी ने पर्यावरण हितैषी पैकेजिंग पर जोर देते हुए अपने उत्पादों को खाने योग्य राइस बाउल में परोसने का परीक्षण शुरू किया है।कंपनी ने कहा कि बेंगलुरु स्थिति उसके दो रेस्तरां में इस बाउल का परीक्षण बृहस्पतिवार से शुरू हुआ। यह 04 मई तक चलेगा। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो इसका विस्तार दुनिया के दूसरे देशों में भी किया जाएगा। इस बाउल में शाकाहार और मांसाहार दोनों परोसे जा रहे हैं। इसकी शुरुआती कीमत 89 रुपए है। कंपनी ने कहा कि खाने योग्य यह राइस बाउल प्लास्टिक बाउल की जगह दिया जा रहा है। यह टॉरटिला से तैयार किए गए हैं। कुरकुरे टॉरटिला से निर्मित यह बाउल खाने योग्य है और पूरी तरह से बायो डिग्रेडेबल भी है। कंपनी अपने स्टोर में ही टॉरटिला आटे से ताजा बाउल तैयार कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल शिंदे ने कहा कि सामाजिक और पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार कंपनी होने के नाते वह किफायती और दीर्घकालिक समाधानों की तलाश कर रही है। कंपनी के देश में 81 शहरों में 300 से स्टोर है। इसी तरह से पूरी दुनिया के 130 देशों में 19 हजार से अधिक स्टोर हैं।



**इस बाउल में शाकाहार और मांसाहार दोनों परोसे जा सकते हैं**

**इस बाउल की शुरुआती कीमत 89 रुपए है**

## नौकरी से बाहर किया तो विमान के कर दिए टुकड़े

**रूस।** बात जब नौकरी की हो तो इंसान अपनी नौकरी बचाने के लिए हर संभव प्रयार करता है पर जब बात नहीं बनती तो गुस्सा आना लाजमी है। यही हुआ इस कर्मचारी के साथ यहां की एक विमान कंपनी में काम करने वाले एक कर्मचारी को जब नौकरी से निकाल दिया गया तो उसे इतना गुस्सा आया कि उसने डिगर से विमान ही तोड़ डाला। ये व्यक्ति रूसी एयरलाइन ''यूटीएयर' में काम करता था। जैसे ही उसे बताया गया कि कंपनी को उसकी जरूरत नहीं है, वह गुस्से में आ गया और उसने डिगर से विमान की कॉकपिट पर कई बार वार किए जिससे उसमें बड़ा सा छेद हो गया। ये विमान तीन इंजिनों वाला था। ये विमान बेकार हो चुके थे।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## लॉफिंग ज़ोन

पत्नी शराबी पति के शराब के अवगुण बताते हुए कह रही है, शराब एक धीमा जहर है। जो धीरे-धीरे मौत की ओर से जाता है।

ठीक है, इधर मरने की किसे जल्दी पडी है। पति इत्मिनान से बोला

नवबिवाहित बंतो- अगर मैं कभी मोटी हो जाऊगी तब भी तुम मुझे ऐसे ही चाहते रहोगे।

बता- हरगिज नही, मैने सिर्फबुरे दिनों में साथ रहने का वचन दिया है। मोटे पतले की कोई बात तय नहीं हुई थी।

पत्नी: 'हमारे पड़ोस में नए डॉक्टर रहने आए हैं, हमें उनसे मेल बढ़ाना चाहिए। क्या पता कब काम आ जाएं?'

पति: 'उनसे काम तो मरने के बाद ही पड़ेगा।'

पत्नी: 'क्यों?'

पति: 'वह तो सिर्फ पोस्टमॉर्टम करते हैं।'

फौजा सिंह- डॉक्टर साहब , मेरी पत्नी का शरीर बुखार से आग हो गया है।

डॉक्टर- तो आप फायर ब्रिगेड की मदद लीजिए, मैं फोन नम्बर बताता हूं।

## काकुरो पहेली - 4071



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 4070 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4071



**बायें से दायें:-**

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी हैं' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्रसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-4070



## सूडोकु -'4071

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | |
| 8 | 4 | | | 6 | | 9 | | 5 |
| 5 | | 6 | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 1 | 5 | 6 | 3 | | | 9 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 6 | | | 9 | 7 | 1 | 4 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | 7 | | 6 |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 2 | 1 |
| | | | 2 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4070 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 6 |

## शब्द पहेली - 4071



**बाएँ से दाएँ**

1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

शब्द पहेली -4070 का हल



## न्यूज फ्लैश

### पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदंड से न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया। शुक्रवार को न्यायालय स्पेशल पॉक्सो मथुरा द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 144/2022 धारा 376 भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट थाना जमुनापार जनपद मथुरा से सम्बन्धित अभियुक्त पिन्टू उर्फ अमित पुत्र सत्यप्रकाश निवासी बसन्त विहार कालौनी थाना जमुनापार मथुरा को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थदण्ड के अर्थदण्ड से न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया ।

### दो को आजीवन कारावास

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शुक्रवार को न्यायालय एडीजे चतुर्थ मथुरा द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 108/2015 धारा 302,201,34 आईपीसी थाना बलदेव जनपद मथुरा से सम्बन्धित अभियुक्त भीमसेन पुत्र तेज सिंह, द्वारिका पुत्र तेज सिंह निवासीगण ग्राम मुबारिक पुरी नरीपुरा थाना अछनेरा जनपद आगरा को आजीवन कारावास व 60-60 हजार रुपये के अर्थदंड से न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया।

### हत्या के मामले में दो को उम्र कैद

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शुक्रवार को न्यायालय एडीजे तृतीय मथुरा द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 1421/2018 धारा 302,201,34 आईपीसी थाना वृन्दावन जनपद मथुरा से सम्बन्धित अभियुक्त गण हरनाम पुत्र रुप सिंह, पूरन सिंह पुत्र छोटीलाल निवासीगण विकास नगर थाना हाईवे जनपद मथुरा को आजीवन कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड के अर्थदंड से न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया।

### कार ने मारी ऑटो को टक्कर

**मथुरा /टीम एक्शन इंडिया**

हाइवे स्थित नवीपुर कट के पास एक कार ने आगे चल रहे ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद टेम्पो पलट गया। हादसे में कई सवारियां घायल हो गईं। अज्ञात कार चालक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में सहनाज, हसीना, साद आदि हैं। दौताना गांव से एक ऑटो हरियाणा के होडल जा रहा था। ऑटो चालक ममन ने एक कार के नम्बर के आधार पर चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

### जींद : संडील में संदिग्ध परस्थितियों में गिरा मकान, दादी व पोती घायल

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**

गांव संडील में शुक्रवार को संदिग्ध परस्थितियों में मकान गिरने से छत पर सोई दादी-पोती घायल हो गई, जबकि अन्य सदस्यों को मामूली चोटें आई है। घायलों को नरवाना के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवाया है। जहां पर चिकित्सों द्वारा घायलों का ईलाज चल रहा है।

संडील निवासी मकान मालिक चंद्र ने बताया कि वीरवार शाम को घर के सभी सदस्य खाना खाकर मकान की छत पर सोए हुए थे। अचानक शुक्रवार सुबह मकान की छत गिरने से छत पर सोई दादी रतनी तथा पोती आशु घायल हो गई, जबकि लड़का भिशु तथा पुत्रवधु अंजू को मामूली चोटें आई है। आसपास के लोगों ने मकान गिरने की सूचना मिलते ही घायलों को रात को ही नरवाना के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया है, जहां उनका ईलाज चल रहा है।

### जींद : शादी को झांसा देकर छात्रा का यौन शोषण, मामला दर्ज

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**

महिला थाना पुलिस ने शादी का झांसा दे युवती का यौन शोषण करने पर पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ यौन शोषण करने, अपहरण करने, बंधक बनाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

सदर थाना इलाका गांव की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शहर के शिक्षण संस्थान में पढ़ती है। कुछ समय पहले उसकी दोस्ती संदरपुर करनाल निवासी अमन से हो गई थी। अमन ने उसे अपने प्यार में फांस लिया और शादी करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद आरोपित से पटियाला चौक इलाके में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी समय तक आरोपित ने उसे कमरे में बंधक बना कर रखा।

आरोपित पिछले एक माह से उसका यौन शोषण करता आ रहा है। जब उसने अमन पर शादी के लिए दबाव डाला तो आरोपित ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी और शादी करने से मना कर दिया। शुक्रवार को जानकारी देते हुए महिला थाना प्रभारी मुकेश ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित अमन के खिलाफ यौन शोषण करने, बंधक बनाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला अस्पताल से फरार हुआ मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश

## रात को पुलिस को मुठभेड में किया था गिरफ्तार, -आरोपी के फरार होने की सूचना पर पुलिस महक में मचा हड़कंप

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



रात को मुठभेड में गिरफ्तार हुआ बदमाश दिन में जिला अस्पताल से फरार हो गया। मुठभेड के दौरान बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी थी। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। फरार हुए बदमाश पर 25 हजार का इनाम भी घोषित था। रात को थाना महावन, थाना शेरगढ़ पुलिस एवं एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में 25 हजार रुपये के इनामी लुटेरा एवं बलात्कार के अभियोग में वांछित अभियुक्त मनोज उर्फ उत्तम पुत्र चन्द्रभान निवासी मई थाना शेरगढ जिला मथुरा को मुठभेड़ के दौरान लूटे हुए सामान, एक तमंचा, तीन जिन्दा व तीन खोखा कारतूस तथा चोरी की एक मोटर साईकिल सहित जगदीशपुर अंडरपास यमुना एक्सप्रेस वे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पर आरोप है कि महिला को लिफ्ट देने के बहाने अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा कर सुनसान स्थान पर ले जाकर लूट और बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में अभियोग पंजीकृत हुआ था। पुलिस अभिरक्षा से किस तरह बदमाश फरार हुआ या उसे उसके अन्य साथी अस्पताल से निकालकर ले गए अभी तक यह सवाल बना हुआ है, फिलहाल पुलिस बदमाश की तलाश में जुटी हुई है। बदमाश की निगरानी कर रहे पुलिस कर्मियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं, जिला अस्पताल से यह पहली बार नहीं हुआ कि बदमाश फरार हुआ हो, इससे पहले भी बदमाश अस्पताल से उपचार के दौरान फरार हुए हैं। आरोपी की तलाश के लिये पुलिस की आधा दर्जन टीमों को लगाया गया है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**तीन बजे लाये थे अस्पताल**

देर रात तीन बजे करीब पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था।

## यमुना पर पुल का कार्य 60 प्रतिशत पूरा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जनपद मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे से वृन्दावन (पागल बाबा मंदिर) तक (अन्य जिला मार्ग) चार लेन मार्ग के निर्माण (लम्बाई 7.278 किमी) एवं मार्ग निर्माण के संरेखण में आ रही यमुना नदी पर दो लेन सेतु का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया।

यह निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम आगरा द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग तथा सहायक अभियन्ता राज्य सेतु निगम उपस्थित रहें निरीक्षण के समय कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण पाया गया। कार्यदायी संस्था के सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि समस्त कार्य गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण कराये जाये तथा कार्य की प्रगति बढाते हुये निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराया जाए साथ ही साथ समय समय पर थर्ड पार्टी टेस्ट भी कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि सुरक्षा की हुई हाई लेवल समीक्षा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा उत्तर प्रदेश एवं अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा तथा अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी आगरा अनुभाग आगरा द्वारा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मन्दिर, शाही ईदगाह मस्जिद परिसर मथुरा की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए मन्दिर परिसर का स्थलीय भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। मन्दिर परिसर में स्थलीय निरीक्षण के समय पुलिस महानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा, पुलिस महानिरीक्षक आईबी, महानिरीक्षक सीआरपीएफ, जिलाधिकारी मथुरा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा, सेनानायक सीआरपीएफ एवं स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराये जाने के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## चोरी की सात मोटरसाइकिल, एक ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना गोवर्धन पुलिस द्वारा वाहन चोर गैंग के चार सदस्यों को चोरी के एक ट्रैक्टर ट्राली व सात मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त रोहित पुत्र रामप्रकाश, केदार पुत्र रमेश निवासीगण गांठौली थाना गोवर्धन, आकाश उर्फ गुठठल पुत्र हरी सिंह निवासी कुन्जेरा थाना गोवर्धन तथा अमित उर्फ नागा पुत्र इन्द्र सिंह निवासी बडा मोहल्ला गामेती अडीग थाना गोवर्धन को अडींग नहर से माधुरी कुंड की तरफ माधुरी कुंड फार्म हाउस से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा थाना गोवर्धन, एसआई प्रबल प्रताप सिंह थाना गोवर्धन, एसआई सोहनवीर थाना गोवर्धन,एसआई शैलेन्द्र शर्मा थाना गोवर्धन, एसआई विजय प्रकाश थाना गोवर्धन,एसआई यू.टी. अरनव सिरोही थाना गोवर्धन आदि थे।

## महानगर की इस गली में डेढ़ महीने से नहीं आ रही बिजली

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



अंडरग्राउंड विद्युत लाइन लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। विभाग के लिए भी मुसीबत कम नहीं है। बॉक्स में आई खराबी को सही कर उपभोक्ताओं को सप्लाई देने में करीब डेढ़ महीने लग गये पर लोगों को सप्लाई मिल नहीं सकी है। उपभोक्ता लगातार शिकायत कर रहे हैं और विद्युत विभाग की ओर से आश्वासन दिये जा रहे हैं। शुक्रवार को एक बार फिर महानगर के मनोहरपुरा की परचून गली गोल कुआं मनोहरपुरा के लोग कृष्णा नगर बिजली घर पहुंचे और अधिकारियों को अपनी परेशानी सुनाई। असरफ ने बताया कि इस गली में लम्बे समय से बिजली नहीं आ रही। यहां अंडरग्राउंड केबल डाली गई हैं। करीब डेढ़ महीने पहले बॉक्स में खराबी आ गई है। इसकी शिकायत की गई तो अंडरग्राउंड केबिल बदल दी गई। इसके बाद भी सप्लाई नहीं मिल सकी है। इस गली में करीब 50 हैं। इन मकानों की लाइट एक डेढ़ महीने से नहीं आ रही।

शिकायत करने वालों में मोहम्मद एहसान, यामीन, नाजीम, फहीम, आदिल, पप्पू, फैजान, कामिल, असगर, अरसद, मोहम्मद, मोहम्मद इखलाख आदि कृष्णा नगर बिजली घर पहुंचे और प्रार्थना पत्र दिया।

## ओशो ध्यान उपवन में बच्चे मेडिटेशन व रचनात्मक गतिविधियों में लेंगे हिस्साः स्वामी

**साहित्य सम्मेलन**

**▶▶बच्चों की छुपी प्रतिभा सामने लाने में सहायक सिद्ध होगा पांच दिवसीय चिल्ड्रन मेडिटेशन व सेलिब्रेशन रिट्रीट**

**हिसार : /टीम एक्शन इंडिया**



बच्चों की एकाग्रता बढ़ाने, रचनात्मक क्रियाओं से जोड़ने एवं सर्वांगीण विकास के लिए ओशो ध्यान उपवन में पांच दिवसीय चिल्ड्रन मेडिटेशन व सेलिब्रेशन रिट्रीट का आयोजन किया जा रहा है। 2 से 6 जून तक चलने वाले बच्चों के इस शिविर की तैयारियां सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में जोर-शोर से चल रही हैं। इस शिविर में बच्चों को मेडिटेशन करना सिखाया जाएगा। इसके साथ ही एनएलपी तकनीक, रोप एडवेंचर, ब्रेन जिम, योग, आर्ट एंड क्राफ्ट, मड बाथ, रेन डांस, गायन, नृत्य व फन एक्टिविटी सहित कई तरह की रचनात्मक क्रियाओं का समावेश रहेगा। चिल्ड्रन मेडिटेशन व सेलिब्रेशन रिट्रीट के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि आजकल बच्चों के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। अधिकतर बच्चे मोबाइल फोन या अन्य गैजेट्स पर अपना अधिकतर समय व्यतीत कर देते हैं। परिजनों की यह शिकायत भी रहती है कि उनका बच्चा एकाग्र होकर पढ़ाई या अन्य कार्य नहीं कर पाता। इसी भांति परिजन इस बात से भी परेशान रहते हैं कि बच्चे अपने करियर को लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी तथ्यों को समझते हुए ओशो ध्यान उपवन में पांच दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। स्वामी संजय ने बताया कि हर बच्चे में कोई न कोई नैसर्गिक प्रतिभा होती है। आवश्यकता तो यह होती है कि उस प्रतिभा को समझकर उसे निखारा व तराशा जाए। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से बच्चों को फन एक्टिविटी के साथ-साथ मेडिटेशन के माध्यम से एकाग्र होना सिखाया जाएगा।

इतना ही नहीं उनकी छुपी प्रतिभा को सामने लाने में भी यह शिविर कारगर साबित होगा। इसके साथ-साथ इन बच्चों को सही करियर चुनने संबंधी समुचित जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाएगी। स्वामी संजय ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से विशेषज्ञ व बच्चे शिरकत करेंगे। दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले बच्चों के लिए भोजन व आवास की समुचित व्यवस्था ओशो ध्यान उपवन में की जाएगी। उन्होंने साधकों से आह्वान किया कि बच्चों को ऐसे शिविर में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

**जीवन के संतुलन पर आधारित होगा ध्यान सत्र**

ओशो ध्यान उपवन में 2 जून को प्रातः 8.30 बजे से प्रातः 10 बजे तक जीवन के संतुलन पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। स्वामी संजय ने बताया कि इस ध्यान सत्र के दौरान भोजन, नींद, व्यायाम व कार्य सहित जीवन के हर आयाम में संतुलन साधने के उपायों पर चर्चा होगी।

इस दौरान साधकों को ध्यान की सरल विधियों से अवगत करवाते हुए उन्हें अभ्यास भी करवाया जाएगा।

## जींद : प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ एक झोलाछाप चिकित्सक गिरफ्तार

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**

नरवाना सीआईए पुलिस ने गांव रसीदां के निकट से एक झोलाछाप चिकित्सक को शुक्रवार को प्रतिबंधित नशीली दवाईयों के साथ काबू किया है। पकड़े गए आरोपित के पास से 960 नशीली अल्प्राजोलम की गोलियां बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपित की पहचान पंजाब के संगरुर जिले के गांव गुलाढी निवासी सोहनलाल के रूप में हुई है। आरोपित चिकित्सक धमतान साहिब गांव में क्लीनिक चलाता था।

सीआईए नरवाना की टीम एएसआई अवतार सिंह के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम के लिए धमतान साहिब गांव की तरफ गश्त पर गई हुई थी। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि पंजाब के संगरुर जिले के गांव गुलाढी निवासी सोहनलाल धमतान साहिब में झोलाछाप चिकित्सक है। वह गांव में नशीली दवाइयों को अवैध तरीके से बेचने का काम करता है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी की तो कुछ ही समय बाद रसींदा गांव की तरफ चिकित्सक जाते हुए दिखाई दिया तो पुलिस ने संदेह के आधार पर बाइक को रुकवाकर जांच की तो उसके पास एक डिब्बे में नशीली व प्रतिबंधित दवाइयां बरामद हुई।

इस डिब्बे में कुल 960 अल्प्राजोलम की टेबलेट थी। आरोपित गांव में ही इन दवाइयों को महंगे दामों पर गलत तरीके से बेचने का काम करता था। गढ़ी थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हस्तशिल्पियों दिए जाएंगे दक्षता पुरस्कार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र रामेन्द्र कुमार ने जनपद मथुरा के हस्तशिल्प कारीगरों को अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजना संचालित है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश में 20 राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार एवं 20 दक्षता पुरस्कार दिये जाने का प्राविधान हैं। अतः जनपद के हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों से अनुरोध है कि उक्त योजनान्तर्गत पुरस्कार प्राप्त करने हेतु अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों सहित आवेदन पत्र दिनांक 07 जुलाई 2024 तक जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र मथुरा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। कलाकृति को बनाते समय प्रक्रिया की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी भी आवेदन के साथ जमा करनी होगी ताकि कलाकृतियों समयान्तर्गत मण्डल स्तर पर चयन समिति के समक्ष प्रेषित करायी जा सकें।

## जिला कारागार से मोबाइल फोन, अफीम तथा चरस बरामद

**तलाशी अभियान**

**▶▶जेल उपाधीक्षक सुरेंद्र ने शिकायत में बताया कि जेल परिसर में तलाशी अभियान चला गया था।**

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**




सर्च अभियान के दौरान जिला कारागार में तीन संदिग्ध पैकिंग बरामद की गई, जिसमें मोबाइल, अफीम तथा चरस थी। जेल उपाधीक्षक की शिकायत पर शनिवार को सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात तीन युवकों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक, परिजनर एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वीरवार को जेल उपाधीक्षक सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जेल परिसर में जेल कर्मियों द्वारा तलाशी अभियान चला गया था। तलाशी के दौरान बैरक नंबर एक के पास, कैंटीन पार्क तथा बैरक एक तथा दो के बीच तीन पैकिंग मिली।

जब पैकिंगों को खोल कर देखा गया तो एक पैकिंग में चार मोबाइल सेट मिले। दूसरी पैकिंग में अफीम जैसा आठ ग्राम नशीला पदार्थ मिला। जबकि तीसरी पैकिंग में 12 ग्राम चरस पाई गई। जिन्हें कब्जे में ले लिया गया। जब आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों का खंगाला गया तो पट्रोप पंप की सामने वाली गली में बाइक खड़ी कर तीन युवक आते दिखाई दिए। जो पट्रोल पंप की दीवार फांद कर दीवार के साथ आते दिखाई दिए। जो दीवार पार से बॉलिग कर पैकिंगों को जेल परिसर में फैक कर फरार हो गए। शुक्रवार को जानकारी देते हुए सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि जेल उपाधीक्षक की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम तथा परिजनर एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## पशु चिकित्सालय के निर्माण कार्य में सीडीओ को मिलीं कमियां

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**



मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने जनपद मथुरा के अन्तर्गत राल वन गौशाला के समीप पशु चिकित्सालय के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह कार्य उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एंव श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड, प्रखण्ड आगरा द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के समय राल गौशाला के समीप निमार्णाधीन पशु चिकित्सालय भवन के निर्माण का कार्य गुणवत्ता एवं वर्कमेनशिप सन्तोषजनक नहीं पाया गया। स्थल पर ईंटों की चिनाई के कार्य में रद्दों के ज्वाइंट्स की कटिंग तकनीकी तरीके से सही नहीं की जा रही है, जिससे दीवाल के कौने जोड पर क्रेक विकसित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त निर्माण कार्य में मीठे पानी का प्रयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कार्य स्थल पर लगाये गये सबमर्सिबल पम्प से प्राप्त हो रहे पानी का प्रयोग किया जा रहा है, जो कि खारा है। ईंटो के बाहरी सतह पर सफेदी लोन आ रहा है तथा निर्माण कार्यों की समुचित तराई भी नहीं पायी गयी। कार्यस्थल पर निर्माण में मिक्स श्रेणी के ईंटों का प्रयोग किया जाना पाया गया तथा स्थल पर आपूर्ति की गयी ईंटों के कुछ चट्टे निम्न श्रेणी के लगे पाये गये। कार्य स्थल पर निरीक्षण के समय उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा प्रश्नगत स्थल का स्ट्रक्चरल ड्राइंग एवं बिल्डिंग ले आउट प्लान उपलब्ध नहीं कराया जा सका। कार्यस्थल पर फ्लोर में स्थानीय काली मिट्टी की फिलिंग की जा रही है, जबकि भवन के अन्दर बाहर से अच्छी गुणवत्ता की मिट्टी डाला जाना तकनीकी रूप से उचित होगा।

इसके सम्बन्ध में निरीक्षण के समय मौके पर उपस्थित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि ठेकेदार से समस्त कमियों को एक सप्ताह में निस्तारण करायें तथा ठेकेदार द्वारा निम्न स्तर की ईटों का जहां जहां प्रयोग किया गया है, को बाउंड्री अन्य स्थल से तुडवाकर निकलवाते हुए अच्छे किस्म की ईटों का प्रयोग कराएं। एक सप्ताह में समस्त कमियों का निराकरण कराते हुऐ प्रत्येक 15 दिवस के अन्तराल पर स्वयं निरीक्षण करते हुऐ निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा ठेकेदार को नोटिस जारी करें कि यदि एक सप्ताह में उपरोक्त कमियों का निस्तारण नहीं किया जायेगा तो सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार ब्लैक लिस्ट की कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य को तत्काल रोककर समस्त ड्राइंग एवं अभिलेखों का परीक्षण तथा स्ट्रक्चरल वेटिंग कराते हुऐ रिपोर्ट अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग मथुरा को उपलब्ध करायें।

## आंधी में टूटे पोल, विद्युत आपूर्ति बाधित

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

गुरुवार को आई आंधी से जगह जगह विद्युत पोल टूट गये। राया मथुरा मार्ग पर राया के पास विशाल वृक्ष कई जगह टूट कर विद्युत लाइन पर जा गिरे। इससे पोल और तार टूट गये। विद्युत सप्लाई बाधित हो गई। विद्युत विभाग को भी बड़ा नुकसान हुआ है। राया में विद्युत अव्यवस्था के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई। लाईट नहीं आने के चलते गर्मी से बचने के लिए लोगों ने सड़कों पर घुम कर और छतों पर सो कर रात काटी। वहीं आंधी में बड़ी संख्या में हरे पेड़ टूट कर गिरने से वन विभाग को भी भारी नुक्सान होने की भी सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता। उपखंड अधिकारी राया देवेंद्र कुमार ने बताया कि कल आंधी आने से राया सब डिवीजन में 35 विद्युत पोल, तीन ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिससे विभाग को कई लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। जिसका आकलन किया जा रहा है। विद्युत पोल टूटनें से ग्रामीण क्षेत्र में करीब 12 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रही थी। जल्द ही कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जहां विद्युत लाइन सही कर ली गई है। वहां सप्लाई चालू कर दी गई है। जहां लाइट चालू नहीं हुई है उन लाइनों पर काम चल रहा है जल्द ही सप्लाई चालू कर दी जाएगी।



**फोटो –**
राया मथुरा मार्ग पर राया के पास पेड गिरने से टूटे विद्युत पोल।

## खाद्य तेलों में टिकाव; चीनी-गुड़ सस्ता, चना और मसूर दाल महंगी



एजेंसी
**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि चीनी और गुड़ सस्ता रहा वहीं चना, चना दाल और मसूर दाल के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 23 रिंगिट उतरकर 4005 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.75 सेंट की गिरावट लेकर 45.13 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक प्रेफरेंस शेयर से जुटाएगा 3200 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने गुरुवार को कहा कि उसने 3200 करोड़ जुटाने के लिये प्रेफरेंशियल शेयर्स जारी करने का निर्णय किया है। शेयर बाजारों को दी गयी सूचना के अनुसार निजी क्षेत्र की अग्रणी बैंक आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के निदेशक मंडल ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कंपनी द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार निदेशक मंडल ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड से 80.63 रुपये प्रति शेयर के भाव पर प्रेफरेंशियल शेयर्स जारी करके 3,200 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के प्रति शेयर की कीमत 1.23 प्रतिशत बढ़ कर 78.10 रुपये हुआ।




## रिलायंस, टाटा, सीरम इंस्टी. टाइम पत्रिका की 100 प्रभावशाली कंपनियों की सूची में

**नई दिल्ली।** मशहूर अमेरिकी समाचार पत्रिका 'टाइम' की वर्ष 2024 के लिए दुनिया की सबसे प्रभावशाली 100 कंपनियों की सूची में तीन भारतीय कंपनियों-रिलायंस इंडस्ट्रीज, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और टाटा ग्रुप को स्थान मिला है। इस सूची में कंपनियों को पांच वर्ग में रखा गया है। इसमें लीडर्स, डिसरप्टर्स, इनोवेटर्स, टाइटन्स और पायनियर्स श्रेणी शामिल हैं। रिलायंस और टाटा ग्रुप को टाइटन्स (दिग्गज कंपनियों की) श्रेणी में स्थान मिला है। जबकि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को पायनियर्स (नयी राहें दिखाने वाली कंपनियों की) श्रेणी में रखा गया है। प्रत्येक कैटेगरी में 20 कंपनियों को शामिल किया गया है।

## बिकवाली दबाव से दड़ा गेहूं 75 रुपए नीचे आकर 2550 रुपए बिका

**जयपुर।** गेहूं की कीमतों में इन दिनों एक बार फिर मंदी का रुख बना है। जयपुर मंडी में मिल डिलीवरी दड़ा गेहूं नैट के भाव गुरुवार को 75 रुपए नीचे आकर 2550 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास रह गए हैं। गेहूं का उत्पादन अधिक होने के बावजूद सरकारी एवं गैर सरकारी एजेंसियों की खरीद चलने से पिछले दिनों गेहूं के भाव उछल गए थे। इस साल गेहूं की बिजाई 324 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में होने का अनुमान आया था। फसल अनुकूल होने से गेहूं का सकल उत्पादन 1121 लाख टन के करीब हुआ है, जबकि पिछले साल यह पैदावार सरकारी आंकड़ों के अनुसार 1107 लाख टन थी। मित्तल दलिया के निर्माता मुकुल मित्तल ने बताया कि गेहूं उत्पादन में बढ़ोतरी होने के बावजूद सरकार द्वारा 2275 रुपए प्रति क्विंटल में लिवाली किए जाने से अब तक केन्द्रीय पूल में 262.5 लाख टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। खरीद 30 जून तक होनी है। पिछले साल वर्ष 2023-24 में गेहूं की सकल खरीद 362 लाख टन हुई थी। सरकार ने गेहूं का खरीद लक्ष्य 372.9 लाख टन निर्धारित किया गया है। मगर सूत्रों का कहना है कि मंडियों में खरीद एवं आपूर्ति को देखते हुए 320 लाख टन खरीद होने की संभावना बनी हुई है। पंजाब में अब तक गेहूं की खरीद 135 लाख टन हो चुकी है। पंजाब में यह खरीद 2275 रुपए प्रति क्विंटल में हो रही है। जबकि राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में 125 रुपए प्रति क्विंटल के बोनस सहित 2400 रुपए प्रति क्विंटल में खरीद हो रही है। अब तक 22.3 लाख किसानों को गेहूं की खरीद में 59715 करोड़ रुपए का लाभ हो चुका है। इस सब के बावजूद प्राइवेट सेक्टर के स्टॉकिस्ट भी गेहूं की खरीद में अच्छी रुचि दिखा रहे हैं। मध्य प्रदेश की मंडियों में गेहूं 2450 रुपए बिककर वर्तमान में 2400 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास आ गया है। दिल्ली में भी गेहूं के भाव कल तक महंगे बोले जा रहे थे।

## चलन में मौजूद 500 रुपये के नोट की कुल हिस्सेदारी 86.5 फीसदी : आरबीआई

एजेंसी
**मुंबई।** देश में चलन में मौजूद 500 रुपये मूल्य के नोटों की हिस्सेदारी मार्च, 2024 तक बढ़कर 86.5 फीसदी हो गई है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 77.1 फीसदी थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है।

आरबीआई ने जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि चलन में मौजूद कुल मुद्रा में 500 रुपये मूल्य के नोट की हिस्सेदारी मार्च, 2024 तक बढ़कर 86.5 फीसदी हो गई है जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 77.1 फीसदी थी। रिजर्व बैंक ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में इस उछाल की वजह पिछले साल मई में 2 हजार रुपये मूल्य के नोट को वापस लेने की घोषणा को बताया है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक इस फैसले की वजह से 2 हजार रुपये मूल्य के नोट की हिस्सेदारी एक साल पहले की समान अवधि के 10.8 फीसदी से घटकर सिर्फ 0.2 फीसदी रह गई है।



आरबीआई की आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च, 2024 तक मात्रा के हिसाब से 500 रुपये मूल्य के सर्वाधिक 5.16 लाख नोट मौजूद थे, जबकि 10 रुपये के नोट 2.49 लाख संख्या के साथ दूसरे स्थान पर रहे। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक जनता के पास मौजूद 2 हजार रुपये के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये मूल्य के नोटों में से 97.7 फीसदी 31 मार्च, 2024 तक वापस कर दिए गए थे। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2023-24 में आरबीआई ने मुद्रण पर 5,101 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में आरबीआई ने 4,682 करोड़ रुपये खर्च किए थे।

## जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने जियो फाइनेंस ऐप किया लॉन्च

एजेंसी
**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने जियो फाइनेंस ऐप को लॉन्च किया है। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के बीटा वर्जन इस ऐप पर उपभोक्ता को डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई लेनदेन, बिल पेमेंट और इंश्योरेंस एडवाइजरी जैसी सर्विसेज मिलेंगी।

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के प्रवक्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य वित्तीय सेवाओं को अधिक पारदर्शी, किफायती और सहज बनाना है। इसमें लोन, निवेश, बीमा, भुगतान और लेन-देन जैसी व्यापक पेशकशों के साथ हर वर्ग के लोगों के लिए एक ही मंच पर वित्त से संबंधित हर चीज शामिल है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह ऐप डिजिटल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेन-देन, बिल पेमेंट, बीमा सलाह जैसी सर्विस सहजता से उपलब्ध होगी। इसके साथ ही उपयोगकर्ता को सहज तरीके से विभिन्न खातों और बचत को देखने की सुविधा भी होगी।




इसके अलावा इसके जरिए म्यूचुअल फंड पर लोन लेने की सुविधा भी मिलेगी।कंपनी ने कहा कि इस पहल का मकसद हर वर्ग के लोगों के लिए एक ही मंच पर वित्त से संबंधित उत्पादों को उपलब्ध कराना और वित्तीय सेवाओं को अधिक पारदर्शी, किफायती और सहज बनाना है। यह पायलट आधार पर शुरू किया गया है। इसके तहत इसमें सुधार के लिए उपयोगकर्ता से सुझाव लिये जाएंगे। इसकी मुख्य विशेषताओं में 'जियो पेमेंट्स बैंक अकाउंट' सुविधा के साथ तत्काल डिजिटल खाता खोलना और सुव्यवस्थित बैंक प्रबंधन शामिल हैं।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिकवाली का दबाव, बिटकॉइन में मामूली तेजी, एथेरियम में गिरावट

एजेंसी
**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन समेत सिर्फ 3 आभासी मुद्राएं मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। एथेरियम समेत 7 क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में हैं।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 67,881.25 डॉलर यानी 56.53 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज 1.97 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,740.99 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा अन्य क्रिप्टो करेंसीज में से टेथर 0.05 प्रतिशत और यूएसडी कॉइन 0.02 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीएनबी 0.91 प्रतिशत, सोलाना 1.77 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.67 प्रतिशत, डॉगकॉइन 3.61 प्रतिशत, टॉनकॉइन 0.22 प्रतिशत और कार्डानो 2.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.53 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 210.69 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी गिरावट आई है।



इस अवधि में कुल 8,211 करोड़ डॉलर यानी 6.84 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 9.21 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.63 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 52.93 प्रतिशत हो गई है।

## आरबीआई का 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 7 फीसदी रहने का अनुमान

एजेंसी
**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारुपन दिखाया है। रिजर्व बैंक ने अपनी इस रिपोर्ट में अप्रैल 2023 से मार्च 2024 की अवधि के लिए केंद्रीय बैंक के कामकाज को शामिल किया गया है।




रिजर्व बैंक ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.0 फीसदी में जोखिम दोनों तरफ समान रूप से संतुलित होंगे। ताजा रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त 2023-24 में मजबूत गति से विस्तार किया, जिससे वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 7.6 फीसदी हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 7.0 फीसदी थी। ये लगातार तीसरे वित्त वर्ष में सात फीसदी या उससे अधिक रही है।

## खान मंत्रालय का लघु खनिज क्षेत्र में सुधार के लिए केंद्र व राज्य के बीच सामूहिक पहल पर जोर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केंद्रीय खान मंत्रालय ने बेंगलरु में ग्रेनाइट और संगमरमर खनन पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। खान सचिव वीएल कांता राव ने इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए लघु खनिज क्षेत्र में सुधार के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सामूहिक पहल पर जोर दिया। खान मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि कर्नाटक के बेंगलुरु में ग्रेनाइट और संगमरमर खनन पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान खान सचिव ने खनन क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों और सुधारों को रेखांकित किया। उन्होंने राज्य सरकारों से लघु खनिज क्षेत्र में भी ऐसे सुधार करने का अनुरोध किया।खान सचिव ने कहा कि केंद्र ने 'नेशनल जियो-डेटा रिपोजिटरी' मंच के जरिए व्यापक डेटा और अन्वेषण संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई है, जिससे सभी हितधारकों के लिए डेटा तक पहुंच आसान हो गई है। उन्होंने खोजने के लिए सरकार तथा उद्योग के बीच सहयोग के महत्व पर बल दिया। इस कार्यशाला में केंद्रीय खान मंत्रालय की संयुक्त सचिव डॉ. वीना कुमारी



डी, कर्नाटक के खान एवं भूविज्ञान सचिव रिचर्ड विंसेंट, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण बेंगलुरु के वरिष्ठ पदाधिकारी; आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु के खनन और भूविज्ञान निदेशालय; सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, निजी खनन उद्योग के प्रतिनिधि, खनन संघ और अन्य हितधारक शामिल हुए। कहा कि केंद्रीय एजेंसियों से एकत्रित आंकड़ों पर आधारित इस पहल का उद्देश्य खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना है। इस अवसर पर मौजूद कर्नाटक सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव और विकास आयुक्त डॉ. शालिनी रजनीश ने ग्रेनाइट एवं संगमरमर खनन क्षेत्र में प्रशासनिक, प्रौद्योगिकी और अन्य मुद्दों का समाधान

## ईईटी रिटेल का महत्वाकांक्षी विस्तार पर काम जारी

एजेंसी
**स्टेनलो ।** ईईटी फ्यूल्स की खुदरा इकाई ईईटी रिटेल ने हाल ही में दो नये सर्विस स्टेशन दोबारा शुरू किये हैं। इस साल ऐसे और सर्विस स्टेशन खोले जाने की उम्मीद है। नये ब्रांडेड स्पैल्डिंग सर्विस स्टेशन और ओखम सर्विस स्टेशन एस्सार सर्विस ब्रांड के लिए सुविधा और सेवा के नये युग का संकेत देते हैं।

यह विस्तार एस्सार-ब्रांडेड ईंधन वाले खुदरा आउटलेट का महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो विकसित करने की एक नयी भविष्य की सोच वाली रणनीति का हिस्सा है। यह यूके में ग्राहकों के लिए 'रिटेलर ऑफ च्वाइस' बनने के ईईटी रिटेल के विजन के अनुरूप है। इसके अलावा, कंपनी अपने विकास को और गति देने के लिए संभावित अधिग्रहण के अवसरों की सक्रिय रूप से पहचान कर रही है। बढ़ते आउटलेट नेटवर्क और देश में ब्रांड की बढ़ती उपस्थिति से कंपनी को ग्राहकों के लिए चीजों को आसान, कर्मचारियों के लिए सरल और रिटेलरों के लिए मूल्यवान बनाकर 'समुदाय की सुविधा का चालक'




बनने का वादा पूरा करने में मदद मिलेगी। ईईटी रिटेल के दीर्घकालीन विजन में ग्राहक को अच्छा वैल्यू प्रदान करना, कम कार्बन उत्सर्जन के रेंज ऑफर करना, उच्च गुणवत्ता वाले ईंधन और ई-मोबिलिटी तथा सुविधा के विकल्पों सहित ड्राइवरों की लगातार बदलती जरूरतों का ख्याल रखना शामिल है। एस्सार के ओखम और स्पैल्डिंग सर्विस स्टेशनों पर वाहनों में ईंधन भरने के अलावा असाधारण सेवाओं तथा विभिन्न प्रकार की जन सुविधाओं पर फोकस रखते हुए सामुदायिक सुविधा को बढ़ावा देना शामिल है। ईईटी रिटेल के सीईओ नारायण भात्रा ने कहा, 'हम यूके रिटेल सेक्टर में विकास और नवाचार की एक उत्साहजनक यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं। हम विश्वासपूर्वक अपनी श्रेणी में सर्वोत्तम फ्यूल आउटलेट खोलने और सहभागिताओं का ऐसा नेटवर्क तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो एस्सार की 'ग्राहक सबसे पहले' की सोच के अनुरूप हो।'

ईईटी फ्यूल्स अपने आधुनिक रोड टर्मिनल के जरिये उत्तर-पश्चिम और मिडलैंड यूके के एनर्जी कॉरिडोर को सेवा प्रदान करता है। वहीं, कंपनी के रणनीतिक पाइपलाइन कनेक्शन दक्षिण पश्चिम और दक्षिण पूर्व ब्रिटेन के लिए आपूर्ति की क्षमता को मजबूती प्रदान करते हैं।

## सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, महंगा हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी
**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन मजबूती नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट और 22 कैरेट सोने के भाव में पिछले दिन के मुकाबले 250 रुपये से लेकर 300 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 73,920 रुपये से लेकर 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,760 रुपये से लेकर 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी मजबूती आई है। आज की तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 97,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।



लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# वैश्विक दबाव में लुढ़का शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी
**नई दिल्ली।** वैश्विक दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार पांचवें कारोबारी दिन गिरावट का माहौल बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद शेयर बाजार में खरीदारी के सपोर्ट से मामूली तेजी का रुख भी बना। लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार गिरते चले गए। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.59 प्रतिशत और निफ्टी 0.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.96 प्रतिशत से लेकर 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले, टाइटन कंपनी और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के शेयर 4.16 प्रतिशत से लेकर 2.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,114 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 716 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,398 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 23 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 8 शेयर हरे निशान में और 42 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।बीएसई का सेंसेक्स आज 137.02 अंक की कमजोरी के साथ 74,365.88 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक उछल कर 74,493.55 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण ये सूचकांक लगातार गिरता चला गया।




बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10¬15 बजे सेंसेक्स 440.10 अंक की कमजोरी के साथ 74,062.80 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 87.25 अंक टूट कर 22,617.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही लिवालों ने खरीदारी का जोर बनाने की कोशिश की, जिसके कारण ये सूचकांक रिकवरी करके हरे निशान में 22,705.75 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। लेकिन इसके बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10¬15 बजे निफ्टी 141.45 अंक की कमजोरी के साथ 22,563.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 667.55 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,502.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 183.45 अंक यानी 0.80 प्रतिशत फिसल कर 22,704.70 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस आईपीओ 13.5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ हुआ लिस्ट

एजेंसी
**मुंबई ।** ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के स्टॉक की शेयर बाजार में सकारात्मक लिस्टिंग हुई। एनएसई पर ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का शेयर 13.58 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ इश्यू प्राइस 383 के मुकाबले 435 पर लिस्ट हुआ। बीएसई पर ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का शेयर 12.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 432 रुपये पर लिस्ट हुआ। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के शेयर की लिस्टिंग उम्मीद से कम हुई है। बाजार के जानकारों का मानना है कि इसकी लिस्टिंग 500 रुपये से लेकर 510 के बीच हो सकती है। बता दें, ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस के आईपीओ को बाजार से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। बीएसई के डेटा के मुताबिक, आईपीओ 108.56 गुना सब्सक्राइब हुआ था। योग्य संस्थागत खरीददारों (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व कोटा 116.95 गुना,




गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए रिजर्व कोटा 129.81 गुना और रिटेल निवेशकों के लिए रिजर्व कोटा 54.58 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कर्मचारियों के लिए रिजर्व कोटा 25.20 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ में क्यूआईबी के लिए 75 प्रतिशत, गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए 15 प्रतिशत और रिटेल निवेशकों के लिए 10 प्रतिशत कोटा रिजर्व रखा गया था। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस स्टार्टअप, एमएसएमई, कॉरपोरेट और एमएनसी कंपनियों के लिए ऑफिस स्पेस उपलब्ध कराने का कार्य करती है। कंपनी कई कोवर्किंग स्पेस भी चलाती है। ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस, ऑफिस स्पेस उपलब्ध कराने वाली पहली लिस्टेड कंपनी है। कंपनी की ओर से 598 करोड़ रुपये का आईपीओ लॉन्च किया गया था। इसमें से 128 करोड़ फ्रेश इश्यू था, जबकि 470 करोड़ का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) था।

# उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग ने कई रॉकेट लॉन्चर प्रदर्शनों का देखा



**एजेंसी**
**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया की संप्रभुता का उल्लंघन करने वाले दक्षिण कोरिया के कदमों के जवाब में उत्तर कोरिया की विशाल मल्टीपल रॉकेट इकाइयों ने अपने शीर्ष नेता के आदेश के तहत एक शक्ति प्रदर्शन फायरिंग की। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी ( केसीएनए) ने यह जानकारी दी। केसीएनए की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के महासचिव और उत्तर कोरिया के राज्य मामलों के अध्यक्ष किम जोंग उन ने कहा कि यह गोलीबारी यह दिखाने के लिए की गई थी कि अगर हमारे प्रतिद्वंद्वी हमें उकसाएंगे तो उन्हें क्या परिणाम भुगतने होंगे। किम ने उत्तर कोरियाई परमाणु बलों से युद्ध को रोकने और किसी भी समय और अचानक स्थितियों में युद्ध में पहल करने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए और अधिक अच्छी तरह से तैयार रहने का आह्वान किया।

# अमेरिका ने डेयरी प्रकोप से जुड़े तीसरे मानव बर्ड फ्लू मामले की पुष्टि की

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंजा (एचपीएआई) ए (एच5) वायरस संक्रमण के दूसरे मानव मामले की पहचान की गई है। यह देश की डेयरी गायों में ए



(एच5एन1) के चल रहे मल्टीस्टेट प्रकोप से जुड़ा तीसरा मानव मामला है। अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के अनुसार नया मामला एक डेयरी फार्म कर्मचारी का है जो संक्रमित गायों के संपर्क में आया था, जो संभवतः गाय से व्यक्ति में फैलने के कारण हुआ। सीडीसी के अनुसार अमेरिका में एच5 का यह पहला मानव मामला है, जिसमें ए (एच5एन1) वायरस सहित इन्फ्लूएंजा वायरस संक्रमण से जुड़ी तीव्र श्वसन बीमारी के अधिक विशिष्ट लक्षण सामने आए हैं।

# पाकिस्तान में गैस सिलेंडर विस्फोट में 40 लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत में गैस सिलेंडर में विस्फोट हो जाने से कम से कम 40 लोग घायल हो गए। घायलों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। जिले की पुलिस ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह घटना प्रांत के हैदराबाद जिले में गैस सिलेंडर बेचने वाली एक दुकान में हुई। पुलिस ने बताया कि विस्फोट से भीषण आग लग गई और तेजी से आसपास के कई घरों में फैल गई जिससे लोगों को भागने का बहुत कम समय मिला। घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 10 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है पुलिस ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

# बाइडेन प्रशासन कर रहा यूक्रेन पर लगे हथियार प्रतिबंधों को हटाने पर विचार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रशासन ने कुछ दिन पहले यूक्रेन पर अपने हथियारों से रूसी क्षेत्र में हमला करने पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन अब रूस के यूक्रेनी क्षेत्रों की ओर बढ़ते कदमों को देखते हुये अपने हथियारों से प्रतिबंध हटाने पर विचार कर रहा है। पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका प्रतिबंध हटाने पर इसलिये विचार कर रहा है क्योंकि रूस के सैनिक लगातार यूक्रेनी क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे यहां के हालात पहले से अधिक बिगड़ते रहे हैं जबकि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा कि नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, अभी तक प्रतिबंध हटाने पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

# 'पॉर्न स्टार' को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में ट्रंप दोषी करार, 11 जुलाई को सुनाई जाएगी सजा

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** 'पॉर्न स्टार' स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप कोलकारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों में बृहस्पतिवार को दोषी पाया गया और इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव प्रचार अभियान दल ने कहा कि कानून से ऊपर कोई भी नहीं है, जबकि ट्रंप ने कहा कि यह फैसला एक दोषपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था का परिणाम है। ट्रंप को सजा सुनाए जाने की तिथि 11 जुलाई निर्धारित की गई है।

इसके चार दिन बाद ही विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन' में उन्हें पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनावों में औपचारिक रूप से पार्टी उम्मीदवार नामित किया जाना है। ट्रंप ने उनके खिलाफ फैसला सुनाए जाते ही कहा, ''यह शर्मनाक है। यह एक विवादित



न्यायाधीश द्वारा की गई दोषपूर्ण, भ्रष्ट सुनवाई थी।'' उन्होंने कहा, ''असली फैसला पांच नवंबर को लोग सुनाएंगे। वे जानते हैं कि यहां क्या हुआ और हर कोई जानता है कि यहां क्या हुआ।'' उन्होंने कहा, ''मैं निर्दोष हूं।

मैं अपने देश के लिए लड़ रहा हूं। मैं अपने संविधान के लिए लड़ रहा हूं। हमारे पूरे देश में इस समय धांधली हो रही है।'' ट्रंप ने आरोप लगाया कि बाइडन प्रशासन ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को नुकसान पहुंचाने के लिए ऐसा किया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि यह शर्मनाक है और इसके खिलाफ हम लड़ते रहेंगे। हम अंत तक लड़ेंगे और हम जीतेंगे क्योंकि हमारा देश नरक में चला गया है।''

बाइडन के चुनाव प्रचार अभियान ने जूरी के फैसले का स्वागत किया। 'बाइडेन-हैरिस 2024 कम्युनिकेशंस' के निदेशक माइकल टायलर ने कहा, ''हमने आज न्यूयॉर्क में देखा कि कानून से ऊपर कोई भी नहीं है।'' ट्रंप द्वारा पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का यह मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पॉर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इसे छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था। पूर्व राष्ट्रपति की कंपनी ने यह धन उनके वकील माइकल कोहेन को दिया था जिन्होंने ट्रंप की ओर से पॉर्न स्टार को इसका भुगतान किया।

# मिनियापोलिस में गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी की मौत, संदिग्ध बंदूकधारी समेत दो मारे गए



**एजेंसी**
**मिनियापोलिस।** अमेरिका के मिनियापोलिस में एक पुलिस अधिकारी पर घात लगाकर गोलीबारी की गई, जिसमें उसकी मौत हो गई तथा इस मुठभेड़ में संदिग्ध बंदूकधारी सहित दो अन्य लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी गोलीबारी की सूचना मिलने पर एक घायल व्यक्ति को चिकित्सा सहायता प्रदान कर रहा था उसी दौरान उस पर घात लगाकर हमला किया गया। मिनेसोटा ब्यूरो ऑफ क्रिमिनल अप्रेहेन्शन के अधीक्षक ड्रू इवांस ने बताया कि मिनियापोलिस के अधिकारी जमाल मिशेल एक घायल व्यक्ति की मदद करने की कोशिश कर रहे थे तभी एक व्यक्ति ने उन पर गोली चला दी। मिनियापोलिस पुलिस ने स्थानीय निवासियों को घटनास्थल के आस-पास नहीं जाने की सलाह दी है। मिनेसोटा पुलिस और पीस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने कहा कि हमलावरों की ओर से हो रही गोलीबारी का जबाव देते समय एक दूसरा अधिकारी घायल हो गया।

# पाकिस्तान, अजरबैजान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, सहयोग को व्यापक बनाने पर सहमत



**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अजरबैजान के विदेश मंत्रियों ने गुरुवार को व्यापार, रक्षा, जलवायु कार्रवाई और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी सहित आपसी हित के सभी क्षेत्रों में सहयोग का दायरा बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने यहां एक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तान की दो दिवसीय यात्रा के दौरान पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार और अजरबैजान के विदेश मंत्री जेहुन बायरामोव के बीच एक बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए मजबूत प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। वे संसदीय आदान-प्रदान को बढ़ाने, सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत करने और छात्रों, शिक्षाविदों और व्यापारिक लोगों सहित लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर भी सहमत हुए। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष जलवायु कार्रवाई और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और विशेषकर ऊर्जा क्षेत्र में द्विपक्षीय निवेश बढ़ाने के लिए आर्थिक सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करने पर सहमत हुए।

# पाकिस्तान के Supreme Court ने पत्र लिखकर ब्रिटेन से पिछली गलतियां सुधारने का किया आग्रह

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने ब्रिटिश उच्चायुक्त जेन मैरियट को पत्र लिखकर ब्रिटेन से अपनी पिछली गलतियों को सुधारने का आग्रह किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह बात कही गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, यह पत्र प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा के निर्देश पर उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्रार द्वारा भेजा गया था।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्चायुक्त मैरियट ने हाल ही में लाहौर में आयोजित अस्मा जहांगीर सम्मेलन में लोकतंत्र और खुले समाजों के बारे में बात की थी, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया था कि ब्रिटेन को पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय से सीख लेनी चाहिए जिसने अपनी गलतियों को सुधारा है। पत्र में कहा गया है,




पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने अपनी गलतियों को सुधारा है और यह जरूरी है कि ब्रिटेन भी अपनी गलतियों को स्वीकार करे और सुधारे। पत्र में कहा गया है कि ईरान में 1953 का तख्तापलट और बाल्फोर घोषणा के माध्यम से इजराइल की स्थापना ऐतिहासिक गलतियां थीं। पत्र में कहा गया है, हमें ईमानदार होना चाहिए और खुलेपन की भावना के साथ पिछली गलतियों को स्वीकार करना चाहिए। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने अपनी पिछली गलतियों को पहचाना है, उन्हें ठीक किया है और यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि वे दोहराई न जाएं। पत्र में यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला गया है, जैसा कि किंग चार्ल्स तृतीय की सरकार खुले समाज और लोकतंत्र की ज़रूरत पर ज़ोर देती है... हम आपके देश के लोगों के खुलेपन और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करते हैं।÷ पत्र में ब्रिटेन से अपनी गलतियों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया है, लेकिन इसमें अविभाजित भारत में ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा किए गए जघन्य अपराधों का उल्लेख नहीं किया गया है।

# जेल में बंद इमरान खान को राहत, नौ मई 2023 के दंगों से जुड़े दो मामलों में बरी

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने नौ मई, 2023 की हिंसा से संबंधित दो मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके खिलाफ 'अपर्याप्त सबूत' का हवाला देते हुए बरी कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान के समर्थकों ने पिछले साल नौ मई को कथित भ्रष्टाचार मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था।

पीटीआई संस्थापक के खिलाफ शहजाद टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज दो मामलों को चुनौती देने वाली याचिका को इस्लामाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने मंजूरी दे दी। अदालत ने खान (71) को बरी करने का आदेश देते हुए अपने फैसले में कहा, ÷चूंकि अभियोजन द्वारा पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए हैं, इसलिए पीटीआई संस्थापक को बरी किया जाता है। खान को 15 मई को दो मामलों में बरी कर दिया गया



था। न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिब बिलाल ने पूर्व प्रधानमंत्री की याचिका मंजूर करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश जारी किया। खान के खिलाफ दोनों मामले इस्लामाबाद के खन्ना पुलिस स्टेशन में दर्ज किए गए थे।

पीटीआई संस्थापक के खिलाफ लंबे मार्च और अनुच्छेद 144 के उल्लंघन के लिए मामले दर्ज किए गए थे। खान की गिरफ्तारी के बाद, उनके हजारों समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग समेत एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया।

# उत्तर कोरिया ने जापान सागर की ओर दागीं कई बैलिस्टिक मिसाइलें, घबराए दक्षिण कोरिया का दावा

**एजेंसी**
**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने गुरुवार तड़के जापान सागर की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी जिससे क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया है। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने उत्तर कोरिया के इस कदम कड़ी निंदा की की है और अमेरिका तथा दक्षिण कोरिया के साथ सहयोग की उम्मीद जताई है। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने दक्षिण कोरियाई संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के हवाले से बताया कि प्योंगयांग ने आज जापान सागर की ओर कुल 10 छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

रिपोर्ट में जापानी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया गया कि संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरीं। एनएचके ने किशिदा के हवाले से कहा, उत्तर कोरिया द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों का प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों का उल्लंघन करता



है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। हम जानकारी एकत्र करने और निगरानी बनाए रखने का काम जारी रखेंगे। हमें अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ घनिष्ठ सहयोग बनाए रखने की उम्मीद है।

जापानी समाचार एजेंसी क्योडो ने दक्षिण की सेना के हवाले से बताया कि मिसाइलें समुद्र में गिरने से पहले लगभग 350 किलोमीटर (217 मील) की दूरी तय कर चुकी थीं।

# ईरान ने इब्राहिम रईसी के हेलिकॉप्टर दुर्घटना के पीछे साजिश की आशंका से किया इनकार, जारी की रिपोर्ट

**एजेंसी**
**चेम्सफोर्ड।** तेहरान। ईरान ने ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके दल के हेलिकॉप्टर की दुर्घटना के पीछे किसी साजिश अथवा गड़बड़ी की आशंका से इनकार किया है, जिसमें राष्ट्रपति समेत हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मृत्यु हो गयी थी। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि सशस्त्र बलों के प्रमुख (जनरल स्टाफ) ने बुधवार को हेलिकॉप्टर दुर्घटना के कारणों पर दूसरी रिपोर्ट जारी की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हेलिकॉप्टर के मलबे और शेष हिस्सों पर किये गये परीक्षणों के परिणामों और जिस तरह से अवशेष घटनास्थल पर बिखरे हुए थे, उसे देखते हुए दुर्घटना से पहले किसी तरह की गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नजर नहीं आती। रिपोर्ट के अनुसार हेलिकॉप्टर के ढांचे (फ्यूजलेग) से



अवशेष की दूरी के मद्देनजर उड़ान के दौरान या पहाड़ में हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ क्षण पहले साइबर हमले के कारण विस्फोट होने की आशंका को खारिज कर दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटनाग्रस्त हेलिकॉप्टर पर साइबर हमले का कोई संकेत नहीं मिला है, हालांकि पूर्वी अजरबैजान प्रांत की राजधानी तबरीज लौटते समय रास्ते में मौसम की स्थिति क्या थी, इसके बारे में आगे की जांच की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट के अनुसार, विमान में सवार यात्रियों और उपकरणों का कुल वजन उड़ान भरने के समय और उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर की अधिकतम भार सीमा के अनुपात में था। इसके अलावा, उड़ान के दौरान और हादसा होने से 69 सेकंड पहले तक हेलिकॉप्टर के उड़ान दल के साथ निर्दिष्ट आवृत्तियों पर संपर्क बनाए रखा गया था, जिससे संचार प्रणाली में किसी भी व्यवधान या आवृत्ति हस्तक्षेप की आशंका को खारिज कर दिया गया। ईरान के सशस्त्र बलों के प्रमुख की जांच समिति की पहली रिपोर्ट 23 मई को जारी की गई थी।

# अवैध बाघ व्यापार से निपटने के लिए एक मॉडल बन सकता है दक्षिण कोरिया

**एजेंसी**
**लंदन।** अवैध वन्यजीव व्यापार सभी एशियाई बड़ी बिल्लियों, बाघ, तेंदुए, हिम तेंदुए और एशियाई शेरों के साथ-साथ क्लाउडेड तेंदुए और एशियाई चीता सहित कम ज्ञात प्रजातियों के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। इसी कारण से एशियाई बड़ी बिल्लियां अंतरराष्ट्रीय कानून और वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन के तहत सबसे सख्ती से संरक्षित जानवरों में से कुछ हैं, जिन्हें साइट्स के नाम से जाना जाता है। लेकिन बड़ी बिल्लियों का अवैध व्यापार एक वैश्विक मुद्दा बना हुआ है जो विभिन्न प्रकार के देशों को प्रभावित करता है। चिंताजनक बात यह है कि इसका विकास जारी है। यूके के हीथ्रो हवाई अड्डे जैसे प्रमुख वैश्विक परिवहन केंद्रों को बड़ी बिल्ली के शरीर के अंगों और अन्य वन्यजीव प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी के लिए लगातार चौकन्ना



रहना होता है। एक देश जिसे वैश्विक संरक्षण समुदाय द्वारा बड़े पैमाने पर नजरअंदाज किया गया है वह दक्षिण कोरिया है। 1990 के दशक में, खबरों की एक श्रृंखला ने दक्षिण कोरिया को उस व्यापार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में पहचाना जो बाघों की आबादी को कम कर रहा था। कोरिया में बाघ और तेंदुआ संरक्षण कोष के साथ साझेदारी में काम करने वाले एक संरक्षण जीवविज्ञानी के रूप में, मैं यह जानना चाहता था कि पिछले 30 वर्षों में क्या हुआ था। कोरियाई प्रायद्वीप ऐतिहासिक रूप से अमूर बाघ और अमूर तेंदुए दोनों का घर था। 19वीं सदी के अंत में, जैसे ही देश के बंदरगाह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए खुले, बड़ी बिल्ली की खाल के निर्यात की लहर चल पड़ी। इन दुर्लभ जानवरों की स्थानीय आबादी तेजी से समाप्त हो गई और दक्षिणी कोरिया में आखिरी बाघों को 1920 के दशक की शुरुआत में जापानी ट्रॉफी शिकारियों द्वारा मार दिया गया। अमूर तेंदुआ कोरियाई युद्ध (1950-53) के दौरान जीवित रहने में कामयाब रहा, लेकिन अंततः 1970 में शिकार के दबाव के आगे झुक गया। इसके परिणामस्वरूप दक्षिण कोरिया अंतरराष्ट्रीय बड़ी बिल्ली व्यापार में एक निर्यातक से एक प्रमुख आयातक बन गया। 1990 के दशक की शुरुआत तक, दक्षिण कोरिया बाघ की हड्डी के दुनिया के सबसे बड़े आयातकों में से एक था। चीन के साथ-साथ, यह बाघ की हड्डी से प्राप्त उत्पादों का एक प्रमुख वैश्विक निर्माता भी था, जिन्हें विभिन्न पारंपरिक एशियाई दवाओं में उपयोग के लिए निर्यात किया जाता था। 20वीं सदी की शुरुआत तक सियोल के आसपास के पहाड़ों में बाघ और तेंदुओं का निवास था। यह संख्या चौंका देने वाली है, यह देखते हुए कि आज बाघ कितने दुर्लभ हैं। 1970 और 1993 के बीच, दक्षिण कोरिया ने 600 से 750 बाघ की हड्डियों, जिनमें पूर्ण बाघ कंकाल शामिल थे, का आयात किया। इसका लगभग आधा हिस्सा इंडोनेशिया से आया, जहां मूल सुमात्रा (या सुंडा द्वीप) बाघ गंभीर रूप से खतरे में है। यह सब तब बदलना था जब दक्षिण कोरियाई सरकार, संभावित अमेरिकी व्यापार प्रतिबंधों के खतरे से चिंतित, 1993 में साइट्स में शामिल होने के लिए सहमत हुई। एक साल बाद बड़ी बिल्ली के व्यापार पर घरेलू प्रतिबंध लगा दिया गया। लेकिन, उल्लेखनीय रूप से, इस प्रमुख नीति बदलाव के परिणामों पर बहुत कम घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिया गया। हमारी टीम तीन दशकों के वन्यजीव व्यापार रिकॉर्ड को एकत्रित करने और बड़ी बिल्ली व्यापार, व्यापार नीति और कानून प्रवर्तन में विशेषज्ञों का साक्षात्कार लेने का काम कर रही है।

# सैन्य पुरस्कार मिला तो मेजर सेन ने इसे बताया बेहद खास पल, सर्वोच्च बलिदान देने वाले नाइक धनंजय भी सम्मानित

**कांगो ।** कांगो में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) मिशन में सेवा दे चुकी भारतीय महिला शांति रक्षक मेजर राधिका सेन और नाइक धनंजय कुमार सिंह को सैन्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस पुरस्कार से सम्मानित किया। इस पुस्कार को लेकर राधिका सेन ने कहा कि उनके लिए यह पुरस्कार बेहद खास है। बता दें, आज अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के मौके पर मेजर राधिका सेन को '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' दिया गया।

**यह पुरस्कार मेरे लिए खास: राधिका सेन**

मेजर राधिका सेन ने कहा, 'यह पुरस्कार मेरे लिए खास है क्योंकि यह यूनेस्को के चुनौतीपूर्ण माहौल में काम करने वाले सभी शांति सैनिकों द्वारा की गई कड़ी मेहनत को मान्यता देता है। मैं संयुक्त राष्ट्र और सदस्य देशों को प्रोत्साहित करता हूं कि वे इस पुरस्कार द्वारा बनाए गए समृद्ध



नेटवर्क का लाभ उठाएं।'



**नाइक धनंजय कुमार सिंह को सम्मान मिलने पर कंबोज**

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सोशल मीडिया मंच पर कहा, 'आज महासचिव गुटेरेस ने नाइक धनंजय कुमार सिंह को डैग हैमरस्क्जोंल्ड मेडल से सम्मानित किया, जिन्होंने अपने कर्तव्य के दौरान कई बलिदान दिए। उनकी व्यावसायिकता और समर्पण को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। हम उनके परिवार के साथ एकजुटता से खड़े हैं और शांति के लिए उनकी सेवा की विरासत का सम्मान करते हैं।?

**कौन हैं मेजर सेन?**

बता दें कि मेजर सेन भारतीय त्वरित तैनाती बटालियन की कमांडर के तौर पर मार्च 2023 से अप्रैल 2024 तक कांगो गणराज्य के पूर्व में तैनात थीं। वह मूल रूप से हिमाचल प्रदेश की रहने वाली हैं। उनका जन्म 1993 में हुआ था और वह आठ साल पहले भारतीय सेना में भर्ती हुई थीं। मेजर राधिका सेन ने बायोटेक इंजीनियर में स्नातक किया, इसके बाद ही उन्होंने भारतीय सेना में शामिल होने का फैसला किया था।

## भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों को प्रदान की गई 'टीम ऑफ द ईयर कैप'

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप 2024 अभियान की शुरुआत से पहले, भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों को हाल के दिनों में अपने राष्ट्रीय पक्ष के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुरुवार को आईसीसी पुरस्कार और टीम ऑफ द ईयर कैप प्राप्त हुए। विश्व के नंबर 1 टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर और टी20 टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के साथ शुभमन गिल, कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज को आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को आईसीसी टी20 टीम ऑफ द ईयर की कैप दी गई। भारत अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क के नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में करेगा। इस बीच, भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे प्रतीक्षित ब्लॉकबस्टर मुकाबला 9 जून को होगा। वे बाद में टूर्नामेंट के सह-मेजबान यूएसए (12 जून) और कनाडा (15 जून) से खेलेंगे। टूर्नामेंट में, भारत का लक्ष्य आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म करना होगा, जिसने आखिरी बार 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। तब से, भारत 2023 में 50 ओवर के विश्व कप फाइनल, 2015 और 2019 में सेमीफाइनल, 2021 और 2023 में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले, 2014 में टी20 विश्व कप फाइनल, 2016 और 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंच चुका है, लेकिन बड़ी आईसीसी ट्रॉफी हासिल करने में विफल रहा है।

## टी20 विश्व कप 2024: बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से शुरु होगा भारत का अभियान

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 वेस्टइंडीज और अमेरिका में 1 जून से शुरू होगा, जिसके उद्घाटन मुकाबले में मेजबान अमेरिका का सामना टेक्सास के डलास में कनाडा से होगा। भारत का अभियान शनिवार 1 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से शुरू होगा। ग्रुप ए में भारत का पहला मैच 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ होगा, जिसके बाद 9 जून को उसी नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम पाकिस्तान से भिड़ेगी।

टी20 विश्व कप में भारत का कार्यक्रम-

बनाम बांग्लादेश - 1 जून को न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास मैच

बनाम आयरलैंड - 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में।

बनाम पाकिस्तान - 9 जून को न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में।

बनाम यूएसए - 12 जून को न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में।

बनाम कनाडा - 15 जून को लॉडरहिल के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में।

## ग्रीस फुटबॉल क्लब ओलंपियाकोस ने यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग का खिताब जीता

**एथेंस।** ग्रीस के फुटबॉल क्लब ओलंपियाकोस ने एथेंस में इतालवी क्लब फिओरेंटीना को 1-0 से हराकर 2023/24 यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग का खिताब जीत लिया है। ओलंपियाकोस के फॉरवर्ड अयूब एल काबी ने अतिरिक्त समय के 115वें मिनट में गोल करके एईके एरिना स्टेडियम में रेड्स ऑफ पिरियस को जीत दिलाई।



यह जीत ओलंपियाकोस के इतिहास में पहली यूरोपीय ट्रॉफी और किसी भी ग्रीक फुटबॉल क्लब के लिए पहला यूरोपीय खिताब है। ग्रीक प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने एक्स पर लिखा, ओलंपियाकोस ने इतिहास रच दिया। क्लब और पूरे ग्रीक फुटबॉल के लिए एक शानदार शाम। जब रेफरी ने अंतिम सीटी बजाई, तो ग्रीक प्रशंसक स्टेडियम के अंदर और बाहर जश्न मनाने लगे। हजारों लोग नगरपालिका द्वारा स्थापित विशाल स्क्रीन पर फाइनल देखने के लिए पिरियस के केंद्रीय चौक में एकत्र हुए थे।

## न्यूजीलैंड की क्रिकेटर बर्नाडिन बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की क्रिकेटर बर्नाडिन बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। 30 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 4 वनडे और 7 टी20 मैच खेले, उसके बाद वह न्यूजीलैंड चली गईं। बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कीवी टीम के लिए 16 वनडे और 22 टी20 मैच खेले। बेजुइडेनहाउट ने एक बयान में कहा कि कीवी टीम के लिए खेलना उनके लिए सम्मान की बात है। यह बहुत शानदार सफर रहा। व्हाइट फर्न्स के लिए खेलना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और सम्मान की बात रही है और इसने मुझे बहुत अच्छी यादें दी हैं।

## मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर: सिवाच, संजीत, अमित, जैस्मीन प्री-क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

**बैंकॉक।** चार भारतीय मुक्केबाजों ने पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए बैंकॉक में चल रहे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

सचिन सिवाच (57 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), अमित पंघाल (51 किग्रा) और जैस्मीन (महिला 57 किग्रा) ने जीत दर्ज की। सिवाच ने प्री-क्वार्टर फाइनल राउंड में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्त्सी पर 5-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की।

इसके बाद संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुइस सांचेज की चुनौती को समान अंतर से हराया। नियमों के अनुसार, पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में केवल तीन मुक्केबाज ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाएंगे, इसलिए सिवाच को क्वालीफाई करने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे, जबकि राउंड ऑफ 64 में बाई पाने वाले संजीत का लक्ष्य भी यही होगा



क्योंकि उनके भार वर्ग में सभी चार सेमीफाइनलिस्ट क्वालीफाई करेंगे। बाद में, जैस्मीन ने अजरबैजान की महसती हमजायेवा को कोई मौका नहीं दिया और महिलाओं की 57 किग्रा श्रेणी के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में 5:0 के फैसले के साथ जीत हासिल की। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल ने फिर भारतीय दल के लिए एक बेहतरीन दिन पूरा किया क्योंकि उन्होंने मैक्सिको के मॉरिसियो रुइज़ को 4-1 से हराया। भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन राउंड 1 में दबाव में थे, लेकिन उन्होंने उस राउंड के आखिरी मिनट में गति पकड़ी और फिर तीसरे और अंतिम राउंड में कुछ संयोजन मुक्कों के साथ मैच को पलट दिया और जीत हासिल की।

## एफसी गोवा ने ब्रैंडन फर्नांडिस को दी भावनात्मक विदाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एफसी गोवा ने स्थानीय खिलाड़ी और अपने सबसे लंबे समय तक खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक ब्रैंडन फर्नांडिस को भावभीनी और भावनात्मक विदाई दी, जिनका अनुबंध इस गर्मियों में समाप्त होने वाला है।

ब्रैंडन प्रतिष्ठित नारंगी शर्ट पहनने वाले सबसे सम्मानित सम्मानित फुटबॉलरों में से एक हैं। 2017 की गर्मियों में गोवा में शामिल होने के बाद, भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने सभी प्रतियोगिताओं में क्लब के लिए 130 मैच खेले हैं, जो आज तक किसी भी खिलाड़ी के लिए दूसरा सबसे अधिक मैच है।

29 वर्षीय ब्रैंडन ने गोवा के लिए 31 गोल करने में सहायता की है जो एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा उन्होंने गोवा के लिए 17 गोल भी किये हैं, जिसमें इस वर्ष के शुरू में चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ किया गया गोल भी शामिल है, जिसने टीम को दो वर्ष के अंतराल के बाद इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) कप प्लेऑफ के सेमीफाइनल में



पहुंचाया था ब्रैंडन ने 2019-20 सीज़न में क्लब की आईएसएल लीग शील्ड जीत और 2021 में डूरंड कप जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में उन्हें पहली बार सीनियर भारतीय राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया। इसके बाद से उन्होंने ब्लू टाइगर्स के सेटअप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और 2021 में टीम के साथ सैफ चैंपियनशिप जीती है। एफसी गोवा के सीईओ रवि पुस्कर ने आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, ब्रैंडन ने सात साल तक एफसी गोवा का बैज बड़े गर्व के साथ पहना और क्लब के मैदान के अंदर और बाहर के मूल्यों के लिए एक शानदार एंबेसडर रहे। वह क्लब के ताने-बाने में समा गए और उन स्तंभों में से एक थे जिन पर खेल की सफलता का निर्माण हुआ। हम उन्हें बहुत मिस करेंगे और वह क्लब के सच्चे आइकन में से एक के रूप में जाने जाएंगे। उन्होंने कहा, भले ही ब्रैंडन क्लब छोड़कर जा रहे हों, लेकिन एफसी गोवा में उनका हमेशा स्वागत किया जाएगा, चाहे वह किसी भी पद पर हों और इस क्लब में उनके और उनके परिवार के लिए हमेशा एक खास जगह रहेगी। क्लब में हर कोई ब्रैंडन द्वारा किए गए हर काम के लिए अपना आभार व्यक्त करता है। हम उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## जेमिमाह रोड्रिग्स, पूजा वस्त्राकर भारतीय टीम में शामिल, चयन फिटनेस पर निर्भर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी बहु-प्रारूप घरेलू श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। बल्लेबाज जेमिमाह रोड्रिग्स और ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर को टेस्ट और सीमित ओवरों की टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर है। रोड्रिग्स अप्रैल-मई में बांग्लादेश में पांच मैचों की टी20 सीरीज में पीठ की चोट के कारण नहीं खेल पाई थीं और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब से गुजर रही थीं। हालांकि, वस्त्राकर ने बांग्लादेश में सभी पांच मैच खेले थे और बीसीसीआई के मीडिया बयान में उनकी चोट की प्रकृति के बारे में नहीं बताया गया। अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज उमा छेत्री को भी तीनों टीमों में शामिल किया गया है। उन्होंने यास्तिका भाटिया की जगह ली जो बांग्लादेश में सिर्फ एक टी20 मैच खेलने के बाद चोटिल हो गई थीं। छेत्री 2023 में हांग्जो में श्रीलंका को हराकर स्वर्ण जीतने वाली भारत की एशियाई खेलों की टीम का भी हिस्सा थीं। शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पुनिया, जिन्होंने भारत के लिए आखिरी बार जुलाई 2023 में खेला था, को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। मध्यम गति की गेंदबाज अरुंधति रेड्डी, जिन्होंने अब तक 26 टी20 मैच खेले हैं, को भी टेस्ट और वनडे टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, तेज गेंदबाज तीतस साधु, जो बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मैचों के साथ-साथ भारत के आखिरी वनडे और टेस्ट असाइनमेंट (पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) का हिस्सा थीं, को टीम में शामिल नहीं



किया गया। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम का भारत दौरा तीन मैचों की वनडे सीरीज से शुरू होगा, फिर एक टेस्ट और तीन टी20 मैचों के साथ समाप्त होगा। वनडे और साथ ही बोर्ड प्रेसिडेंट इलेवन की टीम के खिलाफ मेहमान टीम का एक दिवसीय अभ्यास मैच बेंगलुरु में खेला जाएगा, जबकि बाकी मैच चेन्नई में होंगे। एक टेस्ट मूल रूप से आईसीसी के फ्यूचर टेस्ट प्रोग्राम (एफटीपी) का हिस्सा नहीं था। इसे इसलिए जोड़ा गया क्योंकि बीसीसीआई और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका दोनों ही हाल ही में महिला टेस्ट को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। यह सात महीनों में भारत का तीसरा टेस्ट होगा, इससे पहले उसने पिछले साल दिसंबर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेला था।

**भारत की वनडे टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमाह रोड्रिग्स (फिटनेस के अधीन), ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), दयालन हेमलता, राधा यादव, आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, साइका इशाक, पूजा वस्त्राकर (फिटनेस के अधीन), रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, प्रिया पुनिया।

**भारत की टेस्ट टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, शुभा सतीश, जेमिमाह रोड्रिग्स (फिटनेस के अधीन), ऋचा घोष (विकेट कीपर), उमा छेत्री (विकेट कीपर), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, साइका इशाक, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्राकर (फिटनेस के अधीन), अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, मेघना सिंह, प्रिया पुनिया।

भारत की टी20 टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दयालन हेमलता, उमा छेत्री (विकेट कीपर), ऋचा घोष (विकेट कीपर), जेमिमाह रोड्रिग्स (फिटनेस के अधीन), सजाना सजीवन, दीप्ति शर्मा, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव, अमनजोत कौर, आशा शोभना, पूजा वस्त्राकर (फिटनेस के अधीन), रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी।

## नामीबिया ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर और रीजनल कप के लिए 30 सदस्यीय टीम घोषित की

एजेंसी

**विंडहोक।** नामीबिया फुटबॉल एसोसिएशन (एनएफए) ने गुरुवार को जून में होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए 30 सदस्यीय टीम की घोषणा की। चयनित 30 खिलाड़ियों को 52 खिलाड़ियों वाली प्रारंभिक अनंतिम टीम से चुना गया है, जो 14 मई से प्रशिक्षण शिविर में थी और 5 और 11 जून को दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में लाइबेरिया और ट्यूनीशिया के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबलों की तैयारी कर रही थी।

अंतिम 30 सदस्यीय टीम जून के मध्य में शुरू होने वाले 2024 काउंसिल ऑफ साउथर्न अफ्रीका फुटबॉल एसोसिएशन कप में भी नामीबिया का प्रतिनिधित्व करेगी। स्थानीय और विदेशी खिलाड़ियों वाली इस टीम में तीन गोलकीपर, नौ डिफेंडर, 13 मिडफील्डर और पांच फॉरवर्ड शामिल हैं। क्वालीफायर के लिए नामीबिया को ग्रुप एच में ट्यूनीशिया, इक्वेटोरियल गिनी, मलावी, लाइबेरिया और साओ टोम और प्रिंसिपे के साथ रखा गया है।

**नामीबिया की टीम इस प्रकार है-**

गोलकीपर- लोयड्ट काज़ापुआ, कामाइजांडा एनडिसिरो, जोनास मतेउस।

डिफेंडर्स- इवान कम्बेरिपा, चार्ल्स हम्बीरा, रियान हनामब, तुली नाशिक्सवा, जीपी कारूओम्बे, अरेंड अबूबकर, इरास्मस इकिंगे, पॉलस अमूतेन्या, एडमंड काम्बांडा मिडफील्डर्स- एडमर कामातुका, रोमियो कासुमे, इयोन होट्टो, अप्परोसियस पेट्रस, मोसेस शिडोलो, इरास्ट्स कालुला, एंडीजिरारेरा महारेरो, लॉरिंस डोएसेब, फारेस हैदुला, बेन नामिब, पुनाजी काट्जीमुने, डेविड एंडीयूनेमा, रिकम्बुरा मुंडजुआ।

फॉरवर्ड्स- गोंजालेज टीसुबेब, पीटर शेलुलीली, बेथल मुजेउ, क्लोओफस यूसेब, मकेरटीने नवासेब।

## इंडियन ग्रां प्री: जाबिर एमपी ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया

एजेंसी

**चेन्नई।** कई शीर्ष सितारों की अनुपस्थिति में सभी की नजरें केरल के अंतरराष्ट्रीय बाधा दौड़ खिलाड़ी जाबिर एमपी पर टिकी रहीं, जिन्होंने यहां एक दिवसीय इंडियन ग्रां प्री सीरीज के दूसरे चरण में पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 49.94 सेकंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। 27 वर्षीय इस खिलाड़ी ने यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 400 मीटर बाधा दौड़ ग्रुप ए रेस के आखिरी मोड़ पर अन्य प्रतियोगियों से आगे निकलते हुए 50 सेकंड से कम समय में रेस पूरी की और अपने पसंदीदा संतोष कुमार टी (50.14) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। वह इस सीजन की अपनी पहली रेस में हिस्सा ले रहे थे। संतोष कुमार ने बाद में 400 मीटर फ्लैट में 46.46 सेकंड का शानदार समय निकालकर ग्रुप ए की रेस जीत ली। महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में एशियाई खेलों की पदक विजेता आर विथ्या रामराज ने 57.28 सेकंड का समय लेकर दबदबा बनाया। विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर ए रेस में 53.00 सेकंड का समय निकालकर दोहरा स्कोर भी बनाया। देश के अधिकांश शीर्ष एथलीटों ने इस मीट में भाग नहीं लिया क्योंकि वे आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के मद्देनजर विदेश में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## सिंगापुर ओपन : कैरोलिना मारिन से हारीं पीवी सिंधु, निशिमोटो ने प्रणय को किया बाहर

एजेंसी

**सिंगापुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर पीवी सिंधु और एचएस प्रणय का गुरुवार को सिंगापुर ओपन में सफर समाप्त हो गया। सिंधु को जहां स्पेन की कैरोलिना मारिन ने शिकस्त दी, वहीं, प्रणय को जापान के केंटा निशिमोटो ने हराया। सिंधु ने महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में रोमांचक मुकाबले में 18-15 की बढ़त गंवा दी और चिर परिचित प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन से तीन गेम तक चले मैच में हार गईं।

पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रहने के बाद, इस शीर्ष भारतीय शटलर ने रियो ओलंपिक फाइनल की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहला गेम जीता, लेकिन स्पेनिश खिलाड़ी ने वापसी करते हुए एक घंटे, आठ मिनट तक चले संघर्ष में 21-13, 11-21, 20-22 से जीत हासिल की। डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में हुई



तीखी टक्कर के बाद सात महीनों में पहली बार एक-दूसरे का सामना करते हुए, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय ने लगातार पांच अंक हासिल करते हुए पहला गेम अपने नाम किया। लेकिन स्पेन की विश्व नंबर 3 खिलाड़ी नेदूसरे गेम में जोरदार वापसी की, जिसमें उन्होंने लगातार छह अंक जीते और 17-7 की बढ़त हासिल की, फिर खेल को बराबरी पर ला दिया। सिंधु ने निर्णायक गेम में बढ़त हासिल की और पूरे गेम में अपनी बढ़त बनाए रखी, लेकिन मारिन ने शानदार वापसी करते हुए भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने 17वें मैच में 12वीं जीत दर्ज की। वहीं, पुरुष एकल में भारतीय शटलर एचएस प्रणय को,जापान के केंटा निशिमोटो ने तीन सेटों तक चले मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-15 से हराया। यह मैच 1 घंटा 18 मिनट तक चला।

विश्व के 10वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने इससे पहले 45वें नंबर के बेल्जियम के जूलियन कैरेगी की कड़ी चुनौती को 21-9, 18-21, 21-9 से हराते हुए राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया था।

## महिला क्रिकेट में सबसे तेज 100 वनडे विकेट पूरे करने वाली गेंदबाज बनीं सोफी एक्लेस्टोन

एजेंसी

**चेम्सफोर्ड।** इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन महिला क्रिकेट में सबसे तेज 100 एकदिवसीय विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिनी मैच के दौरान हासिल की। एक्लेस्टोन ने बुधवार को 4.1 ओवर के अपने स्पेल में तीन विकेट चटकाए, जिसमें उन्होंने सिर्फ 15 रन दिए। इस स्पेल के साथ, उन्होंने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 100 विकेट पूरे किए। उन्होंने सिर्फ 64 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की और ऑस्ट्रेलियाई महान कैथरीन फिट्ज़पैट्रिक के रिकॉर्ड की बराबरी की, लेकिन ओवरों की संख्या (63) के मामले में रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया नेट साइवर-ब्रंट के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने बुधवार को चेम्सफोर्ड के काउंटी ग्राउंड में सीरीज के तीसरे और अंतिम एकदिनी मैच में पाकिस्तान को 178 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त दी। इस जीत के साथ, इंग्लिश टीम ने तीन मैचों की एकदिनी सीरीज 2-0 से जीत ली।



इस मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में पांच विकेट खोकर 302 रन का विशाल स्कोर बनाया। टीम के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी साइवर-ब्रंट रहीं जिन्होंने 117 गेंदों पर 124 रन की नाबाद पारी खेली, इस दौरान उन्होंने14 चौके और दो छक्के लगाए। इनके अलावा डेनियल व्याट (42 गेंदों पर 44 रन), एलिस कैप्सी (42 गेंदों पर 39 रन) और मैया बाउचर (33 गेंदों पर 34 रन) ने भी अपनी टीम के लिए बहुमूल्य पारियां खेलीं।

पाकिस्तानी टीम की ओर से उम्म-ए-हानी ने सबसे बढ़िया गेंदबाजी की, जिन्होंने 10 ओवर में 47 रन देकर दो विकेट चटकाए। डायना बेग, निदा मीर और फातिमा सना ने एक-एक विकेट लिया। 303 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 29.1 ओवर में मात्र 124 रनों पर ढेर हो गई। केवल दो खिलाड़ी दोहरे अंक में स्कोर कर पाए। मुनीबा अली ने 55 गेंदों पर 47 रन (7 चौके) और आलिया रियाज ने 41 गेंदों पर 36 रन (6 चौके) बनाए। मेजबान टीम के लिए, एक्लेस्टोन के अलावा, लॉरेन बेल और साइवर-ब्रंट ने दो-दो विकेट लिए, और केट क्रॉस और चारोलेट डीन ने एक-एक विकेट हासिल किया।

## इंडियन ओपन ऑफ़ सर्फिंग का पांचवां संस्करण से शुरू, देश के शीर्ष सर्फर्स मंगलूरू पहुँचे

एजेंसी

**मंगलूरू।** इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग (आईओएस) का 5वां संस्करण कल से तटीय शहर मंगलूरू में शुरू होने जा रहा है। सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा आयोजित और सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मंत्रा सर्फ क्लब द्वारा आयोजित, इस बहुप्रतीक्षित इवेंट में देश के शीर्ष रैंक वाले सर्फर्स तीन दिवसीय प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए प्रतिष्ठित ससिहिथलू समुद्र तट परप्रतिस्पर्धा करते नज़र आएंगे।

एक्शन में नजर आने वाले कुछ शीर्ष नामों में श्रीकांत डी, सूर्या पी, अजीश अली, शिवराज बाबू, सूर्या पी, कमली मूर्ति, इशिता मालविया, सृष्टि सेल्वम जैसे सर्फर्स शामिल हैं। आईओएस में पूर्वी और पश्चिमी तटों के सर्फरों के बीच तीव्र प्रतिद्वंद्विता होगी, जिसमें महत्वपूर्ण रैंकिंग अंक होंगे जो सीज़न के अंत में सर्फरों की रैंकिंग निर्धारित करेंगे। इस आयोजन को न्यू मैंगलोर पोर्ट अथॉरिटी से बड़ा



समर्थन मिला है, जो पहली बार शीर्षक प्रायोजक के रूप में साथ आया है। 'प्रेजेंटेड बाय' प्रायोजक कर्नाटक सरकार ने लगातार पांचवें वर्ष इस आयोजन को अपना समर्थन दिया है। तीन दिवसीय सर्फिंग प्रतियोगिता में चार श्रेणियों पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर-16 लड़के), और ग्रोम्स (अंडर-16 लड़कियां) में गहन प्रतिस्पर्धा होगी। पुरुष ओपन वर्ग में सभी की निगाहें हरीश एम, श्रीकांत डी और शिवराज बाबू पर होंगी, जिन्होंने हाल ही में आयोजित इंटरनेशनल सर्फिंग फेस्टिवल केरल 2024, कैलेंडर वर्ष की पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया था। कमली मूर्ति, संध्या अरुण, इशिता मालविया और सृष्टि सेल्वम के हालिया प्रदर्शन को देखते हुए महिला ओपन वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है। अंडर-16 लड़कों की श्रेणी में, तैयिन अरुण, प्रह्लाद श्रीराम और सोम सेठी शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि स्थानीय सर्फर तनिष्का मेंडन और सानवी हेगड़े अंडर-16 लड़कियों की श्रेणी में कौशल और प्रतिभा के रोमांचक प्रदर्शन करने को तैयार हैं। अजीश अली, जिन्होंने अल साल्वाडोर में 2023 आईएसए विश्व सर्फिंग खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, पुरुष ओपन वर्ग में प्रतियोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा कर सकते हैं।

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के वाईस प्रेज़िडेंट और मंत्रा सर्फ क्लब के पार्टनर, राममोहन परांजपे ने एक बयान में कहा, हम इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के पांचवें संस्करण के लिए तैयार हैं और मैं आपको तीन दिवसीय चुनौती में शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिता और मनोरंजन का वादा कर सकता हूं। देश के शीर्ष सर्फर मंगलुरु पहुंचे हैं और खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा और कौशल दिखाने के लिए कृतसंकल्प हैं। इसके अतिरिक्त, शहर के हालिया मौसम ने प्रतिस्पर्धा में जान डाल दी है, जिससे लहरें एक ही समय में चुनौतीपूर्ण और सर्फिंग के लिए अनुकूल दोनों हो गई हैं। मैं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देता हूं।, सर्फिंग खेल के लिए वैश्विक शासी निकाय, इंटरनेशनल सर्फिंग फेडरेशन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता, भारतीय सर्फर्स के लिए अपने कौशल को निखारने और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए तैयारी करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, साथ ही ओलंपिक खेल के रूप में सर्फिंग को शामिल करने से एवं विश्व स्तर पर खेल की पहचान को और बढ़ावा मिलेगा। मार्च में वर्कला के खूबसूरत चट्टानी समुद्र तट पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग महोत्सव केरल 2024 के बाद, इंडियन ओपन ऑफ़ सर्फिंग 2024 कैलेंडर वर्ष की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप श्रृंखला का दूसरा पड़ाव होगा।

## युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की आधारशिला है बंगाल प्रो टी 20 लीग : आकाशदीप

एजेंसी

**कोलकाता।** बंगाल प्रो टी 20 लीग का उद्घाटन संस्करण 11 जून से कोलकाता के ईडेन गार्डेन में शुरू हो रहा है, जो न सिर्फ प्रशंसकों के मनोरंजन का साधन है बल्कि युवा प्रतिभाओं को उभारने का भी मजबूत प्लेटफार्म है।

लीग में हिस्सा ले रही फ्रेंजाइजी सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के तेज गेंदबाज आकाशदीप ने इस टूर्नामेंट की सराहना करते हुए कहा, मैं सिलीगुड़ी के लिए खेलने को लेकर बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। सिलीगुड़ी कोलकाता से काफी दूरी पर स्थित है और बंगाल प्रो टी 20 लीग में इसका प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात है। यह लीग बंगाल की युवा प्रतिभाओं के लिए तो एक मजबूत प्लेटफार्म है ही साथ ही सिलीगुड़ी के खिलाड़ियों के भविष्य की भी मजबूत नींव है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम का हिस्सा रहे 27 वर्षीय आकाशदीप ने हाल ही में भारतीय टेस्ट टीम में भी पदार्पण किया है। आकाशदीप ने गुरुवार को फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं पिछले दो महीने से आईपीएल खेल रहा हूं और पूरी कोशिश करूंगा कि इस अनुभव का फायदा अपनी टीम को पहुंचा पाऊं और हम एक कड़े प्रतिस्पर्धी बन कर उभरें। मैं इस साल पूरी तरह से अपने खेल का मजा ले रहा हूं और इस लीग के लिए पूरी तरह से आश्वस्त हूं।

अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा, सबसे पहले मुझे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत ए के लिए चुना गया, तब मैं बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में खेल रहा था, तभी मुझे अपने भारत कॉल-अप के बारे में पता चला। मैं वह खिलाड़ी नहीं हूं जो टीम इंडिया में चुने जाने से खुश हो जाऊं, बल्कि मैं अपने देश के लिए कम से कम 50 से 100 टेस्ट खेलना चाहता हूं।

तेज गेंदबाज ने आगे कहा, ट्रॉफी जीतना तभी संभव है जब आपका फोकस ट्रॉफी पर नहीं, बल्कि सारे मैच जीतने पर हो और इसके लिए मैं लगातार सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स प्रबंधन, कोचों और खिलाड़ियों से बातचीत करके रणनीतियां तैयार कर रहा हूं।

सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की टीम, सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, कूच बिहार, अलीपुरद्वार और कलिम्पोंग का प्रतिनिधित्व कर रही है।

अरिवा स्पोर्ट्स की देखरेख में आयोजित हो रही बंगाल प्रो टी 20 लीग की अवधारणा आईपीएल की तर्ज पर की गई है जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 8 फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 से 28 जून तक खेला जाएगा।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 01 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# जानलेवा बनी सूरज की तपिश

## भीषण गर्मी ने यूपी के 164 तो बिहार के 60 समेत 227 की ली जान, दिल्ली में भी पहली मौत

**वोट मांगा**

**▶▶ भयंकर गर्मी और लू से देशभर में 227 लोगों की मौत हो गई। इनमें सर्वाधिक 164 मौतें यूपी में हुईं।**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भयंकर गर्मी और लू से देशभर में 227 लोगों की मौत हो गई। इनमें सर्वाधिक 164 मौतें यूपी में हुईं। वहीं, बिहार में भी 60 लोगों की मौत हो गई। सर्वाधिक 20 मौतें औरंगाबाद जिले में हुईं। दिल्ली में पहली मौत हुई है। जिस मजदूर की जान गई, उसे 107 डिग्री बुखार था। हरियाणा में भी दो मौतें हुईं। यूपी में सर्वाधिक 72 मौतें वाराणसी और आसपास के जिलों में हुईं। वहीं, 47 की मौत बुंदेलखंड और कानपुर मंडल में हुई। इनमें महोबा में 14, हमीरपुर में 13, बांदा में पांच, कानपुर में चार, चित्रकूट में दो, फरुखाबाद, जालौन और हरदोई में एक-एक मौतें हुईं। इसके अलावा, प्रयागराज में 11, कौशांबी में नौ, झांसी में छह, अंबेडकरनगर में 4, गाजियाबाद में एक नवजात समेत चार, गोरखपुर व आगरा में तीन, प्रतापगढ़, रामपुर, लखीमपुर, शाहजहांपुर और पीलीभीत में भी एक-एक की मौत हो गई।

**फरीदकोट @48.3 डिग्री, देश में सबसे गर्म:** पंजाब का फरीदकोट और राजस्थान का श्रीगंगानगर देश में सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 48.3 डिग्री रहा। यूपी के बुलंदशहर में पारा 48 डिग्री रहा। वहीं, नई दिल्ली में पारा 45.6 और नोएडा में 47.3 डिग्री सेल्यिस दर्ज किया गया। देश में 41 जगहों पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री या उससे अधिक रहा। राजस्थान के पिलानी में 47.6 डिग्री सेल्सियस, हनुमानगढ़ के सांगरिया में 47.2 डिग्री सेल्सियस, चुरू में 47 डिग्री और फलोदी में 46.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। बीकानेर में पारा 46.8 डिग्री, जैसलमेर में 46.1 डिग्री, अलवर में 46 डिग्री, धौलपुर में 45.9 डिग्री, जयपुर में 45.3 डिग्री और कोटा में 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**केरल पहुंचा मानसून, पूर्वोत्तर में भी दस्तक:** केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने तय समय से दो दिन पहले दस्तक दे दी है। आमतौर पर यहां मानसून एक जून को पहुंचता है।

मानसून पूर्वोत्तर के राज्यों अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, नगालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर व असम में भी पहुंच चुका है।

**दिल्ली में 27 जून तक पहुंचने का अनुमान...**

मौसम विभाग ने मानसून के 27 जून तक राजधानी दिल्ली में पहुंचने का अनुमान जताया है। साथ ही मौसम विभाग ने आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में अगले पांच दिन तक बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने मेघालय में अगले पांच दिनों में गरज और बिजली के साथ भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया।

### प्रयागराज-कौशांबी में भी बरपा लू का कहर

**प्रयागराज में 11 लोगों ने लू की चपेट में आकर दम** तोड़ दिया, झांसी में 6, अंबेडकरनगर में 4, कौशांबी में नौ, गाजियाबाद में एक नवजात शिशु समेत 4, गोरखपुर और आगरा में तीन, प्रतापगढ़, रामपुर, लखीमपुर, शाहजहांपुर और पीलीभीत में कुल पांच लोगों की मौत हो गई।

तापमान तोड़ रहा पुराने रिकॉर्ड

लखनऊ में गुरुवार 30 मई को गर्मी ने 29 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इससे पहले 31 मई 1995 को अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। साल अब तक राजस्थान का फलोदी सबसे गर्म इलाका रहा। 50 डिग्री सेल्सियस के अधिक तापमान दर्ज किया गया।

# पंजाब की 13 सीटों के लिए आज होगा मतदान

**वोट डालें**

**▶▶ 2.14 करोड़ मतदाता 24,451 केंद्रों पर डालेंगे वोट, पोलिंग स्टेशनों पर लगाई जाएंगी छबील**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: पंजाब** की सभी 13 लोकसभा सीटों और चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर 1 जून को मतदान होना है। इसके लिए मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होगा। पंजाब के दो करोड़ 14 लाख 61 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर छबील लगाई जाएंगी। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में बताया कि राज्य में कुल दो करोड़ 14 लाख 61 हजार 741 वोटर हैं, जिनमें एक करोड़ 12 लाख 86 हजार 727 पुरुष, एक करोड़ एक लाख 74 हजार 241 महिलाएं, 773 ट्रांसजेंडर, एक लाख 58 हजार 718 पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) और 1614 एनआरआई (प्रवासी भारतीय) वोटर शामिल हैं। राज्य में पहली बार अपनी वोट के अधिकार का प्रयोग करने वाले वोटरों की गिनती पांच लाख 38 हजार 715 और 85 साल और इससे अधिक आयु के वोटरों की गिनती एक लाख 89 हजार 855 है। उन्होंने कहा कि राज्य में 24 हजार 451 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिनमें से 5694 पोलिंग स्टेशन संवेदनशील (क्रिटीकल) घोषित किये गए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें 1076 मॉडल पोलिंग स्टेशन, महिलाओं के संचालित 165 गुलाबी बूथ, 115 ग्रीन बूथ, नौजवानों के प्रबंधित 99 बूथ और दिव्यांग व्यक्तियों के प्रबंधित 101 बूथ शामिल हैं। सिबिन सी ने बताया कि 85 साल से अधिक उम्र के 9239 वोटरों और 4530 दिव्यांग वोटरों को मिलाकर कुल 13,769 वोटरों से घर से वोट की सुविधा सम्बन्धी सहमति प्राप्त हुई थी, जिनमें से 85 साल से अधिक उम्र के 8640 और 4203 दिव्यांग वोटरों समेत कुल 12, 843 वोटरों ने 30 मई तक अपनी वोट डाले हैं।

सिबिन सी ने बताया कि राज्य के कुल दो लाख 60 हजार कर्मचारी चुनाव ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं।

# चुनाव लड़ने से पहले ही भाग रहे कांग्रेस नेता: डॉ यादव



**तंज कसा**

**▶▶ कार्यकर्ताओं और जनता का उत्साह देखकर निश्चित ही मोदी के नेतृत्व में बहुमत से सरकार बन रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** लोकसभा चुनाव के लिए 06 चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। सातवें और आखिरी चरण में शनिवार, 01 जून को वोटिंग होगी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री डा मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेश भाजपा मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दो दल हैं। कांग्रेस ने लगातार पतन की स्थिति पकड़ी है। उन्होंने कहा 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यशस्वी उदाहरण है। राहुल गांधी अमेठी सांसद रहे लेकिन ऐसी पटकनी खाई कि वहां से भाग खड़े हुए। 29 में से 27 सीटों पर कांग्रेस लड़ी और कहते है कि हम दमदारी से लड़े। क्या ऐसी दमदारी से लड़े की बराबर की सीट पर भी नहीं लड़ पाए। 48 के तापमान में भी हमने रोड शो किए, कार्यकर्ताओं और जनता का उत्साह देखकर निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुमत से सरकार बन रही है।

**प्रदेश अध्यक्ष ने किया ऐतिहासिक जीत का दावा:** इससे पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए पार्टी प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की मप्र में ऐतिहासिक जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जिस तरह से जनता ने आशीर्वाद दिया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में भी ऐतिहासिक सफलता मिलेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि 29 की 29 सीटें भाजपा मप्र में जीतेगी। वीडी बोले कि 80% बूथों पर इस बार भाजपा बहुमत के साथ जीतेगी।

# केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर रेस्क्यू टीम मुस्तैद




**उपचार**

**▶▶ यात्रा के दौरान अब तक 46,335 श्रद्धालुओं का उपचार हुआ, श्रद्धालुओं का किया रेस्क्यू**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुप्तकाशी:** केदारनाथ धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेस्क्यू टीम के जवान देवदूत साबित हो रहे हैं। यात्रा के दौरान विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का रेस्क्यू कर उन्हें उचित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यात्रा के दौरान अब तक 46,335 श्रद्धालुओं का उपचार किया जा चुका है। सरकार ने यात्रा के दौरान बीमार एवं चोटिल यात्रियों को रेस्क्यू करने और उन्हें उपचार दिलाने के लिए डीडीएमए, यात्रा मैनेजमेंट फोर्स, पीआरडी जवान, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ एवं पुलिस बल लगातार कार्य कर रहे हैं। गुरुवार को मध्य प्रदेश से केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर 69 वर्षीय की उर्मिला देवी के पैर में फ्रैक्चर हो गया। रेस्क्यू टीम ने पहले उन्हें विवेकानंद अस्पताल पहुंचाया। बाद में पैर पर प्लास्टर लगने के बाद उन्हें हेलीपैड तक पहुंचाया। इसी तरह तेलांगाना की यात्री 36 वर्षीय डुंडा लाहरी भीमबली के समीप घोड़े से नीचे गिर गईं। उन्हें डीडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने पहले भीमबली एमआरपी पहुंचाया। बाद में उसे मिठ्ठी पानी, जंगलचट्टी, चीरबासा से गौरीकुण्ड तक विभिन्न पड़ावों की रेस्क्यू टीमों ने सुरक्षित रुद्रप्रयाग रवाना किया। मुख्य अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि यात्रा प्रारंभ होने से अब तक ओपीडी एवं इमरजेंसी के माध्यम से 46,335 श्रद्धालुओं का उपचार किया गया है।

# राम मंदिर में वीआईपी दर्शन के नाम पर नया खेल शुरू

**जांच जारी**

**▶▶ सुगम दर्शन के लिए अब पास को एडिट कर वीआईपी दर्शन कराने का खेल सामने आया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या: राम मंदिर में** वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक नया खेल शुरू हो गया है। राम मंदिर में सुगम दर्शन के लिए राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से पास बनाए जाते हैं ट्रस्ट की ओर से सुगम व विशिष्ट दर्शन पास बनाए जा रहे हैं। इस पास से दर्शन के लिए बाकायदा पालियों का भी निर्धारण किया गया है। निर्धारित पाली में ही दर्शन मिलता है। अब पास को एडिट कर वीआईपी दर्शन कराने का खेल सामने आया है।

इससे पहले भी राममंदिर में पैसे लेकर वीआईपी दर्शन कराने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस ने इस मामले में कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

# हिमाचल में अगले छह दिन बरसेंगे बादल, चलेगा अंधड़

**बारिश होगी**

**▶▶ छह दिन तक राज्य के ज्यादातर इलाकों में बारिश होगी। अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात भी हो सकती है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला: भीषण** गर्मी की मार झेल रहे पहाड़ी राज्य हिमाचल में आसमान से राहत बरसेगी। राज्य में अगला करीब एक हफ्ता बादलों के बरसने से लोगों को भयंकर गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। प्रदेश में पहली जून यानी शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे अगले छह दिन तक राज्य के ज्यादातर इलाकों में बारिश होगी। इस दौरान अधिक ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्का हिमपात भी हो सकती है। मौसम विभाग ने आगामी छह जून तक राज्य के कई इलाकों में आंधी-तूफान और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक पहली जून को समूचे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा और मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में बारिश और ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात होगा।

# हिरासत में भेजे गए नाबालिग आरोपी के पिता और दादा



**शिकंजा**

**▶▶ 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर इलाके में जब लग्जरी कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मारी थी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शुक्रवार को पुणे की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को पोर्श मामले में शामिल नाबालिग के पिता और दादा को उनके चालक के अपहरण और गलत तरीके से बंधक बनाने में उनकी भूमिका के लिए 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर इलाके में जब लग्जरी कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मारी थी। तब चालक किशोर के साथ पोर्श में था। इस दुर्घटना में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हो गई थी। कार चालक रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल का बेटा है। आरोप था कि रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल और उनके पिता ने अपने ड्राइवर को दुर्घटना का दोष अपने ऊपर लेने की धमकी दी। यही नहीं उसका अपहरण भी कर लिया। उसे अवैध रूप से अपने घर में बंधक बनाकर रखा।

ड्राइवर की पत्नी ने उसे वडगांव शेरी इलाके में आरोपी के बंगले के सर्वेंट क्वार्टर से मुक्त कराया। इसके बाद दोनों विशाल अग्रवाल और उसके पिता को पुलिस रिमांड में भेजा गया था। पिता-पुत्र की जोड़ी की पुलिस रिमांड की समाप्ति पर न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे की अदालत में पेश किया गया। अदालत में अभियोजन पक्ष ने पुलिस रिमांड बढ़ाने की मांग की। उन्होंने दलील दी कि मामले की जांच जारी है।

# विस्तारा की फ्लाइट में बम की मिली धमकी

**श्रीनगर:** नई दिल्ली से आ रही विस्तारा की फ्लाइट यूके 611 को निशाना बनाकर बम की धमकी की कॉल आने पर श्रीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। यह घटना तब हुई जब एयर ट्रैफिक कंट्रोल श्रीनगर को धमकी भरी कॉल मिली, जिसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने तुरंत कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सीआईएसएफ ने तुरंत विमान को खाली कराया और विमान और उसके आसपास की गहन तलाशी ली।

# तंबाकू निषेध दिवस: तंबाकू कंपनियों की क्रिकेट पर नजर



**अध्ययन**

**▶▶ विज्ञापनों में से 41 फीसदी धुआं रहित तंबाकू यानी पान मसाले और गुटके से संबंधित हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** क्रिकेट की आड़ में तंबाकू कंपनियों का कारोबार काफी तेजी से बढ़ रहा है। क्रिकेट मैच के दौरान दिखाए जाने वाले विज्ञापनों में से 41 फीसदी धुआं रहित तंबाकू यानी पान मसाले और गुटके से संबंधित हैं। यह जानकारी भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के नोएडा स्थित राष्ट्रीय कैंसर निवारण एवं अनुसंधान संस्थान के अध्ययन में सामने आई है, जिसे बीएमजे मेडिकल जर्नल में प्रकाशित किया गया है। हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर सामने आए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने साल 2023 में भारत की मेजबानी में हुए क्रिकेट विश्वकप का विश्लेषण किया है, जिसमें दिखाए गए सभी विज्ञापनों में से 41.3 फीसदी गुटका के थे। इनमें से 80% उन मैचों में दिखाए गए, जिनमें दक्षिण एशियाई देशों खासतौर पर भारतीय टीम मैदान पर थी। यह विश्लेषण कुल 17 लाइव मैचों के दौरान करीब 126 घंटे की स्ट्रीमिंग पर किया गया, जिसमें एक मैच औसतन सात घंटे 47 मिनट तक चला। 17 मैच में प्रसारित 1,206 में से 498 विज्ञापन तंबाकू उत्पादों से संबंधित पाए गए।

**सख्त नियम, फिर भी प्रचार:** शोधकर्ताओं के अनुसार, भारत में करीब 20 करोड़ लोग पान मसाले और गुटके की लत के शिकार हैं। धुआं रहित तंबाकू से सालाना होने वाली मौतों में 80 फीसदी इनकी वजह से होती हैं। इतना ही नहीं, अपने कारोबार को बढ़ावा देने के लिए तंबाकू निमार्ता कंपनियां सालाना 3,700 करोड़ पान मसाले और गुटके के प्रचार पर खर्च कर रही हैं। यह स्थिति तब है जब भारत का सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 (सीओटीपीए) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तंबाकू विज्ञापन, प्रचार और प्रयोजन (टीएपीएस) को प्रतिबंधित करता है।

# असम के नौ जिलों में बाढ़ का कहर



**लोग प्रभावित**

**▶▶ दो लाख से अधिक लोग प्रभावित, कई क्षेत्रों में जनजीवन पूरी तरह से ठप, छह मौत**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी:** चक्रवात रेमल के कारण असम में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। बाढ़ के कारण नौ जिलों के दो लाख से अधिक लोग प्रभावित है। मंगलवार से अब तक करीब छह लोगों की मौत हो गई है। राज्य का 3238.8 हेक्टेयर फसल क्षेत्र जलमग्न हो गया है। जबकि, 2,34,535 पशु प्रभावित हुए हैं। कई जगहों में ब्रह्मपुत्र और बराक नदियों के साथ-साथ उनकी सहायक नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। रेमल के कारण नागांव, करीमगंज, हैलाकांडी, पश्चिम कार्बी आंगलोंग, कछार, होजई, गोलाघाट, कार्बी आंगलिंग और दीमा हसाओ जिले बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। मेघालय के लुम्स्लम क्षेत्र में भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-6 का 20 मीटर हिस्सा बह गया है। इस वजह से कछार, करीमगंज और हैलाकांडी जिलों का राज्य के अन्य हिस्सों और पूर्वोत्तर क्षेत्र से सड़क संपर्क टूट गया है। कई वाहन फंसे हुए हैं। बाढ़ से सबसे ज्यादा 1,12,246 लोग कछार में प्रभावित हैं। वहीं, करीमगंज में 37,000, होजाई में 22,058 और हैलाकांडी में 14,308 लोग प्रभावित हैं। जानकारी के अनुसार, 35,640 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। उन्होंने 110 राहत शिविरों में शरण ले रखी है। शरणार्थियों में सबसे अधिक 19,646 लोग होजाई में और कछार में 12,110, हैलाकांडी में 2060 और करीमगंज में 1,613 लोग प्रभावित है। बराक घाटी और दीमा हसाओ के कुल चार जिलों में जनजीवन ठप्प हो गया है। गुरुवार को अन्य प्रभावित जिलों से रुक-रुक कर बारिश और आंधी की खबरें आई हैं।

**रैंकिंग** आयोग द्वारा अप्रैल माह में सोशल मीडिया के प्रदर्शन के आधार पर जारी रैंकिंग में राजस्थान और झारखंड ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है

# लोकसभा चुनाव: सोशल मीडिया पर मतदाता जागरुकता में राजस्थान देश में अव्वल



**उपलब्धि**

**▶▶ सीईओ राजस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रीजनल कंटेंट को मोटिवेशनल स्लोग्नस के साथ पोस्ट किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सोशल मीडिया रैंकिंग में राजस्थान ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। आयोग द्वारा देशभर में सोशल मीडिया (एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब) पर मतदाता जागरुकता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर यह रैंकिंग जारी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दी है। गुप्ता ने बताया कि आयोग द्वारा अप्रैल माह में सोशल मीडिया के प्रदर्शन के आधार पर जारी रैंकिंग में राजस्थान और झारखंड ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। सीईओ राजस्थान के एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट्स पर अप्रैल में माह में करीब 11 लाख इम्प्रेशन मिले हैं। सबसे अधिक 6.83 लाख इम्प्रेशन एक्स पर मिले हैं। इस दौरान एक्स पर पोस्टिंग 240 फीसदी तक बढ़ाई गई। इम्प्रेशन भी 188 फीसदी बढ़ गए। एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट्स पर 66,700 से अधिक फॉलोवर थे और अप्रैल में इनकी संख्या 3,400 बढ़ गई।

**मोटिवेशनल स्लोगन के साथ रीजनल कंटेंट:** लोकसभा आम चुनाव के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई गई। सीईओ राजस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रीजनल कंटेंट को मोटिवेशनल स्लोग्नस के साथ पोस्ट किया गया। मतदान प्रक्रिया सहित सभी अन्य आवश्यक जानकारी को मतदाताओं तक पहुंचाया गया। राज्य में मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विशेष मीम सीरीज भी चलाई गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए विशेष एसओपी बनाकर जिला स्तर तक भेजी गई। साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए हैशटैग के साथ पोस्ट किए गए। इसमें सी-विजिल, वीएचए, केवाईसी, सक्षम, सुविधा एप और मतदान के लिए निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज, मतदान दिवस एवं समय सहित अन्य जागरुकता गतिविधियों से जुड़ी पोस्ट्स की गई।

**क्रिएटिव डिजाइन सहित 2,500 पोस्ट:** गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया हैंडल्स की 500 से अधिक पोस्ट को राजस्थान के हैंडल्स पर पुनः प्रभावी तरीके से रीपोस्ट किया गया। निर्वाचन विभाग के सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर अप्रैल माह में दोनों चरणों के मतदान के दौरान करीब 500 क्रिएटिव डिजाइन सहित लगभग 2,500 पोस्ट की गईं।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान सीईओ राजस्थान के हैंडल पर पोस्ट किए गए कई क्रिएटिव डिजाइन, ग्राफिक और फोटोग्राफ्स को भारत निर्वाचन आयोग के हैंडल्स ने भी रिपोस्ट किया।